हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल
**हिटमैन रोहित शर्मा के आरोपों पर स्टार स्पोर्ट्स का पलटवार**




देश
**दादा और पार्टी की इज्जत के लिए भारत लौट आओ, चाचा कुमार स्वामी की भतीजे...**

मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • बुधवार • 22 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 161 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74, 510 | ₹94,600 |



## आज का इतिहास

- 1936 : भारत के पहले स्टेडियम ब्रेबोर्न स्टेडियम का बॉम्बे में शिलान्यास।
- 1987 : भारत के मेरठ में हाशिमपूरा नरसंहार हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### 23 मई तक कर सकते हैं राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के आवेदन में सुधार

**नई दिल्ली (नि. सं.)।** यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा के लिए आवेदन किए उम्मीदवारों के लिए अपडेट। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) के जून 2024 सत्र में सम्मिलित होने के लिए पंजीकरण किए उम्मीदवारों के सबमिट किए गए यूजीसी नेट जून 2024 आवेदन में सुधार हेतु करेक्शन विंडो ओपेन कर दी है। एजेंसी द्वारा आज यानी मंगलवार, 21 मई से ओपेन की गई अप्लीकेशन करेक्शन विंडो के माध्यम से कैंडिडेट्स 23 मई की रात 11.59 बजे तक सुधार कर सकेंगे।

### 25 मई से शुरू हो जाएगा कृषि नक्षत्र रोहिणी

**पटना (नि. सं.)।** खरीफ फसल के लिए रोहिणी नक्षत्र 25 मई से शुरू हो जाएगा। छह जून तक रोहिणी नक्षत्र के दौरान खेतों में धान का बिचड़ा डालने के लिए उत्तम समय रहेगा। धान के अगात प्रभेद का चयन कर उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि विभाग से गुणवत्तापूर्ण प्रभेद की जानकारी किसान ले सकते हैं। किसान समय पर धान के नए और गुणवत्तपूर्ण प्रभेद के चयन और फसल प्रबंधन पर ध्यान दें तो वे ज्यादा उत्पादन कर सकते हैं। इसके साथ ही किसानों को बीज की खरीदारी हमेशा प्रमाणित एजेंसी से ही करनी चाहिए।

### हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज फिर होगी सुनवाई

**रांची (नि. सं.)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं पायी। इस कारण इस मामले की सुनवाई फिर से बुधवार को होगी। इससे पहले 17 जून को हुई सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत से जवाब दाखिल करने का समय मांगा था। इसके बाद ईडी ने सर्वोच्च न्यायलय में 20 मई को अपना जवाब दाखिल कर दिया। गौरतलब है कि प्रर्वतन निदेशालय ने 31 जनवरी की रात पूर्व सीएम को जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था।

### व्यवसायियों के लिये सरकार से सामाजिक सुरक्षा कोष बनाने का सुझाव

**नई दिल्ली (ए.)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं ग्लोबल वैश्य फेडरेशन के अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने करदाता व्यवसायियों के लिये सामाजिक सुरक्षा की मांग करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजा है। श्री गोयल ने यहां व्यापारियों और चार्टर्ड एकाउंटेंट, डॉक्टर, वकील, वास्तुकार आदि के साथ बैठक में व्यापारी समुदाय के लिये सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। उन्होंने छोटे मझोले करदाता व्यवसायियों के लिये सामाजिक सुरक्षा योजना बनाने की का सुझाव दिया ।

पटना पहुंची केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा

# बिहार की अर्थव्यवस्था को जंगलराज ने पहुंचाया भारी नुकसान : सीतारमण


- जंगल राज की वजह से प्रति व्यक्ति आय 33 फीसदी गिरा था

**निज संवाददाता | पटना**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बिहार में जंगलराज के कारण न सिर्फ राज्य की कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हुई, बल्कि बिहार आर्थिक रूप से भी पिछड़ गया था। जंगलराज के कारण बिहार की प्रति व्यक्ति आय 21282 रुपये से घटकर 14209 रुपये हो गयी। बिहार को इससे बाहर निकालने के लिए एनडीए सरकार को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि जब जंगलराज का दौर आया तो प्रति व्यक्ति आय उड़ीसा से भी अधिक थी। 1991 में उड़ीसा की प्रति व्यक्ति आय 20591 रुपए और बिहार की 21282 रुपए थी। जंगल राज आने के बाद बिहार में 33 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि उड़ीसा में 31 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री बीजेपी मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

वित्त मंत्री ने बताया कि 2002 में बिहार में काम होकर 14209 तक पहुंच गया। 2002 के बाद 2019 में प्रति व्यक्ति आय 37 हजार से ज्यादा लाया गया। निर्मला सीतारमण ने कहा कि यदि 1991 से विकास दर पांच फीसदी की दर से भी गणना की जाये तो अभी बिहार की प्रति व्यक्ति आय आज 90 हजार से अधिक होती। सीतारमण ने कहा कि वित्त आयोग की अनुशंसा पर बिहार को वर्ष 2004 से 2014 के बीच 2.04 लाख करोड़ मिली थी, जबकि 2014 से 2024 के बीच यह राशि बढ़कर 7.04 लाख करोड़ हो गयी है। यानी मोदी सरकार के ने साढ़े तीन गुना अधिक राशि दी गयी है। वहीं, यदि बात ग्रांटस की करें तो यूपीए सरकार के दस साल की अवधि में बिहार को 75 हजार करोड़ दी गयी थी जो मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में बढ़कर 2.80 लाख करोड़ हो गयी है।वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सोची समझी नीति के कारण बिहार को पिछड़ा रखा गया है। कांग्रेस की फ्रेट इक्वलाइजेशन पॉलिसी के कारण बिहार से बढ़ा पलायन और उद्योग धंधे विकसित नहीं हो सके। दरअसल बिहार में प्रचूर मात्रा में खनिज होने का लाभ इस नीति के नहीं मिला। खनिज की कीमत जो खनन स्थल पर थी, वहीं दूसरे विकसित राज्यों में भी।

वित्त मंत्री ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि इंडी गठबंधन वाले मुसलमानों को पूरा आरक्षण देने की बात करते हैं जबकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। कर्नाटक में मुस्लिम वर्ग को एससी, एसटी, ओबीसी का काट कर आरक्षण दिया गया। जबकि,प्रधानमंत्री मोदी का मूलमंत्र सबका विकास है। सीतारमण ने कहा कि आज हम 2047 के विकसित भारत को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, इसमें पूर्वोत्तर के राज्य इंजन बनेंगे। उन्होने जोर देकर कहा कि एनडीए की सरकार में सम्मान और विकास दोनों की बात की जाती है। मौके पर असम के मंगलादोई के सांसद दिलीप साकिया, राष्ट्रीय महामंत्री ऋतुराज सिन्हा और महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर आदि उपस्थित थे।



### विशेष राज्य का दर्जा नीतिगत मामला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बिहार को भरपूर विशेष सहायता दी जा रही है। वर्ष 2015 में बिहार के लिए एक पैकेज घोषणा की गई थी और 1.25 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया था। इस पैकेज की राशि सभी क्षेत्रों के लिए दी गयी है। जहां तक विशेष राज्य के दर्जा की बात है तो यह एक नीतिगत मामला है।

### बिना भेदभाव के बिहार को सब कुछ दिया

बिहार को केंद्र सरकार ने बिना भेदभाव के सब कुछ दिया है। पूर्व के राज्यों को विकास का इंजन बनाना चाहती है। द्रौपदी मुर्मू, रामनाथ कोविंद और एपीजे कलाम को बीजेपी ने सम्मान देने का काम किया। 60% लोग नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में ओबीसी समाज से आने वाले हैं। बिहार के 116000 स्ट्रीट वेंडर को स्वनिधि योजना से लाभान्वित किया। कांग्रेस ने भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न भी नहीं दिया। नॉन कांग्रेस गवर्नमेंट ने यह काम किया। वहीं बिहार को विशेष दर्जा देने में क्या अड़चन है इस पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वयं ही जवाब दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि विशेष दर्जा के लिए केंद्रीय वित्त आयोग की रिपोर्ट में रिकमेंडेशन आना चाहिए तभी इसके बारे में आगे विमर्श किया जा सकता है।

# एकीकरण के लिए एक संयुक्त संस्कृति विकसित करें तीनों सेना : जनरल चौहान

**एजेंसी | नयी दिल्ली**

तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने और उनके एकीकरण के लिए चल रही कवायद के बीच प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने तीनों सेनाओं से एक संयुक्त संस्कृति बनाने का आह्वान किया है।

जनरल चौहान ने मंगलवार को यहां 22वें मेजर जनरल समीर सिन्हा मेमोरियल लेक्चर में 'ज्वाइंटमैनशिपः द वे अहेड' विषय पर बोलते हुए सशस्त्र बलों में संयुक्त संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया और इसे आगे बढ़ने का रास्ता करार दिया। उन्होंने कहा कि पहला चरण सेनाओं के बीच बेहतर सौहार्द और आम सहमति के बारे में था और चूंकि अब कोई बड़ा मतभेद नहीं नजर आ रहा है इसलिए अब सेनाओं को दूसरे चरण की ओर बढना है। तीनों सेनाओं की अपनी विशिष्ट संस्कृति को स्वीकार करते हुए सीडीएस ने सेनाओं में चौथी संस्कृति बनाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त संस्कृति हालांकि सेना विशिष्ट संस्कृति से भिन्न है, फिर भी प्रत्येक सेवा की विशिष्टता का सम्मान करने की आवश्यकता है। हमें प्रत्येक सेना का सर्वश्रेष्ठ हासिल करने में सक्षम होना चाहिए, और सबसे कम सामान्य हिस्से के लिए समझौता करने के बजाय उच्चतम सामान्य कारक को शामिल करना चाहिए। सीडीएस ने कहा कि थिएटर कमान अंतिम स्थिति नहीं बल्कि सुधारों के अगले सेट की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड से सिंगल से मल्टी डोमेन ऑपरेशंस, पारंपरिक डोमेन में फ्यूजिंग स्पेस और साइबर स्पेस, युद्धक्षेत्र की जानकारी और विजुअलाइजेशन का डिजिटलीकरण, नेट सेंट्रिक से डेटा सेंट्रिक जैसे कई सुधारों को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार को जरूरी बताते हुए सीडीएस ने कहा, दुनिया भर के राष्ट्र नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, और विश्व व्यवस्था में मौजूदा बदलाव राष्ट्रों को अपनी सुरक्षा रणनीतियों की समीक्षा करने के लिए मजबूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का तेज और बेलगाम प्रसार भविष्य में युद्ध लड़ने के तौर तरीके को बदल रहा है।



## पीएम ने आदिवासियों व मजदूरों का किया अपमान : चंपाई सोरेन



**जमशेदपुर (नि.सं.)।** झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने बिष्टुपुर गोपाल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कोई काम नहीं किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने झारखंड के आदिवासियों और मजदूरों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी संविधान बदलना चाहती है। वे मंगलवार को इंडी गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में चुनावी सभा कर रहे थे। झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने जो भी वादे किए थे, सब जुमला निकले। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद भाजपा निजीकरण, ठेकेदारी प्रथा और आउटसोर्सिंग को बढ़ावा दे रही है। यदि भाजपा की जीत हुई तो किसी को अस्थायी नौकरी नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने चुनावी सभा में कहा कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है। लोकतंत्र खत्म कर पूरे देश में तानाशाही राज चलाना चाहती है। लोकतंत्र को बचाने के लिए पूर्वजों ने लड़ाई लड़ी है। केजरीवाल जैसे ईमानदार नेता को बेवजह गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्रीय एजेंसियां इनके इशारे पर काम कर रही हैं। जमशेदपुर के बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित चुनावी रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता के साथ शामिल हुए। भाषण की शुरुआत में जब चंपाई सोरेन ने अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी को संबोधित किया, तो उपनाम को लेकर उनकी जुबान में फिसल गयी। अरविंद केजरीवाल के उपनाम में भी उनकी जुबान फिसली। उनकी पत्नी का नाम लिया तो सुनीता चौधरी कह डाला।

# मनीष सिसोदिया को फिर बड़ा झटका, दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया तो दिल्ली हाई कोर्ट से फिर बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका की अर्जी को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया की फिलहाल शराब नीति मामले में सिसोदिया को जमानत नहीं मिलेगी। बता दें, सिसोदिया ने सीबीआई और ईडी की ओर से जांच किए जा रहे मामलों में जमानत मांगी थी। कोर्ट ने कहा कि इसकी संभावना है कि सिसोदिया जांच को प्रभावित कर सकते हैं ऐसे सूरत में जमानत मंजूर नहीं की जा सकती है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दी है। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि सिसोदिया दिल्ली सरकार के सत्ता गलियारों में बहुत शक्तिशाली और प्रभावशाली व्यक्ति हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि मनीष सिसोदिया इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य सहित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने में शामिल थे। ऐसे में वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं। गौरतलब है कि यह आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की ओर से दायर की गई दूसरी जमानत याचिका थी। सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद 26 फरवरी 2023 से सिसोदिया हिरासत में हैं। इसके बाद उन्हें 9 मार्च 2023 को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था।



## व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला होगा प्रारंभ

**पटना (नि.सं.)।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा माह जुलाई, 2022 से प्रत्येक माह एक वैज्ञानिक व्याख्यान-सह-परस्पर संवादात्मक श्रृंखला प्रारंभ किया गया है, जिसमें विषय वस्तु के विशेषज्ञ का व्याख्यान होता है। इस श्रृंखला की 23वी कड़ी में दिनांक 22 मई, 2024 को अपराह्न 12:05 बजे से डॉ. डी.के शुक्ला, अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा 'जैव विविधता और पर्यावरण प्रदूषण का नियंत्रण और शमन - बिहार में दायरा और अवसर' विषय पर ऑनलाइन / वर्चुवल माध्यम से अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में ऑफलाईन/ऑनलाईन भाग लिया जा सकता है।

# कई जिलों में प्रसव पूर्व जांच लक्ष्य से ज्यादा

**निज संवाददाता | पटना**

राज्य में मातृ व शिशु मृत्यु दर कम करने के साथ सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसव पूर्व जांच पर जोर है। राज्य में प्रथम तिमाही के दौरान एएनसी जांच में 85 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित है। कई जिले लक्ष्य के करीब पहुंच चुके हैं। वहीं पूर्णिया और अररिया जिला इस लक्ष्य से आगे निकल चुका है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पूर्णिया ने लक्षित गर्भवतियों से ज्यादा 112 प्रतिशत तो अररिया ने 105 प्रतिशत गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की है। एम्स पटना की एडिशनल प्रोफेसर डॉ. इंदिरा प्रसाद ने बताया कि प्रसव पूर्व जांच से न सिर्फ सुरक्षित प्रसव संभव है, बल्कि स्वस्थ नवजात के लिए भी यह जांच आवश्यक है। पूरे गर्भकाल के दौरान कम से कम चार बार प्रसव पूर्व जांच आवश्यक है।

लक्ष्य के अनुरूप और उससे अधिक प्रसव पूर्व जांच में आरोग्य दिवस सत्रों का निर्बाध संचालन और उसकी बेहतरीन मॉनिटरिंग काफी मददगार है। वहीं सत्रों पर मौजूद सुविधाओं से प्राथमिक जांच सुनिश्चित हो पायी। इसके अलावा टेली कंसल्टेशन की सुविधा ने भी गर्भवतियों का ध्यान एएनसी की तरफ खींचा है। आरोग्य दिवस सत्र पर होने वाले एएनसी में गर्भवती महिलाओं की बीपी, शुगर और वजन के अलावा अन्य प्रकार की जांच के बाद हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) के केस को बेहतर उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा जाता है या टेली कंस्लटेशन द्वारा उचित सलाह दी जाती है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 5 के अनुसार वैसी गर्भवती महिलाएं जिन्होंने प्रथम तिमाही में अपना प्रसव पूर्व जांच कराया है, उनका प्रतिशत 52.9 है।

# पांच जिलों में जोरदार बारिश, औरंगाबाद रहा सबसे गर्म

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में मौसम विभाग ने प्रदेश के 19 जिलों में बारिश और तेज हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, मंगलवार की सुबह आरा, जमुई, जहानाबाद, नवादा, नालंदा और बक्सर में बारिश हुई है। पटना में भी मौसम सुहाना है। सुबह बादल छाए रहे। विभाग की माने पूरे दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। जिसके कारण से मेघगर्जन और वज्रपात के साथ हल्की से मध्य स्तर की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तेज आंधी चल सकती है। गर्मी से लोगो को 25 मई के बाद से और राहत मिलने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ बारिश या गरज के साथ बूंदाबादी होने की संभावना है। इसके अलावा गोपालगंज, सीवान, सारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज। सोमवार को सबसे अधिक बारिश अररिया के फारबिसगंज में 80 और किशनगंज के चरघरिया में 72.4 एमएम हुई। वहीं पूर्णिया में 11, भागलपुर में 1, बांका में 2.8, सुपौल में 7.2, मधुबनी में 3.3, सीतामढ़ी में 0.5, कटिहार में 6, पश्चिमी चंपारण में 15.3, पूर्वी चंपारण में 10.9, मुजफ्फरपुर में 2, समस्तीपुर में 1.6, और गोपालगंज जिला में 1.7 मिलीमीटर बारिश हुई।





# स्कूल संचालक के बेटे ने की मिहिर की हत्या

## गया में ट्रैक के किनारे बरामद हुआ था शव, SSP बोले- बच्चों को बेरहमी से पीटता था

निज संवाददाता। गया

गया में 8 मई को बस से स्कूल गए 5वीं क्लास के छात्र मिहिर (12) की हत्या मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस का दावा है कि मिहिर की हत्या स्कूल के संचालक रविश कुमार के बेटे हर्ष कुमार (24) ने की है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। हर्ष ने मिहिर की हत्या की बात भी कबूल ली है। मिहिर की हत्या के बाद उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने वाले अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। इस पूरे मामले की जानकारी SSP आशीष भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

**मिहिर के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने के सबूत भी मिले:** SSP ने बताया कि हर्ष की गिरफ्तारी FSL रिपोर्ट, फिंगर प्रिंट रिपोर्ट और डॉग स्क्वायड की टीम से मिले तथ्यों के आधार पर की गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी मिहिर की बेहरमी से पिटाई किए जाने की बात सामने आई है। मिहिर के साथ बेरहमी से मारपीट किए जाने के सबूत भी मिले हैं।

**शरीर पर कई जगह मिले थे गहरे चोट के निशान:** हर्ष ने मिहिर के साथ



मारपीट की थी, जिसकी वजह से उसका सिर और बाएं गाल बुरी तरह से चोटिल हो गया था। शरीर पर भी कई जगह गहरे चोट के निशान मिले थे। इससे वह अधमरा हो गया था। इसके बाद हर्ष ने शव को स्कूल से 5 किलोमीटर दूर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। वहीं, इससे पहले भी स्कूल में कई बच्चों के साथ मारपीट की गई है।

**बाइक और एक कार में मिले खून के धब्बे:** SSP ने बताया कि इस मामले में कुछ और बेसिक तकनीकी जांच की जा रही है। एक बाइक और एक कार में मिले खून के धब्बे के सैंपल की मैचिंग की जांच चल रही है। कुछ सामान भी बरामद हुए हैं। इसका खुलासा आगे की जांच के बाद




की जाएगी। उन्होंने बताया कि एडिशनल SP अनवर जावेद के नेतृत्व में SIT काम कर रही है। जांच दल में वजीरगंज SDPO और वजीरगंज पुलिस की टीम जुटी है। बीते 12 दिनों की जांच-पड़ताल के बाद टीम ने पूरे तथ्य के साथ हत्या का खुलासा करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**स्कूल में सुरक्षा मानकों की हर जगह अनदेखी की गई:** SSP ने कहा कि स्कूल सुरक्षा मानक के अनुसार कहीं से भी खरा नहीं उतरता है। सुरक्षा मानकों की हर जगह अनदेखी की गई है। इस वजह से हमारी ओर से शिक्षा विभाग के हायर अथॉरिटी को लेटर लिखा गया। उन्होंने बताया कि स्कूल संचालक का बेटा स्कूल में बच्चों को न केवल पढ़ाता था बल्कि केयर टेकर भी था। लेकिन, जब एसएसपी से यह पूछा गया कि क्या स्कूल संचालक के बेटा के पास टीचिंग की डिग्री है तो उन्होंने बताया कि इसकी भी जांच कराई जाएगी।


**स्कूल में अक्सर बच्चों से होती थी मारपीट:** SIT की टीम में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि मिहिर का शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ था। इसके कारण 5 डॉक्टरों से अलग-अलग राय ली गई। इस बीच पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट भी आ गई। रिपोर्ट में मारपीट से सिर के अलग-अलग हिस्सों में चोट लगने और जख्मी होने की बात सामने आई है। स्कूल का पुराना CCTV फुटेज देखा गया तो उसमें अक्सर बच्चों के साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई। वहीं, जांच के दौरान पुलिस को हर बार स्कूल के अंदर के परिसर का फर्श धुला हुआ और गीला मिलता था। यह बात भी पुलिस को थोड़ी खटक रही थी। इसपर भी पुलिस नजर बनाए हुए थी। ऐसा खून के धब्बे को मिटाने के लिए किया जा रहा था।

# बुद्ध जयंती समारोह में हजारों की संख्या में आएंगे विदेशी

निज संवाददाता। गया

गया में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा है। इस मौके पर भगवान बुद्ध जयंती मनाई जाएगी। जयंती तीन दिवसीय समारोह के तहत मनाई जाएगी। समारोह पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में मनाया जाएगा। समारोह में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में जिला पुलिस जुटी है। बुद्ध जयंती के मौके पर हजारों की संख्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। महाबोधि मन्दिर परिसर के बाहर बोधगया परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात किए जा रहे हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला पुलिस और अर्ध सैनिक बल को दी गई है। महाबोधि मंदिर परिसर से 3 किलोमीटर दूर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। तीन किलोमीटर के दायरे में 200 जवान और अधिकारी तैनात रहेंगे। इस बात की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी है।

**सड़क मार्ग का रूट डायवर्ट किया जाएगा:** समारोह का उद्घाटन



राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। 23 मई को सुबह से लेकर देर शाम तक कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल के अलावा विभिन्न क्षेत्र की बड़ी हस्तियों व वीआईपी के आने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली है। एसएसपी ने बताया कि बुद्ध जयंती समारोह के मौके पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर बोधगया के अंदर और बाहरी सड़क मार्ग का रूट डायवर्ट किया जाएगा। इसके लिए यातायात पुलिस की ओर से रूट प्लान भी तैयार किया जा रहा है। जो कार्यक्रम के समापन तक प्रभावी रहेगा। ट्रैफीक रूट प्लान 22 से प्रभावी रहेगा।

# विवाहिता की हत्या,ससुरालवाले घर छोड़कर फरार, रस्सी से गला घोंटा, निशान मिटाने के लिए पाउडर लगाया

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में मंगलवार को संदिग्ध हालत में विवाहिता का शव बरामद हुआ है। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया हैं। वहीं, ससुरालवाले घर छोड़ फरार है। मामला बेन थाना क्षेत्र के धरनी धाम गांव का है। मृतका की पहचान धरनी धाम गांव निवासी चुन्नू कुमार (23) की पत्नी काजल कुमारी (20) के रूप में की गई है। काजल की नानी ने बताया कि उसके पति का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध था, जिसका वह विरोध करती थी। इसीलिए उसकी हत्या कर दी गई। बेन थाना अध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि पिछले महीने ही काजल की शादी हुई थी। सुबह सूचना मिली कि काजल की हत्या कर दी गई है।

**रस्सी से गला घोंटकर की गई हत्या:** परिजनों का कहना है कि ससुरालवालों ने काजल की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगाने के लिए गांव



के ही एक ड्राइवर को कहा। ड्राइवर ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और उसी ने हम लोगों को हत्या की सूचना दी। गले पर जख्म के निशान मिटाने के लिए पाउडर का इस्तेमाल किया गया, ताकि हत्या को कोई और रूप दिया जा सके।

**मृतका ने नानी से कहा था- पति उसे जान से मार देगा:** मृतका की नानी ने बताया कि उनकी नातिन ने सोमवार की शाम फोन कर बताया था कि उसका पति उसे प्रताड़ित करता है। साथ ही मारपीट भी करता है। वह फोन पर कह रही थी कि उसका पति उसे जान से मार देगा। मंगलवार की सुबह एक संबंधी से पता चला कि काजल की हत्या कर दी गई है और ससुरालवाले शव को ठिकाने लगाने के प्रयास में हैं।

**पिछले महीने ही हुई थी शादी:** दरअसल पिछले महीने 21 अप्रैल को ही परवलपुर थाना क्षेत्र के बदौनी गांव निवासी सोनी राम ने अपनी बेटी काजल की शादी बेन

♦ पति के अवैध संबंध का करती थी विरोध

थाना क्षेत्र के धरनी धाम गांव निवासी चुन्नू कुमार से की थी। परिजनों का आरोप है कि चुन्नू किसी लड़की से बात किया करता था, जिसका विरोध काजल अक्सर करती थी। इसको लेकर चुन्नू और उसका परिवार काजल को प्रताड़ित करता था।

**मामले की जांच में पुलिस:** इस मामले में बेन थाना अध्यक्ष विकेश कुमार ने बताया कि पिछले महीने ही काजल की शादी हुई थी। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा चल रहा था। सुबह ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिली कि काजल की हत्या कर दी गई है। इसके बाद पुलिस गांव पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। ससुरालवाले घर छोड़ फरार है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पानी के लिए घर में घुसकर गर्दन में मारी गोली

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में रविवार की देर शाम घर में घुसकर एक व्यक्ति की गोली मार हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक गोलापुर निवासी विनोद प्रसाद (58) के बेटे रौशन कुमार ने दीपनगर थाने चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में जिक्र किया है मेरे पड़ोस में सोनू साव घर बना रहे। मेरे पिता ने उसे बोरिंग का पानी दिया तो पड़ोसी डोमन यादव ने उनकी गोली मार हत्या कर दी। जिस जमीन पर सोनू घर बना रहे वह जमीन डोमन लेना चाहता था। इसलिए सोनू को पानी देना डोमन को पसंद नहीं आया और उसने वारदात को अंजाम दिया। प्राथमिकी में कहा है कि डोमन ने सुबह में गाली-गलौज की थी और धमकी भी दी थी कि आज तुम्हें



दुनिया से उठा देंगे।

**गर्दन में लगी थी गोली:** रौशन रविवार की शाम अपने चाचा और पिता के साथ दालान के पास बैठा हुआ था। इसी बीच डोमन यादव, भीषम यादव, अरुण यादव, मिथिलेश यादव वहां पहुंचे। अरुण यादव ने अपने कमर से पिस्तौल निकाल कर डोमन यादव को दिया। डोमन यादव ने रौशन के पिता पर गोली चला दी। गोली गर्दन में लगी। वह खून से लथपथ होकर वहीं गिर पड़े। गोली चलने की आवाज पर गांव के लोग पहुंचे। इसी बीच

बेटा बोला- दुनिया से उठा लेने की दी थी धमकी

दीपनगर की गश्ती गाड़ी पहुंची और उसके पिता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश मौके से फरार हो गए।

**सभी आरोपित घर छोड़कर फरार हैं:** दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में जुट गई है। सभी अभियुक्त गांव छोड़ फरार हैं। पानी देने के विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना हुई थी।

# गांव में फायरिंग करने वाले को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की हिलसा पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को हथियार-कारतूस के साथ पकड़ा है। पकड़ा गया बदमाश हिलसा थाना क्षेत्र के भट्ट बीघा निवासी स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद का पुत्र राजदेव प्रसाद है। हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को सोमवार की शाम सूचना मिली कि भट्ट विगहा गांव में दो व्यक्तियों ने फायरिंग की। सूचना के सत्यापन पर प्रशिक्षु दारोगा तरुण कुमार और दीपक कुमार को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सशस्त्र बलों के साथ भट्ट बीघा गांव भेजा गया। जहां से राजदेव प्रसाद को एक लोडेड कट्टा और एक कारतूस के साथ पकड़ा गया। इस




मामले में हिलसा थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। चार दिन पूर्व भट्ट बीघा गांव में दो पक्षों में मामूली बात लेकर मारपीट की घटना हुई थी। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई थी। जिसमें राजदेव प्रसाद भी अभियुक्त था। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु दारोगा तरुण कुमार, दीपक कुमार, सिपाही पिंटू कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार और निशा कुमारी मौजूद रहे। अन्य की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस छापेमारी में जुटी हुई है।

# बस स्टैंड भवन हुआ जर्जर, एक कमरे में सिमटा दफ्तर

## ईमारत का आधा हिस्सा टूटा, यात्रियों के लिए न शेड और न ही पेयजल की व्यवस्था

निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ का सरकारी बस स्टैंड का भवन काफी जर्जर हो चुका है। भवन का आधा हिस्सा टूट चुका है। जो बचा है वो कब गिर जाएगा, कहना मुश्किल है। यात्रियों के लिए एक शेड की भी व्यवस्था नहीं की गई है। एक-दो शौचालय है पर उसमें हमेशा ताला लगा रहता है। यात्रियों के लिए पेयजल की भी व्यवस्था नहीं है। लोगों को बोतल वाले पानी पर निर्भर रहना पड़ता है। 70 के दशक में यह बस स्टैंड उत्तरी बिहार की यात्रा करने वाले लोगों के लिए विशेष था। उस वक्त गांधी सेतु पुल का निर्माण नहीं हुआ था। यात्री इसी बस स्टैंड से बस पर बैठते थे और मोकामा के रास्ते गंगा के उस पार जा पाते थे। बस स्टैंड को जक्शन का दर्जा दिया गया था। यहां से नालंदा के विभिन्न प्रखंडों के लिए बसें खुलती थीं। शेखपुरा, नवादा, जमुई, लखीसराय, जहानाबाद, गया, मुंगेर, पटना, तिलैया, हजारीबाग, रांची, टाटा, धनबाद और कोलकाता आदि शहरों के लिए कई बसें चलती थीं। 1972 में गांधी सेतु पुल के निर्माण के बाद इस स्टैंड का महत्व घटता गया।

**अनदेखी के कारण भवन जर्जर होता गया:** सरकारी उपेक्षा और अनदेखी के कारण बस स्टैंड की विशालकाय इमारत जर्जर होती गई। 90 के दशक में राज्य परिवहन विभाग की हालत खस्ती हुई तो कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़ गए। बीते समय के साथ अधिकांश बसें बंद हो गईं। वर्तमान स्थिति



ऐसी कि बस स्टैंड के जर्जर भवन में जाने से लोग डरते हैं। लोगों को हादसे की आशंका रहती है।

**सरकारी कर्मी के नाम पर एक डिपो सुपरिटेंडेंट:** फिलहाल बस स्टैंड में सरकारी कर्मी के नाम पर एक डिपो सुपरिटेंडेंट हैं। आउट सोर्स से 10 ड्राइवर और इतने ही कंडक्टर काम करते हैं। डीपो की अपनी 6 बसें हैं। इसके अलावा पीपीपी मोड पर 28 बसें विभिन्न रूटों पर चलती हैं। डिपो सुपरिटेंडेंट अरुण कुमार कहते हैं कि भवन की स्थिति ठीक नहीं है। एक कमरे में ऑफिस सिमट गया है। बसों की मॉनिटरिंग और ऑफिस के काम के लिए सात-आठ कर्मियों की जरूरत है। शौचालय, पानी और बिजली का इंतजाम है। पहले हर माह 10 बसों के चलने से डीपो की आमदनी अच्छी होती थी।

**बंद हो गई दिल्ली को जाने वाली बस:** तीन साल पहले बिहारशरीफ से दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू की गई थी। शुरुआत में कुछ दिन ठीक-ठाक रहा। लेकिन, यात्रियों की किल्लत के कारण दिल्ली के लिए खुलने वाली बस को बंद कर दिया गया। अब बिहारशरीफ से खुलने वाली बस को पटना से दिल्ली के बीच चलाया जा रहा। यात्री मनोरंजन कुमार, संजय कुमार, संतोष प्रसाद कहते हैं कि बस स्टैंड में सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। एक शौचालय है पर ताला लगा रहता है। पेयजल का कोई इंतजाम नहीं है। यात्री शेड नहीं रहने के कारण हर मौसम में फजीहत उठानी पड़ती है।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना फाइलों में गुम:** सरकारी बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की योजना स्मार्ट सिटी से बनाई गई थी। लेकिन, दो साल से अधिक का समय निकल गया, अब भी योजना फाइलों में धूल फांक रही है। स्मार्ट सिटी के सीईओ विनोद कुमार ने बताया कि परिवहन विभाग से जीर्णोद्धार को लेकर समन्वय स्थापित नहीं हो सका। इस वजह से योजना भी धरातल पर नहीं उतरी।

## संक्षिप्त समाचार

### संग्रहालय दिवस के अवसर पर संभाषण एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**गया।** जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित एवं संग्रहत संग्रहालय में संग्रहालय सप्ताह का आयोजन के तीसरा दिन संभाषण व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य शमशीर खान, रंगकर्मी शम्भू सुमन ,संग्रहालय अध्यक्ष अरविंद महाजन शामिल हुए। रंगकर्मी शम्भू सुमन ने विषय प्रवेश करते हुए गया जी के विरासतों से भरा पूरा इतिहास पर चर्चा किया उन्होंने बताया कि कल का गिरजा मैदान जो आज का गांधी मैदान है ।लेडिस एंगल हॉस्पिटल जेल प्रेस के बारे में विस्तार से चर्चा किया।अक्षयवट गो प्रचार वेदी का पुराना इतिहास है। अरविन्द महाजन ने प्रतिभागियों के अपेक्षा को लिखा। इस आयोजन मे 100से अधिक बच्चो ने भाग लिया। रश्मि कुमारी रावत ने कहा ने कहा की हमारा गया जी धरोहरों से भरा पड़ा है विष्णु पद और विष्णु पद की आसपास की वेदिया , विष्णु पद के अंदर की धूप घड़ी , विष्णु पद के निर्माण में लगे कसौटी पत्थर, यह सब अपने आप में धरोहर है। हमे इनकी हिफाजतकरनी चहिए,इनकी देखरेख करनी चाहिए ,ताकि यह धरोहर को बरसों बरसों तक हम लोगगर्व कर सके।मुस्कान कुमारी रावत ने गया शहर बा आसपास के धरोहर पर विस्तार राम जी सीता मां और लक्ष्मण की बन गवन की समय बिताए गए गया के विशिष्ट धरोहर जिसमें सीता कुंड रामशिला एवं अक्षय वट के बारे में विस्तार से चर्चा किया और बताया कि प्रभु राम भी गया में बन गवन के क्रम में कई स्थानों पर पूजा अर्चना के लिये समय दिए हैं और उन्होंने अपने पितरों का पिंडदान किया इसके साथ कई पुराने में भी वर्णित है।उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को गया जी के अंदर विभिन्न ऐतिहासिक धरोहर, कलाकृतिया आदि के बारे में ऐतिहासिक जानकारी दी.

### पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी धराया

**गया।** महिला थाना में रविवार को पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किये जाने की शिकायत दर्ज करायी गई। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महिला थाने की पुलिस ने एक घंटे के भीतर आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चाकंद थाना क्षेत्र के गनु बिगहा का रहने वाला है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि महिला थाना में दर्ज कांड को काफी गंभीरता से लिया गया और महिला थानाध्यक्ष को इसमें संलिप्त अपराधी को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया।

### बुद्ध जयंती पर बोधगया में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**गया।** 23 मई को होने वाले बुद्ध जयंती के अवसर पर बोधगया में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। इसको लेकर भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों व बलों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि बुद्ध जयंती पर बोधगया में कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसमें बड़ी संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु शामिल होते हैं। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर गया पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारियों और बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले महानुभावों और अतिथियों के आगमन को लेकर सुरक्षा एवं यातायात की विशेष व्यवस्था की जा रही है।

### आर्चरी में मदर प्राईड स्कूल की छात्रा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गया।** शहर के चाणक्यपुरी कॉलोनी स्थित मदर प्राईड स्कूल के कक्षा 3 बी की छात्रा छोटी कुमारी ने मगध आर्चरी क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक साइकिल, मेडल एवं सर्टिफिकेट प्राप्त किया। जानकारी हो कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन रविवार को रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी के बैनर तले किया गया था। विद्यालय की छात्रा छोटी कुमारी द्वारा इस पुरस्कार को हासिल किए जाने से विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। विद्यालय के निदेशक विनीत कुमार ने सफल छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### नए सत्र में नामांकित बच्चों का किया गया स्वागत

**वजीरगंज।** शिक्षा विभाग द्वारा वर्ग-1 में नामांकित बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रारंभिक विद्यालय के शिक्षकों विशेष चहक प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि नव नामांकित बच्चों को गतिविधि और मनोरंजन युक्त शिक्षा प्रदान की जा सकें। इसी कड़ी में मध्य विद्यालय, दखिनगांव में सोमवार को नए सत्र में नामांकित बच्चों का विद्यालय परिवार के तरफ से चंदन तिलक लगाकर एवं फूल देकर स्वागत किया गया। ताकि बच्चों का मनोबल और उत्साह बना रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार ने बताया कि नामांकन अभियान के तहत घर-घर जाकर शिक्षा सेवकों द्वारा बच्चों को उत्साहित किया जा रहा है। साथ ही जो बच्चे स्कूल आते हैं। उनका स्वागत किया जाता है। इससे बच्चे काफी खुश दिखते हैं और प्रत्येक दिन स्कूल आने के लिए उत्साहित रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान जून महीने तक चलेगा। विद्यालय परिवार के सभी सहयोगी शिक्षक एवं शिक्षा सेवकों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर अभिभावक से मिलकर बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया जा रहा है। ताकि अधिक संख्या में बच्चों का नामांकन विद्यालय में हो सके। मौके पर चहक प्रशिक्षित शिक्षिका सुनीता पांडेय सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

### शुभकामना हार्ट हॉस्पिटल में मरीज को लगाया पेस मेकर

**गया।** गया के शुभकामना हार्ट हॉस्पिटल में मरीज का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर के पेस मेकर लगाया गया। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अमन सिन्हाने कहा कि गया में द साइटस इनवरसस, (सीसी)टीजीए जैसे रेयर केस में इस तरह के अनूठे केस का सफलतापूर्वक पेस मेकर लगाना अपने आप में बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि 27 वर्षीय महिला को बेहोशी की हालत में अस्पताल में लाया गया था। उसका हृदय बाएं ओर की जगह दांयीं ओर था। सामान्यतः ऐसे मरीजों का ऑपरेशन दिल्ली या वेल्लौर जैसे बड़ी जगहों पर ही संभव है। लेकिन, महिला मरीज के परिजनों ने आग्रह किया कि गरीबी के कारण वहां तक जाना मुश्किल है एवं मरीज की हालत भी गंभीर थी।उनका नेचुरल पेस मेकर खराब हो गया, क्योंकि हार्ट असामान्य जगह पर था जो करोड़ में किसी एक व्यक्ति को होता है।मरीज के परिजनों के आग्रह पर डॉ. अमन सिन्हा ने महिला मरीज का ऑपरेशन कर ड्यूल चैम्बर पेस मेकर लगाया। हालांकि यह अपने आप में बेहद जटिल सर्जरी थी। लेकिन, चिकित्सकों की मेहनत के कारण मरीज को नया जीवनदान मिला और अब वह डिस्चार्ज होकर अपनी दिनचर्या में व्यस्त है।

### कराटे चैंपियनशिप में ज्ञान भारती बोधगया रहा अव्वल

**गया।** गया में संपन्न हुई गया इंटर स्कूल कराटे चैंपियन और टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ज्ञान भारती आवासीय परिसर, बोधगया ने चैंपियनशिप जीतकर ट्रॉफी पर कब्जा किया है। विद्यालय के कक्षा सात के छात्र सूरज कुमार, ईशान कुमार और शशिरंजन कक्षा षष्टम के छात्रों ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं दूसरी ओर गोविंद शर्मा और शुभम राज ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। दूसरी ओर टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अभिराज ने ट्राफी पर कब्जा जमाया। वहीं शशि कुमार ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य राजीव कुमार ने कहा कि ज्ञान भारती आवासीय परिसर, बोधगया का प्रबंधन शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के व्यक्तित्व के विकास के लिए खेलकूद की तरफ भी विशेष ध्यान रखता है। यही कारण है कि विद्यालय के छात्र स्कूल का परचम जिला, राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर लहरा रहे हैं। विद्यालय के निदेशक रोमित कुमार ने सफल प्रतिभागियों को इस सफलता के लिए बधाई दी।

# बिहार लोक शिकायत अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपील की हुई सुनवाई

निज संवाददाता



**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी नवादा ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत् द्वितीय अपील की सुनवाई की। आज द्वितीय अपील के तहत 02 परिवादी उपस्थित हुए जिसमें से 01 मामले का ऑन स्पॉट निवारण कर दिया गया। द्वितीय अपीलवाद प्रखंड-हिसुआ, अनुमंडल-नवादा, ग्राम-तिलैया के रामप्रवेश सिंह, पिता-स्व. चन्द्रप्रकाश महतो के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था। आज द्वितीय अपील की सुनवाई की गयी। प्रश्नगत मामले की सुनवाई अपीलार्थी एवं लोक प्राधिकार के समक्ष की गई। जिसमें किये गए शिकायत का निवारण कर दिया गया। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम 2015 के तहत किसी भी मामले को दो माह के अन्दर सुनवाई कर निवारण कर दी जाती है। प्रखंडों/पंचायतों से संबंधित विवाद/समस्या को अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय, नवादा सदर/रजौली में कोई भी व्यक्ति अपील कर सकते हैं। जबकि जिला स्तरीय समस्याओं एवं परिवादों के निवारण कराने के लिए जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा का कार्यालय समाहरणालय के मुख्य प्रवेश द्वार के दाहिने तरफ लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम भवन में संचालित है। विवादों के सुनवाई और निवारण में दोनों पक्षों को बुलाकर की जाती है। इसके लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं ली जाती है। शिकायत दर्ज करने एवं निवारण की निःशुल्क व्यवस्था कार्यालय में की गयी है। आदेश से असंतुष्ट होने पर निःशुल्क अपील दायर की जा सकती है। शिकायत का निवारण अब और आसान हो गया है। अब ऑनलाईन भी शिकायत/अपील की जा सकती है। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज कराएं और निश्चित समाधान पाएं।

## शादी में हर्ष फायरिंग करने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, शस्त्र बरामद

निज संवाददाता

**नवादा।** शादी समारोह में हर्ष फायरिंग का विडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्शन में आई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के पास से अवैध एक नाली बंदूक और 13 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बताया जाता है कि 20 मई को गोविंदपुर थाना की पुलिस को सूचना मिली कि एक शादी समारोह में एक व्यक्ति द्वारा हर्ष फायरिंग की गई है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा के निर्देशानुसार गोविंदपुर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने हर्ष फाइर करने वाले व्यक्ति राम जन्म यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से अवैध एक नाली बंदूक एवं 13 जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी गोविंदपुर थाना क्षेत्र के भलुआ गांव के रामजन्म यादव बताए जाते हैं। एसपी ने जिले के लोगों से अपील की है कि हर्ष फायरिंग करना दंडनीय अपराध है, इसका भागीदारी न बनें।



## चुनाव के पूर्व किये वादे को निभाया, दवा विक्रेता संघ को मिला 2 डिसमिल जमीन



निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने मंगलवार को चुनाव के पूर्व किये गए वादे पर खरा उतरते हुए दवा विक्रेता संघ को दो डिसमिल जमीन दान में दी गई। इस दौरान दवा विक्रेता संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष दिनेश कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, सचिव व्यास प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद एवं संगठन सचिव राजीव कुमार मौजूद रहे। दवा विक्रेता संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत चुनाव के पूर्व मुख्य पार्षद मानती देवी के पुत्र प्रमोद सिंह द्वारा चुनाव जीतने के पूर्व वादा किया था कि जिस वादे को पूरा किया गया है। साथ ही कहा कि दान दिए जाने वाला जमीन नगर पंचायत क्षेत्र के पार बाध में है। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि द्वारा किये गए वादे को पूरा किये जाने पर सभी दवा विक्रेताओं में खुशी का माहौल है। इस बाबत पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने कहा कि मंगलवार को दवा विक्रेता संघ को दो डिसमिल जमीन दान किया गया है। वहीं बुधवार को विश्वकर्मा समाज के लोगों को भी दो डिसमिल जमीन दान दिया जाना है। साथ ही कहा कि माहुरी समाज के लोगों से भी जल्द जमीन की रजिस्ट्री करवा लेने की बात कही जा रही है। वहीं मुख्य पार्षद ने कहा कि आनेवाले दिनों में जल्द ही माहुरी समाज को भी जमीन दिया जाएगा। इस दौरान केशर प्रसाद उर्फ प्रकाश लाल, बाल्मीकि कुमार, लालो यादव, अरुण प्रसाद सिंह एवं अमरेश कुमार मौजूद रहे।

## बुद्धा ट्रॉमा सेंटर का शुभारंभ

- **डॉक्टर विकास को चिकित्सा सेवा के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए और मरीज के साथ मानवीय मूल्य पर आधारित चिकित्सा कार्य करने का सुझाव दिया। डॉक्टर शोभा कुमारी सहित कई अन्य चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी।**



निज संवाददाता

**नवादा।** किसी भी क्षेत्र में काम कर रहे चिकित्सकों को गरीबों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। यह हम सबों का कर्तव्य है और यही हमारा मानवीय धर्म भी है। डॉक्टरों की सेवा अतुलनीय होती है। एक मरीज का इलाज करने के दौरान डॉक्टर अपनी प्रतिभा और मानवीय संवेदनाओं से भरा सेवा भाव समर्पित करता है। यह अस्पताल बहुत जल्द ही जिले वासियों की जरूरत के अनुरूप खराब उतरेगा। उक्त बातें रविवार को नगर के पोस्टमार्टम रोड में बुद्धा ट्रॉमा सेंटर का भव्य शुभारंभ के दौरान देश के जाने-माने सर्जन और नेशनल मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सहजानंद प्रसाद सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि बुद्धा ट्रॉमा सेंटर अपनी न्यूनतम संसाधनों में जिले वासियों को बेहतर सेवा प्रदान करने जा रहा है। इन्होंने बुद्धा ट्रॉमा सेंटर के ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉ. विकास कुमार वैभव की प्रशंसा की और कहा कि डॉ. विकास मेहनतकश और मरीजों के साथ आत्मीयता का भाव रखने वाले चिकित्सक हैं। जिले वासियों को उनकी सेवा लेनी चाहिए। उन्होंने डॉक्टर विकास को चिकित्सा सेवा के कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए और मरीज के साथ मानवीय मूल्य पर आधारित चिकित्सा कार्य करने का सुझाव दिया। बुद्धा ट्रॉमा सेंटर के मुख्य चिकित्सा ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉक्टर विकास कुमार वैभव ने कहा कि इनके अतिरिक्त केंद्र में पीएमसीएच के चिकित्सक डॉक्टर चंद्रशेखर शर्मा और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शोभा कुमारी सहित कई अन्य चिकित्सकों की सेवाएं भी उपलब्ध रहेगी। बीटीसी के शुभारंभ के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार के अलावा कई जाने-माने समाजसेवी मौजूद रहे। जिले के जाने-माने फिजिशियन डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. मनोज कुमार बरनवाल, डॉक्टर पिंकी बरनवाल, स्थानीय वार्ड पार्षद संजय चौधरी सहित जिले के कई गणमान्य चिकित्सक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांपुर्वक याद किये गए पूर्व पीएम राजीव

निज संवाददाता

**वारिसलीगंज (नवादा)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री सह देश में सूचना क्रांति के जनक स्व राजीव गाँधी की 34 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांपुर्वक याद किये गए। प्रखंड के इंटर विद्यालय चकवाय में उनके पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संजय कुमार ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा की वे अमेठी से लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बने और 31 अक्टूबर 1984 को अंगरक्षकों द्वारा प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की हत्या किए जाने के बाद भारत के प्रधानमन्त्री बने और अगले आम चुनावों में सबसे अधिक बहुमत पाकर प्रधानमन्त्री बने रहे। राजीव गांधी ने 1985 में मुंबई में एआईसीसी के पूर्ण सत्र में 'संदेश यात्रा' की घोषणा की थी। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल ने इसे पूरे देश में चलाया था। प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) और पार्टी के नेताओं ने मुंबई, कश्मीर, कन्याकुमारी और पूर्वोत्तर से एक साथ चार यात्राएं कीं। तीन महीने से अधिक समय तक चली यह यात्रा दिल्ली के रामलीला मैदान में संपन्न हुई थी राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33% रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया। मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया। वे एक कर्मठ और दूर दृष्टि रखने वाले राजनेता थे। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का सपना की नींव डाली थी डिजिटल क्षेत्र में देश का विकास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 21 मई 91 को सवा दस बजे रात्रि में तमिलनाडु के श्री पेरंबुदुर में एक मानव बम ने इनकी हत्या कर दी। वे भारत के सबसे युवा पीएम बने थे। चंद्रशेखर की सरकार में इन्हे सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न मरनोपरान्त दिया गया था। श्रद्धांजलि सभा में छात्र एवं छात्राओं ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया मौके पर शिक्षक रामेश्वर इचागुतू, अखिलेश कुमार विनोद कुमार, विकाश कुमार, अंजेश कुमार, मोनू, मृत्युंजय ठाकुर एवं छात्र राजा, आलोक, धर्मराज, आदित्य छात्रा सोनाक्षी, नंदिनी, काजल, गुड़िया, सोनम आदि मौजूद थे।

**प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेव प्राधिकरण लातेहार का कार्यालय**

झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार द्वारा आयोजि विशेष लोक अदालत मोटरयान दुर्घटना (MACT Case) वादों का निष्पादन

स्थान : **व्यवहार न्यायालय लातेहार**

**दिनांक:08.06.2024 समय 8:00 बजे पूर्वाह्न**

झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार द्वारा दिनांक 3 जून से 7 जून तक सुबह 8:00 बजे से समझौतापूर्व बैठक तथा 8 जून पूर्वाहन 8:00 बजे से कार्य समाप्ति तक व्यवहार न्यायालय लातेहार में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मोटरयान दुर्घटना (MACT Case) से संबंधित वादों का निष्पादन किया जाएगा।

**हेल्पलाइन नंबर 8987736366**

हस्ताक्षर
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, लातेहार

PR.NO.324993 Law(24-25):D

## सर्प दंश से युवती की मौत

**वारिसलीगंज (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के अपसढ़ गांव में सांप काटने से एक युवती की मौत हो गई है। मौत की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जहां मृतक की पहचान रामचंद्र पंडित की 20 साल की बेटी कंचन कुमारी के रूप में की गई है। मृतक के स्वजनों ने बताया कि मंगलवार की सुबह 4 बजे जब लड़की सोई थी। इस दौरान सोए अवस्था में एक सांप ने पैर में काट लिया। इसके बाद परिवार के लोगों ने झाड़ फूंक करवाने के लिए ले गए। फिर लड़की का झाड़फूंक किया गया। इसी तरह झाड़फूंक में लड़की की तबीयत बिगड़ने लगी गई। फिर दूसरा स्थान पर ओझागुनी के पास ले गया। वहां पर भी झाड़ा गया, लेकिन लड़की की तबीयत में सुधार नहीं हुआ। अंत में परिवार के लोगों ने गाड़ी करके सरकारी अस्पताल शेखपूरा ले गए। दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया इसके बाद परिवार के लोगों ने तुरंत वहां से लड़की को लेकर वारसलीगंज के अस्पताल पहुंच गए। जहां वारसलीगंज के अस्पताल में भी डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया।

## 60 लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार, बाईक जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं)।** थाना क्षेत्र के फरका बुजुर्ग पंचायत के हाथोचक से उत्पाद एसआई पिन्टू कुमार एवं एसआई सन्नी कुमार ने एक शराब धंधेबाज को 60 लीटर देशी महुआ शराब लदे एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया। वहीं 22 शराब पीने वाले लोगों को हिरासत में लिया गया है। एसआई पिन्टू कुमार ने कहा कि शराब मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से छापेमारी की जा रही है। साथ ही कहा कि गश्त के दौरान हाथोचक गांव के समीप से एक ग्लैमर बाइक पर लदे कुल 60 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया है। वहीं एक शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान मांगोडीह गंगटिया गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र विकास यादव के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज से पूछताछ के बाद बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही कहा कि झारखण्ड की ओर से शराब पीकर बिहार प्रवेश करने वाले 22 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिसे मंगलवार को न्यायलय में प्रस्तुत किया गया है। वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(मतपत्र/डाक मतपत्र–सह–डमी मतपत्र कोषांग)
(लोक सभा आम निर्वाचन–2024)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**आम सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार **Absentee Voters ( Senior Citizens(+85), Persons with Disability, Persons who is employed in Essential services and COVID 19 Suspect or Affected persons certified by competent authority) के साथ ही निर्वाचन कर्त्तव्य पर नियुक्त किये गये मतदान कर्मी, पुलिस कर्मी, ड्राइवर, कन्डक्टर एवं क्लीनर भी** डाक मतपत्र से मत डालने हेतु अधिकृत हैं। **प्राप्त निदेश के आलोक में 35–काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित उपर्युक्त मतदाताओं के डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु निम्नांकित व्यवस्था की गयी है–**

1- Absentee Voters (Senior Citizens(+85), Persons with Disability and COVID 19 Suspect or Affected persons certified by competent authority) के डाक मतपत्र से उनके निवास स्थान पर ही मतदान कराने हेतु कुल ऐसे मतदाताओं से प्राप्त आवेदन के आलोक में कुल 32 मतदान दल का गठन किया गया है। ये मतदान दल संबंधित मतदाताओं के निवास स्थान पर प्रथम विजिट दिनांक 23.05.2024 को करेंगे तथा यदि मतदाता उस दिन उपस्थित नहीं रहेंगे तो दूसरा विजिट दिनांक 24.05.2024 को करेंगे। दूसरे विजिट पर भी यदि मतदाता अनुपस्थित रहेंगे तो उन्हें डाक मतपत्र की सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जायेगी। मतदान दल के विजिट की सूचना संबंधित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ. द्वारा मतदाता को पूर्व में दी जायेगी।

2- Absentee Voters (Persons who is employed in Essential services) के डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु समाहरणालय, औरंगाबाद में उर्दू कोषांग के समीप एक PVC की स्थापना कर उसमें मतदान दल का गठन किया गया है। ऐसे मतदाता दिनांक 26.05.2024 से 27.05.2024 तक कार्यालय अवधि में इस PVC पर मतदान कर सकेंगे।

3. निर्वाचन कर्त्तव्य पर नियुक्त किये गये मतदान कर्मी, सेक्टर पदाधिकारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उनके द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान उनके प्रशिक्षण केन्द्र पर ही उपलब्ध कराने हेतु फैसिलिटेश सेन्टर की स्थापना कर उसमें मतदान दल की नियुक्ति की गयी है। ऐसे कर्मी इन फैसिलिटेशन केन्द्रों पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। स्थापित फैसिलिटेशन केन्द्र एवं उनपर मतदान की अवधि निम्नानुसार हैं–

| क्र.सं. | फैसिलिटेशन केन्द्र | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | अम्बिका पब्लिक स्कूल, कर्मा रोड, औरंगाबाद | 22.05.2024 |
| 2. | बी.एल.इण्डो पब्लिक स्कूल, कर्मा रोड, औरंगाबाद | 22.05.2024 |
| 3. | सरस्वती विद्या मन्दिर, सूर्य मन्दिर रोड, औरंगाबाद | 22.05.2024 |
| 4. | समाहरणालय, औरंगाबाद(माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए) | 22.05.2024 |
| 5. | समाहरणालय, औरंगाबाद(सेक्टर पदाधिकारी के लिए) | 24.05.2024 |

6. पुलिस कर्मी, ड्राइवर, कन्डक्टर एवं क्लीनर को डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु भी समाहरणलय, औरंगाबाद में एक फैसिलिटेशन केन्द्र की स्थापना की गयी है। इस केन्द्र पर ऐसे कर्मी दिनांक 25.05.2024 से 27.05.2024 तक मतदान कर सकेंगे।

7. अन्य जिले के कर्मियों(गया, जहानाबाद, नालन्दा, पटना, भोजपुर, बक्सर, अरवल, कैमूर एवं रोहतास) को डाक मतपत्र से मतदान कराने हेतु भी समाहरणलय, औरंगाबाद में एक अतिरिक्त फैसिलिटेशन केन्द्र की स्थापना की गयी है। इस केन्द्र पर ऐसे कर्मी दिनांक 24.05.2024 से 25.05.2024 तक मतदान कर सकेंगे।

35–काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थी उपर वर्णित स्थलों पर मतदान के दौरान स्वयं या अपने किसी प्रतिनिधि को प्राधिकृत कर उपस्थित रह सकते हैं।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिला पदाधिकारी,औरंगाबाद**

PR- 000857 (Election) 2024-25

**लोकसभा आम निर्वाचन 2024– मतदान महात्योहार, बिहार है तैयार**

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases
*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: **Anil Kumar r/o Ward no. – 27, Buxar, P.O.- Buxar, Block-Buxar, Dist.: Buxar, Bihar: 802101**

Name of political party: **Bahujan Samaj Party**
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: **GENERAL ELECTION, 2024**

*Name of Constituency: **33 - Buxar**

I, **Anil Kumar**, a candidate for the abovementioned election, declares for public information the following details about my criminal antecedents:

A. Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shri Gulam Rasul 1st class, Patna | FIR no- 169 of 2016. Gandhi Maidan Police station, Patna (Bihar) dt: 03.02.2023 | Charges framed | 205, 240, 467, 468,471/34 IPC False document in bail bond |
| 2 | Court- Patna CJM | FIR no 253 of 2016, Kotwali Police station, Patna, (Bihar) dt: 18.05.2018 | Charges framed | 406,420,346/341 188 IPC Criminal breach of contract |
| 3 | Court- ACJM Patna City | FIR no- 136 of 2016, Alamganj Police station, Patna, (Bihar) dt: 07.07.2023 | Charges framed | 205, 419, 406, 420, 465, 467, 468, 34 IPC False document in bail bond |
| 4 | FIR no-212 of 2015, Kotwali Police station, Patna, (Bihar) | Court- CJM Patna dt: 07.09.2019 | Charges framed | 406,420 IPC Property Dispute |
| 5 | FIR no- 336 of 2013. Alamganj Police station, city. Patna (Bihar) | Court- ACJM Patna City Dt: 03.04.2023 | Charges framed | 147,447,323,337, 506 IPC Assault |
| 6 | Spl. Case No. 07/2021 E.D. Patna, (Bihar) | Court- Spl. Judge PMLA Act, Patna dt: 19.02.2024 | In ECIR case quashing of proceeding has been filed vide case No. Cr. Misc. No. 86581 of 2023 | 4 PMLA Act Money Laundering |

B. Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s)& punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

मां की प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर किया गया रेफर

# तेज आंधी में गिरा अर्ध निर्मित दीवार पुत्र की मौत, मां घायल



निज संवाददाता

**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के मोहनिया थाना क्षेत्र के सकरौली गांव में आज सुबह आई तेज आंधी में अर्ध निर्मित दीवार गिर गया। जिसकी चपेट में आने से मां और उसका 6 वर्षीय बेटा उसी में दबकर बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के मौजूद ग्रामीणों ने दोनों बाहर निकाला और उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनीया लाया गया। जहां चिकित्सकों को जांच के उपरांत बेटे को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां की प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृत बच्चे का नाम दीपक कुमार का 6 वर्षीय पुत्र सिंधु कुमार और दीपक कुमार की पत्नी पिंकी देवी घायल बताई जा रही है। अनुमंडल अस्पताल मोहनिया के डॉक्टर मधु कांत ने जानकारी देते हुए बताया कि सकरौली गांव से दो मरीज आए हुए थे। एक मां और एक बेटा थे। बेटा मृत अवस्था में था, पर मां का प्राथमिक उपचार करने के बाद हाथ में गंभीर चोट होने के कारण बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया ने बताया कि तेज आंधी में इनका दीवार गिर गया। जिसके नीचे ये लोग दब गए थे। बच्चे की मौत की सूचना मोहनिया थाने को दे दी गई है। महिला को हायर सेंटर में बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। बेटा की उम्र लगभग 6 साल है, उसका नाम सिंधु कुमार और उसकी मां पिंकी देवी बताई जा रही है।

## करंट की चपेट में आने से बिजली कर्मी की मौत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** जिला मुख्यालय स्थित पावर सब स्टेशन में कार्यरत बिजली कर्मी की मौत करंट लगने से हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार को शव के साथ पोस्ट आफिस चौक को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने सभी को समझा कर जाम खत्म कराया। जानकारी के अनुसार पावर सब स्टेशन मदैनी में काम के दौरान कर्मी प्रिंस कुमार गुप्ता को करंट लगा और वह घायल हो गया। इसके बाद सदर अस्पताल में लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक राजपुर प्रखंड के पंचपोखरी गांव निवासी शिव शंकर गुप्ता का बेटा है। वहीं मौत की सूचना के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहां पर फिर विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया तो कोई नहीं पहुंचा। इस बात से नाराज होकर सभी लोग शव को लेकर पोस्ट आफिस चौक पहुंचे और मुआवजा की मांग के साथ चौराहा जाम कर दिया। मृतक प्रिंस कुमार का एक बेटी है। परिवार में कमाने वाला वही एक सदस्य था। सड़क जाम की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम ने विभाग के अधिकारियों को बुलाया। मुआवजे का आश्वासन मिलने के बाद सभी लोग सड़क से हटे। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।

## हाइजीन विषय पर कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता



**जमुहार (रोहतास)।** रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अधीन संचालित प्रबन्धन शिक्षा संकाय के अंतर्गत बी बी ए रूरल मैनेजमेंट और समर्थ गैर सरकारी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में पीरियड्स (मासिक धर्म) के दौरान हाइजीन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन देव मंगल सभागार में आयोजित हुआ। कार्यशाला में पीरियड्स से जुड़े मिथकों और वर्जनाओं को दूर करने और स्वच्छता बनाए रखने के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जहाँ उपस्थित छात्राओं ने अपनी चिंताओं और समस्याओं को व्यक्त किया और विशेषज्ञों से सलाह लिया। कई प्रतिभागियों ने कार्यशाला के लिए आभार व्यक्त किया। यह पहल मासिक धर्म के बारे में चुप्पी तोड़ने और एक स्वस्थ, अधिक जागरूक समाज को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इस कार्यक्रम में गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के 300 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मिसेज निरुपमा सिंह ने समर्थ संस्था के मिसेज सुरभि को पुष्पगुच्छ देकर किया। इस कार्यक्रम में मिसेज संगीता सिंह और विश्वविद्यालय के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई। प्रबन्धन शिक्षा संकाय के डीन इंचार्ज डॉ रजनीश रत्न ने कार्यक्रम का आयोजन कराया। फैकल्टी ऑफ लॉ से डॉ नर्मदा सिंह और प्रज्ञा सिंह, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स से सुश्री चित्रा राव, फैकल्टी ऑफ आईटी से मोनिका रत्नाकर, नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज से डॉ मेघा भदानी-डॉ कल्पना कुमारी और प्रबंधन शिक्षा संकाय से डॉ इंद्रनिल सरकार, खेयालि राय और शौर्य प्रकाश ने कार्यक्रम को संचालित किया।

## शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद विभाग की पुलिस ने भभुआ शहर से एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सरफराज हाशमी के पास से पुलिस ने तीन पीस एट पीएम शराब बरामद किया है। उसके खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर सदर अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि स्टेट बैंक के पास से सरफराज को गिरफ्तार किया गया है।

## फोन छीन कर भाग रहे चोर को महिला ने पकड़ा

निज संवाददाता

**अरवल।** अरवल सदर थाना क्षेत्र के 9 नंबर पुल के पास मंगलवार को भीड़ ने मोबाइल चोर को पकड़ कर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार सिपाह निवासी जूली देवी मोबाइल से बात कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आए तीन लोगों ने पीछे से महिला का मोबाइल छीनने की कोशिश की। इसके बाद महिला ने हौसला दिखाते हुए चोर को पकड़ कर बाइक से गिरा दिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने चोर की पिटाई कर दी। हालांकि बाकी चोर मौके से भागने में सफल रहे। घटना की जानकारी मिलने पर पैंथर मोबाइल की टीम पहुंची। युवक को गिरफ्तार कर थाना लेकर गए। चोर मेहंदिया थाना क्षेत्र के मेहंदिया गांव निवासी स्वर्गीय कृष्णकांत शर्मा का बेटा रोहित कुमार बताया गया। पुलिस का कहना है कि महिला के बयान पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं महिला ने बताया कि सभी लोग मुंह पर गमछा बांधे हुए थे।

## एसएसटी चेक पॉइंट पर वाहन जांच में पुलिस ने 2.98 लाख रुपए किया जब्त

निज संवाददाता



**चांद (कैमूर)।** कैमूर के चांद थाना क्षेत्र में पतेरी में लगे एसएसटी चेक पॉइंट पर वाहन जांच के दौरान 2 लाख 98 हजार रुपए नगद पुलिस ने बरामद किया है। पैसे को लेकर संबंधित वाहन मालिक की ओर से जब किसी प्रकार का कागज नहीं दिखाया गया तो रूपए की जब्ती सूची बनाकर चुनाव आयोग की साइट पर डाल दिया गया। वहीं रूपए के मालिक अरविंद गुप्ता ने बताया कि वह आलू और प्याज का व्यापार करते है। उसी का पैसा लेकर अपने घर चैनपुर थाना क्षेत्र के करवंदिया जा रहे थे। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी को पकड़ लिया है और पैसा को जब्त कर लिया है। भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर आयोग ने पैसे की आवाजाही को लेकर एक लिमिट तय किया है। उससे अधिक पैसा लेकर जाने पर कार्रवाई की जाती है। इस क्रम में टीम ने पैसा को जब्त कर आगे की कार्रवाई की।

## एनसीसी की ट्रेनिंग के लिए छात्र रफीगंज हुए रवाना

**कलेर (जहानाबाद) (नि. सं.)।** +2 उच्च विद्यालय बलिदाद के बच्चे एनसीसी ट्रेनिंग के लिए औरंगाबाद जिला अंतर्गत रफीगंज के लिए रवाना हुए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन उर्फ अनय सिंह ने उनके दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि एनसीसी कैडेट कोर 13 बिहार बटालियन औरंगाबाद के द्वारा समर कैंप आयोजित कर रफीगंज में ट्रेनिंग दिया जाएगा। तथा विद्यालय के 23 एवं 24 सत्र के छात्र एवं छात्राओं मिलकर 23 बच्चों के दल के साथ इस दल को मार्गदर्शन करने हेतु केयरटेकर मोना कुमारी भी उनके साथ गए हैं। इस दौरान एनसीसी से जुड़े छात्रों को गर्म जोशी के साथ विदाई किया गया जिससे बच्चों में खुशी देखी गई।

## लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास के कोचस प्रखंड क्षेत्र के परसथुआ थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर हुए लूटकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों की गिरफ्तारी भोजपुर जिले से की गई है। परसथुआ थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि कांड संख्या 124/24 पिथफोरवा रोड से कैमरा और मोबाइल लूट मामले का उद्भेदन करते हुए दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क पर जाने के दौरान हीं बाइक चला रहे बलवंत कुमार चौधरी ने लूट की प्लानिंग तैयार की थी। उसने अपने दोस्त अजीत चौधरी के सहयोग से एक कैमरामैन को लूट की साजिश रचते हुए पिस्टल के बल पर घटना का अंजाम दिया और कैमरा, मोबाइल लूटकर चंपत हो गए थे। मामले में बलंवत कुमार पिता रामजी चौधरी एवं अजीत कुमार पिता दसरथ चौधरी दोनों ग्राम संभल टोला, थाना पिरो, जिला भोजपुर को अपने घर से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में कैमरामैन ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि कैमरामैन से लूटे गए मोबाइल को बलवंत ने अपने दोस्त अजीत को दे दिया था। अजीत ने अपने नाम से सिम जैसे ही डाला, उसे चिह्नित कर लिया गया। जिसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल करते हुए कहा कि पैसे की लालच में घटना का अंजाम दिया।

## झुलसे युवक एवं महिला लाए गए सदर अस्पताल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** मोहनियां थाना क्षेत्र के मझारी गांव में आग से झुलसे एक युवक व महिला को इलाज के लिए मंगलवार को सदर अस्पताल लाया गया। उन्हें मोहनियां अनुमंडल अस्पताल के डॉक्टर द्वारा यहां के लिए रेफर किया गया था। झुलसे लोगों में मझारी गांव निवासी चंद्रिका राम के पुत्र अरुण कुमार व प्रेमचंद राम की पत्नी लक्ष्मीना देवी शामिल हैं। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि गांव में ही अरुण का एक मित्र फैक्ट्री से केमिकल का खाली डब्बा लाया था। हसुआ को गर्म कर अरुण उस डब्बे के ढक्कन को काट रहा था।

## कार से 15 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद

निज संवाददाता



**घोसी (जहानाबाद)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सूरमा गांव से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। इस सिलसिले में सीडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शर्मा गांव में एक कार के माध्यम से शराब डिलीवरी को लेकर रखा गया है इसके बाद पुलिस पुलिस निरीक्षक ददन प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की और मौके से एक्सयूवी कार समेत शराब को जब्त कर थाना लाई। पुलिस ने कार शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने शर्मा गांव का तस्कर अमरेंद्र कुमार उर्फ गोलू पर प्राथमिक दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन मालिक को अभियुक्त बनाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पता कर रही है यह शराब कहां से आई और किसको डिलीवर करने के लिए रखा गया था। तत्काल पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा है।

## पोस्ट ऑफिस के खाताधारकों से लाखों की ठगी, पोस्टमैन एवं पोस्टमास्टर पर खाताधारकों ने लगाया आरोप

निज संवाददाता

**नवादा।** मेसकौर थाना क्षेत्र की मिर्जापुर पंचायत के लोगों की मेहनत की कमाई ठगी कर ली गयी है। यह ठगी मिर्जापुर पोस्ट ऑफिस में हुई है। लोग जब अपना जमा पैसा पोस्ट ऑफिस में निकालने पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से लाखों रुपये गायब है। लोगों ने इस मामले में प्रशासन से मदद की गुहार लगायी है। मेसकौर प्रखंड के मिर्जापुर पोस्ट ऑफिस से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पोस्ट ऑफिस के खाता धारकों से पोस्टमास्टर एवं पोस्टमैन ने लाखों रुपये उड़ा लिये हैं। इसकी जानकारी होने के बाद खाता धारकों के होश उड़ गये हैं। खाता धारक इस मामले में प्रशासन से मदद और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मिर्जापुर गांव की सपना कुमारी 37000, इंदु देवी 91000, ज्योति कुमारी 7000, रिया कुमारी 7000, पूजा कुमारी 16000, सुमन कुमारी 16000, राधा कुमारी 15000, रिया कुमारी 14000, शोभा कुमारी 14000, ब्यूटी कुमारी 44000, सीता देवी 10000, गणेश प्रसाद दो लाख, दीपक यादव दो लाख, मिथलेश चौधरी डेढ़ लाख रुपये अपने पोस्ट ऑफिस के अकाउंट में जमा किये थे, लेकिन, जब उन्हें पैसे की आवश्यकता हुई, तो उन्होंने देखा कि उनका पैसा खाता से पोस्ट मास्टर अभिषेक रंजन व पोस्टमैन मिलकर निकाल लिये हैं।

खाते में पैसा ही नहीं दिखा रहा है। खाताधारकों का आरोप है कि एक माह से पैसे निकालने रोज पोस्ट ऑफिस आते थे। पोस्टमास्टर व पोस्टमैन की ओर से कल आने के लिए कहा जाता था, तब खाताधारकों ने बैठक कर पोस्ट ऑफिस से अपने-अपने रुपये निकालने के लिए समय तय किया और पोस्टऑफिस से अपना पैसा निकालने गये, तो उन्होंने पाया कि उनके खाते में पैसे नहीं है। ठगी के शिकार लोगों ने बताया कि जब वह पोस्ट ऑफिस में अपना पैसा जमा करने आते थे, तो यहां के पोस्टमास्टर अभिषेक रंजन और पोस्टमैन विजय पासवान के द्वारा पैसा जमा ले लिया जाता था, लेकिन, रिसीविंग नहीं दी जाती थी। खाताधारकों ने बताया कि दोनों बताते थे कि अपने खाते का पासबुक एक दो दिन में मिल जायेगा। पासबुक तो मिल जाता था, लेकिन उसमें हस्ताक्षर फर्जी कर लाभुकों को दे दिया जाता था। कहा जाता था कि पोस्ट ऑफिस की नयी योजनाओं का लाभ आपलोगो को मिलेगा।

लोगों ने इन दोनों के कहने पर हस्ताक्षर भी किया। लोगों को शक है कि उसी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर दोनों ने उनके खाते से पैसे की निकासी कर ली है। ऐसे में लाभुक लोग परेशान हैं कि जीवन भर की गाढ़ी कमाई का क्या होगा? क्या पोस्ट ऑफिस की तरफ से कोई कार्रवाई की जायेगी? जब इस मामले की शिकायत मेसकौर थाने से की गयी, तो थानाध्यक्ष रूपेश कुमार दलबल के साथ पोस्टमास्टर अभिषेक रंजन एवं पोस्टमैन विजय पासवान को थाने उठाकर ले आये और पीड़ित खाताधारकों को थाने में बुलाया। डाक विभाग के इंस्पेक्टर रामाशीष कुमार ने कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने ने कहा कि पूरे मामले में संज्ञान लिया गया है। दोनों पर कार्रवाई करते हुए सस्पेंड करने के लिए वरीय पदाधिकारी को लिखा जायेगा। डाक विभाग के इंस्पेक्टर के आश्वासन एवं लाभुकों के बातचीत के बाद पोस्ट मास्टर एवं पोस्टमैन को थाने से छोड़ा गया। पीड़ितों ने अपनी परेशानी मेसकौर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार से भी साझा की। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा है कि पूरे मामले पर डाक विभाग से बात करेंगे और सभी लोगों की गाढ़ी कमाई को वापस दिलाने का हर संभव प्रयास।

## आंधी-बारिश से छत से गिरकर दो लोगों की हुई मौत

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** रोहतास के कारगहर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह आए आंधी-पानी में नीमडिहरा गांव में 2 लोगों की मौत हो गई। गांव में छत से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि घर के बाहर सो रहे एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृत युवक नीमडिहरा गांव का मंजय कुमार(25) पिता गोपाल सिंह बताया जाता है। जबकि गांव के ही बुजुर्ग रामसिद्धी यादव(70) की भी मौत हो गई। ग्रामीण बताते हैं कि मंजय कुमार अपने छत पर सो रहा था। तभी सुबह अचानक आई आंधी-पानी में वह छत से उठकर भागा। लेकिन हड़बड़ाहट में वह छत से नीचे गिर गया। बताते हैं कि छत पर रेलिंग नहीं होने के कारण घटना घटी। गली में नीचे नाली के पास उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। इससे उसकी मौत हो गई। घर के लोग बाहर आए तो देखा कि वह गिरा पड़ा था। आनन-फानन में उसे डॉक्टर के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना गोपाल सिंह के घर में कोहराम मच गया। बताते हैं कि गोपाल सिंह के दो बेटों में मयंक कुमार छोटा बेटा था, जो ITI करके दिल्ली में जॉब करता था। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था। जबकि दूसरी घटना में बुजुर्ग की मौत हो गई। बताते हैं कि रामसिद्धी यादव(70) घर के बाहर खाट पर सो रहे थे। आंधी-पानी आने पर वो घर के अंदर जाने के लिए हड़बड़ाहट में उठे, लेकिन वहीं गिर गए। घर वाले जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि वो मृत पड़े हैं।

लोगों ने घायलों को पहुंचाया सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर

## अनियंत्रित होकर पोल से टकराया ऑटो पिता और पुत्री गंभीर रूप से घायल

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम नगर थाना क्षेत्र के पुरानी जीटी रोड पर एक आटो अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गया। इसमें आटो सवार पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति कैमूर के पुसौली का महेश प्रसाद केसरी बताया जाता है। वो अपनी बेटी को एसपी जैन कॉलेज से परीक्षा दिलाकर वापस स्टेशन लौट रहे थे। बताते हैं कि आटो में 5 लोग सवार थे, जिसमें आटो के अगली सीट पर बैठे पिता और बेटी को गंभीर चोट लगी है। मौके पर जुटे लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां इनका इलाज चल रहा है। वहीं घटना के बाद ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रामा सेंटर में इलाजरत घायल व्यक्ति महेश केसरी बताया कि वो अपनी बेटी को परीक्षा दिलाकर एसपी जैन कॉलेज से वापस स्टेशन लौट रहे थे। उन्हें ट्रेन पकड़कर वापस पुसौली जाना था। लेकिन रास्ते में ही ऑटो चालक की गलती से दुर्घटना हो गई। जिसमें वो और उनकी बेटी घायल हो गई है। परिजनों को सूचना दी गई है। परिजन पुसौली से सासाराम के लिए रवाना हो गए हैं।

## स्काउट गाइड द्वारा चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

**कुर्था (अरवल) (नि.सं.)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के पिंजरावां पंचायत के मिल्लत उच्च विद्यालय पिंजरावां के छात्र-छात्राओं के साथ बूथ संख्या 209/ 211 पर भारत स्काउट गाइड के बच्चों ने पंचायत क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर खेत-खलिहानों व विभिन्न बस्तियों में जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया किया। लोगों को बिना किसी लालच और प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने जैसे बिंदुओं पर अवगत कराया गया। गाइड के जिला संगठन आयुक्त राजेश कुमार ने बताया कि हमे लोकतांत्रिक देश में मत का प्रयोग एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया के साथ संवैधानिक अधिकार भी है। इसलिए लोगों को मत का प्रयोग कर अपना नैतिक कर्तव्य को समझना चाहिए। वही स्कूल के प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार ने बताया कि एक जिम्मेदार मतदाता ही अपने मत के महत्व को समझ सकता है लेकिन जो मतदाता मतदान में रुचि नही रखते है उन्हें समझने की जरूरत है।

## बिना टिकट यात्रियों पर रेलवे की कड़ी नजर एक दिन में पकड़े गये कुल 10 हजार 980 यात्री

जुर्माने के रूप में वसूले गए 80 लाख 55 हजार रूपए

निज संवाददाता




**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिना टिकट/अनियमित यात्रियों पर शिकंजा कसने के लिए मंगलवार को पाँचों मंडलों दानापुर, सोनपुर, समस्तीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं धनबाद में एक साथ विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस जाँच अभियान में पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे पं० दीनदयाल उपाध्याय जं., पटना, आरा, बक्सर, मोकामा, सासाराम, धनबाद, गोमो, कोडरमा, डालटनगंज, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बरौनी, खगड़िया, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, रक्सौल, बेतिया, सहरसा, दिलदारनगर, हजारीबाग रोड पर रेलवे अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, रेलकर्मियों, टी०टी०ई० एवं भारी मात्रा में रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को तैनात किया गया। सभी महत्वपूर्ण मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों यथा 12565 बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, 12553 वैशाली एक्सप्रेस, 12365 रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस, 12567 राज्य रानी एक्सप्रेस, 18626/18625 हटिया-पूर्णिया कोर्ट हटिया एक्सप्रेस, 12801 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 13351 धनबाद-एल्लेपी एक्सप्रेस, 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस एवं 12382 पूर्वा एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोचों की विशेष रूप से जाँच की गयी। इसके साथ ही सभी सवारी ट्रेनों एवं मेमू ट्रेनों में भी विशेष टिकट जाँच की गयी एवं बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया। यह विशेष टिकट जाँच अभियान पूरे दिन चलाया गया। इस जाँच अभियान में कुल 10 हजार 980 बेटिकट/अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे जुर्माने के रूप में 80 लाख 55 हजार रुपए वसूले गए। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल पंप पर मारपीट करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**आरा।** 16 मई को रात्री में नवादा थानान्तर्गत जीरो माइल स्थित प्रेम हाईवे सर्विस पेट्रोल पम्प पर बाइक में पेट्रोल डालने और पैसा मांगने के विवाद में पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट करने के आरोप में चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में थाना क्षेत्र के जगदेव नगर का रहने वाला आर्यन कुमार पिता अनूप सिंह, दीपू कुमार सिंह पिता अजय कुमार सिंह, कुंदन कुमार पिता श्रीकांत कुमार राम और प्रशांत कुमार पिता धनंजय कुमार सिंह है। एसपी कार्यालय से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि 16 मई को रात्री में नवादा थानान्तर्गत जीरो माइल स्थित प्रेम हाईवे सर्विस पेट्रोल पम्प पर 2 बाइक पर सवार 5 अज्ञात व्यक्ति दिया था घटना को अंजाम।

### लालगंज विद्यालय में लग गया पोल, बिजली चालू



**गड़हनी।** लालगंज उत्क्रमित मध्य विद्यालय में 5 माह से बिजली का पोल टूट कर गिरा पड़ा था, लेकिन प्रधानाध्यापक विजय केशरी के द्वारा विभाग से लेकर बीडीओ को आवेदन देने के बाद भी कोई नही सुन रहा था। लेकिन खबर का असर हुआ कि खबर छपने के अगले दिन ही पोल लग गया। प्रधानाध्यापक द्वारा मुझे शनिवार को प्रेस रिलीज़ दिया और खबर प्रकाशित करने का आग्रह भी किया। दैनिक भास्कर ने इस खबर को रविवार को प्राथमिकता के साथ खबर को लिखा और असर हुआ कि सोमवार को बिजली विभाग द्वारा पोल लगाकर विद्यालय में बिजली बहाल करा दी। इसकी सूचना मुझे विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने फोन से दी और कहा कि सर आपको बहुत बहुत बधाई, खबर छपते ही अगले दिन पोल लगा गया लेकिन मैं 5 माह से कोशिश कर रहा था लेकिन नही लग रहा था।

### डस्टबिन के अभाव में सड़क पर फेंका जा रहा कचरा



**गड़हनी।** व्यवसायिक संघ गड़हनी 6 माह से गड़हनी बाज़ार पर डस्टबिन रखने का मांग कर रहे हैं लेकिन आज तक नहीं रखा गया। डस्टबिन नहीं होने से दुकानदार कचरा को सड़क किनारे या अगल -बगल फेंक देते हैं। बता दें कि गड़हनी नगर पंचायत का गड़हनी बाजार बहुत बड़ा है। बागर मोड़ से अगिआंव मोड़ तक क़रीब 1 किलोमीटर लंबा बाज़ार है, लेकिन एक से दो जगहों पर ही डस्टबिन रखा हुआ है। दुकानदार बताते है कि नगर पंचायत द्वारा शुरू में सभी जगहों पर डस्टबिन रखा गया था लेकिन कुछ दिन बाद हटा लिया गया। क्यों हटा लिया गया इसका जबाब नगर पंचायत का कोई कर्मी ,पदाधिकारी या जनप्रतिनिधि नहीं दे पाते है। व्यवसायिक संघ के सचिव शाहीन राजा ने कहा कि हमलोग क़रीब 6 महीनों से जगह जगह डस्टबिन रखने की मांग नगर पंचायत से कर रहे हैं लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। जब बोला जाता है तो जबाब मिलता है कि ठीक है कल रखवा दिया जाएगा लेकिन नहीं रखा जाता है। गड़हनी बाजार बहुत बड़ा है लेकिन मात्र गोला बाज़ार पर एक या दो रखा हुआ है। साथ ही कहा कि सब्जी बाज़ार के पास दो तीन होना चाहिए, स्टेट बैंक के पास एक होना चाहिए, अगिआंव मोड़ के पास एक होना चाहिए, बागर मोड़ पर एक चाहिए, ब्लॉक मोड़ के पास एक चाहिए लेकिन नही रखा हुआ है। डस्टबिन के अभाव में दुकानदार सड़क किनारे कचड़ा को फेंकते है या बनास नदी में ले जाकर डालते हैं। आश्वासन के बाद भी नहीं रखा गया डस्टबिन इस्लामगंज वार्ड 4 में सामाजिक कार्यकर्ता मो रमीज़ ने एक माह पहले मुहल्ले में डस्टबिन नहीं होने के कारण हंगामा किया था उसके बाद जाकर वहां डस्टबिन रखा गया था। वहीं व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास यादव ने भी सफ़ाई व डस्टबीन को लेकर दुकानदारों के साथ सड़क पर हंगामा किये थे। उस समय भी आश्वासन मिला था कि डस्टबिन जगह जगह रख दिया जाएगा व समय पर सफाई की जाएगी। लेकिन आज भी वहीं स्थिति है जो पहले थी। बता दे कि कई वार्डों में भी डस्टबिन सभी जगहों पर नहीं गया है जिसके चलते नगरवासी भी खाली जगहों पर कचड़ा को फेंक देते हैं। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन कुमार ने बताया कि मैं दिखवाता हूं कि कहां-कहां डस्टबिन नहीं है और कहां रखने की जरूरत है, जल्द ही जहां जरूरत होगी रखवा दिया जाएगा। साथ ही कहा कि मुझे पहले ये बात संज्ञान में नही आया था। मुझे आये हुये कुछ दिन ही हुआ है।

### 23 मई को बक्सर आएंगी BSP सुप्रीमो मायावती, ITI मैदान में जनसभा को करेंगी संबोधित



**बक्सर।** बक्सर में 23 मई को BSP की सुप्रीमो मायावती का कार्यक्रम तय हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए बसपा प्रत्याशी अनिल सिंह ने सोमवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बसपा सुप्रीमो बहन मायावती का लोकसभा चुनाव के दौरान पहली बार बिहार की धरती पर आगमन हो रहा है। मायावती 23 मई को ITI मैदान बक्सर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगी। उन्होंने कहा कि हम बहुजन समाज समेत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान में आस्था रखने वाले तमाम लोगों से आग्रह करते हैं कि आप सभी बड़ी संख्या में जुट कर आए और दलित, गरीब, वंचित, शोषितों की देश में एकमात्र उम्मीद बहन मायावती की जनसभा को सफल बनाएं। अनिल चौधरी ने कहा कि बहन मायावती देश में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के सपनों को साकार करने के लिए की जी-जान से जुटी हुई है। आज जब देश में दो तरह की शक्तियां मुंह फैलाए खड़ी है और देश के संविधान के नाम पर लोगों का वर्ग लाने का काम कर रही है। उनसे मुकाबला को एकमात्र नेता बहन मायावती मजबूती से मैदान में है। हम सभी को उनका समर्थन करना है और अपना एक-एक वोट बसपा को देकर दलित शोषित और वंचितों की आवाज को बुलंद करना है। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग में बहन मायावती की रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई। वहीं, पप्पू यादव के समर्थन पर अनिल कुमार ने कहा कि उसके समर्थन से बहुजन समाज पार्टी को बल मिला है। बसपा और मजबूती से बक्सर में चुनाव लड़ रही है। इस बार बक्सर बहुजनों का होगा।

# मछली पार्टी में बुलाकर मारी गोली, घर से 6KM दूर वारदात

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में रिटायर दरोगा के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसे कुछ लोगों ने फोन कर मछली पार्टी के लिए घर से 6 किलोमीटर दूर बुलाया था। जहां उनमें विवाद हुआ, जिसके बाद उसके सिर में गोली मार दी गई। मृतक की पहचान जय नारायण यादव के बेटे पिंटू कुमार यादव (32) के रूप में हुई है। हत्या में चार लोगों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। मर्डर के बाद वारदात में साथ रहे एक शख्स ने पिंटू के ही फोन से मौके से ही उसके घर वालों को इसकी जानकारी दी। बताया जाता है कि पूरा मामला जमीन से जुड़ा है। पिंटू कुमार ने 10 कट्ठा जमीन खरीदने के लिए गांव के शख्स को 10 लाख रुपए दिए थे। जिस शख्स को उसने पैसे दिए थे वो भी इस पार्टी में मौजूद था। पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में लिया है, उससे पूछताछ हो रही है।

**पार्टी में जमीन को लेकर हुई बहसः** सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे पिंटू मछली पार्टी में गया था। पार्टी में वो शख्स भी था जिससे पिंटू जमीन खरीद रहा था। इस दौरान जमीन और पैसों को लेकर ही कुछ विवाद हुआ और वहां मौजूद लोगों में से किसी ने उसे गोली मार दी। तीन लोग भाग गए और लेकिन चौथे शख्स ने पिंटू के घर वालों को इस वारदात की खबर दी। सूचना देने वाला कौन है पुलिस उसका नाम नहीं बता रही है। परिजनों को पिंटू के मोबाइल से ही घटना की जानकारी दी गई। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करवा गांव की है।

**सोमवार को जमीन की नापी हुई थीः** मृतक के चचेरे भाई अशोक कुमार बताया कि मुफस्सिल थाना के बकरी गांव में पिंटू जमीन खरीदने वाला था। इसके लिए पिंटू ने 10 लाख रुपए दिए थे। सोमवार को उस जमीन की नापी भी हुई थी। जमीन की रजिस्ट्री की बात चल रही थी। सोमवार को पिंटू गोढ़ना रोड स्थित अपने घर से निकला था। बाइक से गांव जा रहा था। इसी बीच कुछ लोगों ने षड्यंत्र के तहत पार्टी के नाम पर बुलाया और उसके सिर में गोली मार दी।

**पुलिस ने एक को लिया हिरासत मेंः** भाई ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद हम लोग मौके पर पहुंचे। फिर पुलिस को खबर दी। पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ चल रही है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिन्हा पूरे मामले की छानबीन में जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि पिंटू की शादी में 2021 में मिनती देवी से हुई थी। इनकी एक 2 साल की बेटी पम्मी कुमारी है।

# छेड़खानी का विरोध करने पर युवक को मारा चाकू

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र में सोमवार को छेड़खानी का विरोध करने पर एक युवक को चाकू मार दी गई। युवक को चाकू बाएं साइड पेट में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बादउसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक सिन्हा थाना क्षेत्र का निवासी है। जख्मी ने बताया कि उसकी भाभी सामान खरीदने के लिए बाजार गई थी। जब वह सामान खरीद कर वापस घर लौट रही थी। तभी बीच रास्ते में गांव के कुछ युवक हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़खानी कर रहे थे। उन्हें अपने साथ ले जाने को लेकर जबरदस्ती कर रहे थे। उसी समय मैं साइकिल से गुजर रहा था। मैं रुका और अपनी भाभी को युवकों से छुड़ाने लगा। इसी दौरान हाथापाई हुई। लड़कों ने मेरी पहले पिटाई की फिर चाकू मार दिया।

**गांव के युवकों पर आरोपः** दूसरी ओर जख्मी युवक ने अपनी भाभी के साथ छेड़खानी करने का विरोध करने पर गांव के ही भोलू कुमार गुप्ता और उसके साथ रहे अन्य साथियों पर चाकू मारने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पीड़ित युवक ने इस घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

**भाभी को बदमाशों के चंगुल से छुड़ाने के लिए पहुंचा देवर, जख्मी के साथ मारपीट भी हुई**

# आंधी पानी से किसानों को क्षति

निज संवाददाता। बक्सर



जिले में मंगलवार को अचानक मौसम बदलने से जहां लोगो को गर्मी से राहत मिली है। तो वही कुछ लोगो को काफी नुकसान भी झेलना पड़ा है। जिले के राजपुर प्रखंड के कोनौली गांव में सुबह अचानक मौसम बदलने से चक्रवातीय आंधी के साथ हुई वर्षा से सब्जी एवं आम फलों को काफी नुकसान हुआ है। तेज आंधी में प्रगतिशील किसान अंकित कुमार सिंह के कृषि फार्म हाउस पर लगा शेडनेट एवं पाली हाउस ध्वस्त होकर नीचे गिर गया है।किसान अंकित सिंह ने बताया कि इस हाउस को बनाने में लगभग 60 लख रुपए खर्च हुआ था। लेकिन आज आंधी पानी से ध्वस्त हो जाने से लगभग 30 लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई है। इसके अंदर खीरा,गोभी एवं अन्य प्रकार के फसलों को लगाया गया है। इसकी भी क्षति हुई है। जिसकी सूचना उद्यान विभाग के वरीय पदाधिकारी को दी गई है। फिलहाल फसल को बचाने के लिए मजदूरों के साथ राहत का कार्य जारी किया गया है।

**पैदावार कम होने की उम्मीदः** बता दे की मानसून पूर्व हुई बक्सर जिले में पहली बारिश से किसानों को राहत मिली है। तापमान में आई गिरावट से जनजीवन पर इसका कोई बुरा प्रभाव नहीं रहा। तेज आंधी से सब्जी के फसलों पर लगे अधिकतर फूल गिर गये हैं। जिससे फसलों की पैदावार कम होने की उम्मीद हो गयी हैं। आम के पेड़ों पर लगा अधिकतर आम का फल भी गिर गया हैं। दर्जनों जगहों पर झोपड़ी एवं एस्बेस्टस का घर उजड़कर हवा में उड़ने लगा।कई जगहों पर बकरी व गाय को हल्की चोटें भी आयी है।

# डबल मर्डर का मुख्य शूटर गिरफ्तार, अवैध खनन को लेकर बालू घाट पर चली थी गोलियां

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कमल चक दियारा में अवैध खनन के वर्चस्व को लेकर हुई गोलीबारी और दो लोगों की हत्या में शामिल एक हिस्ट्रीशीटर शूटर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शूटर की गिरफ्तारी बड़हरा थाना क्षेत्र बिंदगांवा गांव के पुल के समीप से हुई है। इसके पास से एक कट्टा बरामद किया है। पकड़ा गया अपराधी सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के कुतुबपुर चकिया गांव निवासी सरोज राय है। जो गुड्डु राय गिरोह का मुख्य शूटर बताया जा रहा है। पकड़े गए शूटर पर पटना और भोजपुर जिले में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**अपराधी के छिपे होने की मिली थी सूचनाः** सदर एसडीपीओ–2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कमल चक दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी सरोज राय बिंदगांवा गांव पुल के पास छिपा हुआ है। किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के सत्यापन के बाद सदर एसडीपीओ–2 के नेतृत्व में टीम बनाकर बिंदगांवा गांव पुल के पास चारों तरफ से घेराबंदी कर मुख्य शूटर को गिरफ्तार किया गया।

**पानी भरे गड्ढे के पास मिला हथियारः** हिरासत में लिए जाने के बाद उसके बयान के आधार पर का कमलूचक गदहिया बालू घाट से पहले पानी भरे गड्ढे के समीप से एक कट्टा बरामद किया गया। जिससे घटना को अंजाम दिया गया था। हिस्ट्रीशीटर के पकड़े जाने के बाद पुलिसिया जांच में सामने आया है कि पूर्व में भी भोजपुर के कोईलवर और पटना जिला के बिहटा थाना में आपराधिक इतिहास रहा है। 2022 में हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट से जुड़े दो कांडों में दागी रहा है। बता दें कि कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक दियारा क्षेत्र में दो गुटों के बीच जमकर फायरिंग हुई थी। जिसमें सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी सुदर्शन राय और विकास महत्व की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में गुड्डु राय और सत्येंद्र पांडेय गिरोह पर प्राथमिक ही कराई गई थी।

**सारण के दो मजदूरों की हुई थी मौत**

# पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार, बड़ी घटना को देने वाला था अंजाम, 6 कारतूस भी बरामद

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के सहार थाना पुलिस ने एकवारी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले एक वांछित अपराधी को रंगे हाथ कर लिया है। जानकारी सोमवार को एसपी नीरज कुमार सिंह ने दी। पकड़ा गया अंशुमान उर्फ चांद उर्फ लील्ली सहार के एकवारी गांव का निवासी है। उसके पास से एक 9 एमएम का पिस्टल और छह कारतूस बरामद किया गया है। दो मोबाइल जब्त किए गए हैं। पहले से भी आपराधिक इतिहास रहा है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत अलग से प्राथमिकी की गई है। पीरो डीएसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक वांछित अपराधी अंशुमान एकवारी से उत्तर कब्रिस्तान के पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार के साथ घूम रहा है। इसके बाद पीरो डीएसपी राहुल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई।

**आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई हैः** टीम ने एकवारी गांव निवासी अंशुमान उर्फ लील्ली को 9 एमएम के पिस्टल व छह कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। टीम में सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार, इमादपुर थानाध्य सुशांत कुमार, दारोगा अनिल कुमार, एएसआई सुनील ठाकुर और रविन्द्र कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है।

**दो कांडों में चल रहा था फरारः** अंशुमान पर सहार थाना में 20 जनवरी को बिटेश्वर सिंह को गोली मारकर घायल करने का मामला पूर्व से दर्ज है। इमादपुर थाना में भी हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट का मामला है। 25 मार्च को इमादपुर में फायरिंग की गई थी। दोनों केस में फरार चल रहा था। पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि अंशुमान कुमार पहले भी आरा नवादा थाना से जुड़े उत्पाद अधिनियम से जुड़े केस में जेल जा चुका है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि पिस्टल गोली और दो मोबाइल बरामद किया गया।

**आर्म्स एक्ट का केस दर्ज**

# व्यवसाय से 2 लाख 26 हजार 900 रुपए जब्त

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के बिहार यूपी सीमा पर जांच के दौरान 2 लाख 26 हजार 900 रुपए जब्त किया गया। व्यवसाय युवक यूपी से बिहार में पहुंचा था। तभी चौसा में यादव मोड़ के पास कर्मनाशा सीमा पर बने विशेष चेकपोस्ट पर जांच के दौरान युवक के पास जांच में 50 हजार से अधिक नगदी कैश होने पर उसे जब्त कर लिया गया। पैसे से संबंधित कोई सही कागजात उपलब्ध नहीं करा पाया। हालांकि, ड्यूटी पर तैनात दण्डाधिकारी ने बताया कि रुपए जब्ती के बाद उन्हें प्राप्ति रसीद दे दी गई है। उन्हें नियमावली बता कर घर भेज दिया गया। बता दें कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर सीमा पर UP से बिहार में प्रवेश करने वाली हर एक छोटी बड़ी वाहन का जांच किया जा रहा है। जांच कर रहे मौके पर मौजूद चेक पोस्ट प्रभारी दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि UP के मोहम्दाबाद थाना के युसुफपुर के जमालपुर निवासी पारसनाथ गुप्ता के बेटे शिवम गुप्ता के पास से 2 लाख 26 हजार 900 रुपए मिले। जहां उनसे रुपए के संबंध में पूछताछ की गई। शिवम गुप्ता ने बताया कि वह व्यवसायी है। वह व्यवसाय संबंधी जिले के विभिन्न क्षेत्रों स्थित दुकानों से तगादा कर रुपए लेकर गांव जा रहा था।

# स्कूल जा रहे शिक्षक के ऊपर गिरा पेड़, मौत

**बक्सर के मुरार थाना की घटना, बाइक से जा रहा मृतक**

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के मुरार के पास शिक्षक के ऊपर पेड़ गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें चौगाई प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार घटना चौगाई प्रखंड के बंजरिया गांव के पास की है। शिक्षक लहना गांव का निवासी संजय कुमार शर्मा बताया गया है। वह शिवपुर पूर्वी मध्य विद्यालय में कार्यरत था। मंगलवार को स्कूल जाने के लिए घर से बाइक लेकर निकले थे। इस बीच मौसम खराब हो गया। बंजरिया गांव के पास पहुंचते ही आंधी के कारण एक पेड़ उनके ऊपर गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित अस्पताल पहुंचे। मामले में मुरार थाना प्रभारी कमलनयन पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इसके बाद आगे कि कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में जीयो के टेक्नीशियन की मौत, ऑफिस से काम कर लौट रहा था घर

**रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर**

निज संवाददाता। आरा



आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन ने जियो कंपनी के बाइक सवार टेक्नीशियन को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पट्टी गांव वार्ड नंबर आठ निवासी स्व. मोती लाल शर्मा का 32 वर्षीय पुत्र अजय कुमार है। वह जियो कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। कंपनी में काम कर रहे राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह हर रोज की तरह भी बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान अमराई नवादा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी।

**घटना की सूचना पुलिस को दीः** सूचना पाकर वे लोग वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए चंदवा स्थित निजी अस्पताल ले आए। परिजन भी चंदवा स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाइयों और एक बहन में बड़ा था। उसके परिवार में मां उर्मिला देवी, पत्नी अंजना देवी और एक भाई अरुण कुमार शर्मा और एक बहन पुष्पा देवी है। मृतक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। हालांकि उसे कोई संतान नहीं है।

# पटना में बीजेपी वर्कर्स से मिले प्रधानमंत्री मोदी; एक्स पर दिया रिएक्शन



## बोले- ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं पर गर्व है

**पटना , एजेंसी।** बिहार के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पहली बार प्रदेश भाजपा कार्यालय में नाव प्रबंधन समिति के 119 सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होने पार्टी कार्यकर्ताओं को तनावमुक्त रहने को कहा है। दिन में एक बार खुलकर हंसने और सही तरीके से भोजन करने की भी नसीहत दी है। भाजपाा कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट भी किया। जिसमें उन्होने पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता पर गर्व होने की बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि पटना में भाजपा कार्यालय जाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। यहां कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। पार्टी को अपने ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं पर गर्व है। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पीएम दो दिवसीय बिहार दौरे पर आए। रात के लगभग साढ़े सात बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय आने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री रितुराज सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने पीएम का स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्यों से बातचीत की। फिर लगभग घंटेभर पीएम पार्टी कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनकी दिनचर्या के बारे में जानकारी ली। घर-परिवार का हाल पूछा। सबों को सही तरीके से भोजन करने की नसीहत दी। पीएम ने कहा कि जीवन जीने के लिए जरूरी है कि तनावमुक्त रहें। इसके लिए दिन में 10 मिनट जरूर खुलकर हंसे। यह हंसी केवल दिखावे के लिए नहीं हो। इस तरह हंसें कि तन-मन प्रफुल्लित हो उठे। गुजरात के सीएम के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए पीएम ने उन बिहारियों को याद किया जो उनसे आकर मिला करते थे। बिहार की बड़ाई करते हुए पीएम ने कहा कि यहां की कई चीजें मुझे अच्छी लगती है। पीएम करीब दो घंटे पार्टी दफ्तर में रहे और 930 बजे वहां से निकले। पीएम आज बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

## विशेष दक्ष परीक्षा 28 मई को होगी :चयनित बच्चे अपने विद्यालय में ही देंगे एग्जाम, मूल्यांकन 29 और 30 मई को होगा

**बेगूसराय, एजेंसी।** गर्मी की छुट्टी के दौरान प्राथमिक और मध्य विद्यालय में चले मिशन दक्ष कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे 28 मई को विशेष परीक्षा देंगे। दक्ष के लिए चयनित बच्चे अपने विद्यालय में ही परीक्षा देंगे। शिक्षा विभाग बिहार के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय के निर्देश पर इसकी तैयारी कर ली गई है। परीक्षा एक पाली में 10:30 बजे 1:00 बजे तक होगी और इसमें वर्ग 3, 4, 6 और 7 के बच्चे शामिल होंगे। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने डीईओ को भेजे गए पत्र में कहा है कि बच्चों की मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा नियमावली के प्रावधानों के तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 5वीं और 8वीं के वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित छात्र-छात्राओं की पुनः परीक्षा 21 से 28 मई के बीच होगी। इसलिए 5वीं और 8वीं कक्षा के मिशन दक्ष की विशेष कक्षाओं के लिए चयनित बच्चे मिशन दक्ष की विशेष परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। शेष वर्ग 3, 4, 6 और 7 के बच्चों के लिए विशेष परीक्षा 28 मई को होगी। मूल्यांकन बगल के दो विद्यालयों में 29 और 30 मई को किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विजय के हवाला कारोबार को लेकर भी हो रही जांच

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जेल भेजे गए वार्ड 41 के पूर्व पार्षद विजय झा ने न केवल सूदखोरी से बड़ी संपत्ति अर्जित की है। बल्कि, हवाला से भी उसके तार जुड़ने की आशंका जांच एजेंसी को है। इसको लेकर जांच एजेंसी साक्ष्य तलाश रही है। उसके ठिकानों से मिले बैंक एकाउंट की जांच की जा रही है। शराबबंदी के बाद उसके लेन देने को खंगाला जा रहा है। बताया गया कि शहर के एक बड़े शराब सिंडिकेट संचालक से विजय का संबंध है। आशंका है कि उस सिंडिकेट से जुड़कर विजय शराब के रुपये को हवाला के जरिए ठिकाना लगा रहा था। बड़ी राशि नेपाल भेजा करता था। इसके लिए उसे कमीशन भी मिलता था। गोपनीय ढंग से आयकर विभाग को दी गई इस सूचना का सत्यापन किया जा रहा है। जांच में ऐसा कुछ भी मिला तो मामले की जांच के लिए ईओयू को भी शामिल किया जायेगा।

### किलकारी के छह बच्चों ने कराटे प्रतियोगिता में लपका गोल्ड मेडल

**गया, एजेंसी।** खेल परिसर में गया कराटे संगठन की ओर से आयोजित कराटे प्रतियोगिता में किलकारी के बच्चों ने परचम लहराया। किलकारी के छह बच्चों ने गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों में विवेक कुमार 14 वर्ष आयु वर्ग फाइट में गोल्ड मेडल, मो. आदिल 12 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, गौरव कुमार 13 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, सुशांत कुमार 19 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, सूरज कुमार 13 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल, सत्यम कुमार 17 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इन सभी बच्चों को गया के खेल पधाधिकारी नरेश कुमार चौहान ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद किलकारी में सभी बच्चों को प्रमंडल कार्यक्रम समन्वय राजीव रंजन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र कुमार, गुड़िया कुमारी व किलकारी के सभी प्रशिक्षकों ने तिलक लगाकर स्वागत किया। कराटे प्रशिक्षक गोविंद कुमार के नेतृत्व में यह बच्चे ने कराटे प्रतियोगिता में भाग लिए थे।

### कच्ची नाली की उड़ाही को लेकर महिलाएं हुई एकजुट

**भागलपुर/ नाथनगर, एजेंसी।** नगर निगम वार्ड नौ के साहेबगंज स्थित धानुक टोली लेन में सोमवार को नियमित कच्ची नाली की उड़ाही नहीं होने के विरोध में स्थानीय महिलाओं ने एकजुट होकर स्थानीय पार्षद समेत निगम के पदाधिकारियों के विरोध में नाराजगी जाहिर की। वार्ड दो की पार्षद सोनी देवी को बुलाकर समस्या से अवगत कराया। स्थानीय महिलाओं में फूलन देवी, अनिता देवी, रूबी देवी, शांता देवी, परमिला देवी आदि ने बताया कि कच्ची नाली की उड़ाही नहीं होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है और सड़क पर जलजमाव हो जाता है। मामले पर वार्ड दो की पार्षद सोनी देवी ने बताया कि वार्ड नौ में पहुंचकर उन्होंने समस्या को देखा है। समाधान के लिए वे नगर आयुक्त और मेयर से मिलेंगी। जल्द समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### किसान गोष्ठी में मोटे अनाज की खेती करने पर जोर

**गया, एजेंसी।** प्रखंड स्थित ई-किसान भवन में सोमवार को गोष्ठी हुआ। इस दौरान किसानों को मोटे अनाज की खेती करने के लिए प्रेरित किया गया एवं किसानों को कम वर्षा, कम खाद व जलवायू परिवर्तन में होने वाले नुकसान से कसे बचा जा सकता है। कैसे अधिक मुनाफा लिया जा सकता है आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं, मोटा अनाज ज्वार, बाजरा, मडुआ, चिना, कोदो, कुरकी, मक्का की खेती करने पर किसानों को मिलने वाले अनुदान व प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला स्तरीय विभा कुमारी सहायक निदेशक मगध प्रमंडल, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण एसएन मलिक, बीएओ सोमेश्वर मेहता, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, कृषि समनयक, किसान सलाहकार, चयनित कृषक आदि रहे।

### वास्तु विहार में मंदिर का शिलान्यास

**गया, एजेंसी।** वास्तु विहार के गया साइट पर धूमधाम से मंदिर का शिलान्यास हुआ। गया के भिंडस मोड़, मगध डेयरी के पास पैमार रोड में स्थित साइट पर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर कंपनी के सीएमडी, डीएमडी धीरेंद्र सिंह, ओंकार प्रसाद, जीएम जितेंद्र सिंह, अजय राय, मनीष सिंह कोर्डिनेटर स्नेहा अदिति, मार्केटिंग के प्रशांत, सन्नी, विकास सहित कई इंजीनियर व अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर चोरी करते हुए 2 गिरफ्तार: टेलर लेकर भागने की फिराक में थे, दोनों आरोपी को थाने ले गई पुलिस




**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद शहर के नगर थाने की पुलिस ने पुरानी जीटी रोड होटल स्काई व्यूके समीप से एक ट्रैक्टर टेलर की चोरी कर भागते दो चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों की पहचान हसपुरा थाना क्षेत्र के जमाल बिगहा निवासी भूषणयादव के 18 वर्षीय पुत्र धनंजय कुमार और एक नाबालिग युवक के रूप में हुई है। जबकि एक चोर जो ट्रैक्टर चला रहा था, भागने में सफल रहा।

### चोरी की घटना का अंजाम देने पहुंचे चोर गिरोह

सभी चोर खुद का ट्रैक्टर लेकर क्लब रोड निवासी एक व्यक्ति काखड़ा ट्रैक्टर टेलर चोरी कर रहे थें।नगर थानाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार नेबताया कि रविवार की शाम पुरानीजीटी रोड स्थित स्काई व्यू होटलके समीप से एक व्यक्ति का कॉलआया कि चोर गिरोह एक ट्रैक्टरटेलर चोरी कर भाग रहा है। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग दो चोरों को पकड़ कर रखा था, जिसे पुलिस ने न्यायिक हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### दोनों को थाने लाया गया

पूछताछ के क्रम में घटना करने की बात स्वीकार की है। दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। चोरों की निशानदेही पर अन्य चोरों की भी सुराग मिली है। फरार चोर की भी पहचान कर ली गई है। जल्द ही उक्त चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा। इधर चोरी घटना की एक प्राथमिकी ट्रैक्टर मालिक केचालक सूरज कुमार राय निवासीतारा ओबरा ने नगर थाना में दर्जकराया है। इसमें कहा है कि वह क्लब रोड निवासी वरीय अधिवक्ता कृष्ण विजय प्रसाद सिंह का ट्रैक्टर चालक है।

### घर जाने के दौरान नजर आया

वह 19 मई की देर शाम बाजार से सामानों की खरीदारी कर पुरानी जीटी रोड स्काई व्यू होटल के रास्ते घर जा रहा था, तभी देखा कि कुछ अनजान व्यक्ति मालिक का खड़ा टेलर अनजान एक ब्लू रंग के पावर ट्रैक ट्रैक्टर के इंजन से जोड़कर भागने की फिराक में हैं। अपने साथियों के सहयोग से जब चोरी कर भाग रहे लोगों से पूछताछ की तो वे लोग टेलर जोड़कर भागने लगे। लेकिन शोरगुल केबाद अन्य लोग जुटे और किसी तरह चोरों को पकड़ने का प्रयासकिया, लेकिन एक चोर तेज रफ्तारसे टेलर छोड़कर ट्रैक्टर लेकर भाग निकला। हम सभी पीछा भी किया,लेकिन रात होने के कारण वहलहरिया कट मारते हुए भागनिकला।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ी गई महिला

**गया, एजेंसी।** बांकेबाजार पुलिस ने थाना क्षेत्र के सोनदाहा टोला बाराटांड़ से 20 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## सड़क हादसे में जीयो के टेक्नीशियन की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को अज्ञात वाहन ने जियो कंपनी के बाइक सवार टेक्नीशियन को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर पट्टी गांव वार्ड नंबर आठ निवासी स्व. मोती लाल शर्मा का 32 वर्षीय पुत्र अजय कुमार है। वह जियो कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। कंपनी में काम कर रहे राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह हर रोज की तरह भी बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान अमराई नवादा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे कुचल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी।

**घटना की सूचना पुलिस को दी :** सूचना पाकर वे लोग वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए चंदवा स्थित निजी अस्पताल ले आए। परिजन भी चंदवा स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी।



## बुद्ध जयंती समारोह में हजारों की संख्या में आएंगे विदेशी

**गया, एजेंसी।** गया में 23 मई को बुद्ध पूर्णिमा है। इस मौके पर भगवान बुद्ध जयंती मनाई जाएगी। जयंती तीन दिवसीय समारोह के तहत मनाई जाएगी। समारोह पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में मनाया जाएगा। समारोह में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में जिला पुलिस जुटी है। बुद्ध जयंती के मौके पर हजारों की संख्या में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। महाबोधि मन्दिर परिसर के बाहर बोधगया परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस तैनात किए जा रहे हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला पुलिस और अर्ध सैनिक बल को दी गई है। महाबोधि मंदिर परिसर से 3 किलोमीटर दूर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। तीन किलोमीटर के दायरे में 200 जवान और अधिकारी तैनात रहेंगे। इस बात की जानकारी एसएसपी आशीष भारती ने दी है।

**सड़क मार्ग का रूट डायवर्ट किया जाएगा :** समारोह का उद्घाटन राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। 23 मई को सुबह से लेकर देर शाम तक कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्यपाल के अलावा विभिन्न क्षेत्र की बड़ी हस्तियों व वीआईपी के आने की सूचना पुलिस प्रशासन को मिली है। एसएसपी ने बताया कि बुद्ध जयंती समारोह के मौके पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर बोधगया के अंदर और बाहरी सड़क मार्ग का रूट डायवर्ट किया जाएगा। इसके लिए यातायाता पुलिस की ओर से रूट प्लान भी तैयार किया जा रहा है।



# अगले 5 दिनों तक भीषण गर्मी से रहेगी राहत, 16 जिलों में हुई झमाझम बारिश, लुढ़का पारा

**पटना , एजेंसी।** पटना सहित प्रदेश में 26 मई तक प्रचंड गर्मी से राहत रहेगी। इस दौरान सूबे के अलग-अलग हिस्सों में आंधी के साथ बारिश या गरज के साथ बूंदाबादी पड़ने की संभावना है। रडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार मंगलवार को 34 जिलों में मेघगर्जन व वज्रपात के साथ हल्की से मध्य स्तर की बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान तेज आंधी चल सकती है। मौसम विभाग ने उत्तर बिहार के लिए ऑरेंज और दक्षिण बिहार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पटना के अधिकतम तापमान में सोमवार को 4.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। इस कारण अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पटना में सुबह से ही बादल छाए थे। दिन के समय लोगों को मध्यम स्तर के सूर्य की रोशनी का दर्शन हुआ। पटना के आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। सोमवार को सूबे के 16 जिलों में झमाझम या हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश अररिया के फारबिसगंज में 80 और किशनगंज के चरघरिया में 72.4 एमएम हुई। वहीं अररिया में 38.8, किशनगंज में 23.8, पूर्णिया में 11, कटिहार में 6, भागलपुर में 1, बांका में 2.8, सुपौल में 7.2, मधुबनी में 3.3, सीतामढ़ी में 0.5, पश्चिमी चंपारण में 15.3, पूर्वी चंपारण में 10.9, मुजफ्फरपुर में 2, समस्तीपुर में 1.6, और गोपालगंज जिला में 1.7 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं दरभंगा और पूर्णिया में हल्की बारिश हुई।

# ट्रक और कार के बीच टक्कर, 6 जख्मी:देवघर से मुंडन कराकर खगड़िया लौट रहे थे सभी, 3 की हालत गंभीर



**जमुई, एजेंसी।** जमुई, झाझा गिद्धौर मुख्य मार्ग के दादपुर चौक के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक बोलोरो को जबरदस्त टक्कर मार दिया। इस घटना में बोलेरो वाहन पर सवार आठ लोगो में छह लोग घायल हो गए।घायलों में तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिसे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सभी एक ही परिवार के बताए जाते है। जो देवघर बाबाधाम से बच्चो का मुंडन संस्कार करा कर लौट रहे थे। घायलों में पांच लोग खगड़िया जिले का वही एक झारखंड के नोनिया आहार इलाके का बताया जाता है। घटना 10 बजे रात की बताया जाता है।

### वाहन में आठ लोग सवार थे

घायलों की पहचान सूरज कुमार 15 वर्ष पिता मनोज गीता देवी 50 वर्ष पति सुरेश महतो,रेखा देवी 45 पति गंगा महतो ,मुसनी देवी 60 साल पति बिनो महतो,मिथुन कुमार ( चालक ) 28 वर्ष पिता ओमप्रकाश महतो सभी खगड़िया जिले का,वही राजकुमारी देवी 45 वर्ष,पति रामस्वरूप महतो झारखंड के नोनिताहाट इलाके के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल मुसनी देवी,गीता देवी,राजकुमारी देवी को बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दो गाड़ी से 14 लोग मुंडन के लिए देवघर गए हुए थे। तभी एक बोलोरो वाहन में जिसमें आठ लोग सवार थे को एक बेलगाम ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। वही पीछे से दूसरे वाहन में सवार परिजनों ने सभी घायलों को इलाज के लिए झाझा रेफर अस्पताल में भर्ती कराया।

### टक्कर के बाद कुछ दूर तक घसीटा

घटना की जानकारी देते चालक मिथुन कुमार ने बताया की सूरज कुमार का देवघर से मुंडन करा कर लौट रहे थे। तभी अचानक एक ट्रक तेज गति में आकर बोलोरो वाहन में टक्कर मार दिया और घसीटे हुए कुछ दूर तक ले कर चला गया। जिसमें छह लोग घायल हो गए।

### तीन की हालत गंभीर

डॉक्टर नबाब ने बताया के सड़क हादसा में 6 लोग घायल हुए है। घटना दादपुर चौक के पास घटी है। जिसमें तीन की स्थिति नाजुक है।जिसे जमुई सदर अस्पताल रेफर किया गया है।सभी खगड़िया जिले के रहने वाले है। इस घटना की सूचना झाझा पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मशरूम ने खोला किस्मत का ताला, यूट्यूब से मिला रास्ता



**बेगूसराय, एजेंसी।** इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद बेगूसराय के अमन का सालाना 4 लाख रुपए के लिए जॉब करना। नौकरी कहीं चली ना जाए इसकी अलग से टेंशन। अचानक कोरोना ने सब कुछ बदल दिया। आज अमन एक लाख रुपए महीना कमा रहे हैं। साथ ही 12 लोगों को जॉब भी दे रखी है। यह संभव हुआ अमन की पॉजिटिव सोच और मेहनत से। वो यूट्यूब पर वीडियो देखते हुए एसी में मशरूम उत्पादन का एक बेहतरीन कॉन्सेप्ट लेकर आए। आज इनका मशरूम बिहार के अलावा बंगाल और झारखंड में भी सप्लाई किया जा रहा है। बेगूसराय के रतनपुर निवासी अमन ने बीटेक की पढ़ाई की थी। इसके बाद वह एक प्राइवेट कंपनी में जॉब कर रहे थे। लेकिन कोरोना में जब घर आए तो फिर जॉब करने वापस नहीं गए। अब वह स्टाफ नहीं मालिक हैं और महीने की उसकी आमदनी एक लाख रुपए है। आमतौर पर मशरूम का उत्पादन सिर्फ ठंड के समय होता है। लेकिन अमन ने एसी में मशरूम उत्पादन शुरू कर दिया। उसके कॉन्सेप्ट से अब बेगूसराय के लोगों को कहीं दूसरे जगह से मशरूम नहीं लाना पड़ता है। बल्कि कोई भी मौसम हो सालों भर अब बेगूसराय के लोग अपने यहां का ताजा मशरूम खाते हैं। पर बेगूसराय का बाजार छोटा होने की वजह से उन्होंने अपने मशरूम की सप्लाई दूसरे राज्यों में भी शुरू कर दी। अमन ने बताया कि घर पर दिनभर बैठे यूट्यूब पर देखता रहता था कि क्या कुछ नया किया जा सकता है। यूट्यूब पर देखते ही देखते मन में ख्याल आया कि अभी अपने यहां के लोग ताजा मशरूम सिर्फ ठंड के समय में ही खाते हैं। शेष दिनों में बाहर से मशरूम मंगाया जाता है। क्यों ना एसी रूम बनाकर मशरूम का उत्पादन शुरू किया जाए। अमन बताते हैं कि पिताजी से मशरूम उत्पादन के संबंध में बात किया। उनसे सहायता लेकर जब काम शुरू किया तो लोग हंसते थे। कहते थे इतना पढ़ लिखकर मशरूम उत्पादन करेगा। दो लाख लोन लेने के लिए बैंक गया तो उन्होंने लोन देने से इनकार कर दिया। क्योंकि उन्हें डर था प्रोजेक्ट फेल हो जाने का। अमन के अनुसार, हमने किसी तरह से आत्मविश्वास के बल पर कारोबार खड़ा किया। आज करीब ढाई करोड़ रुपए टर्नओवर है। एक लाख महीने की आमदनी है।

# बिहार विधानसभा चुनाव से पहले 10 लाख नौकरियां देंगे- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



**सीवान, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद और एक लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। इसकी तैयारी पूर्व से चल रही है। वहीं, अगले वर्ष विस चुनाव से पहले तक दस लाख को नौकरी दे देंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को सीवान और वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जाति आधारित गणना कराई गई है। इसके साथ सबकी आर्थिक स्थिति का आकलन भी हुआ है। प्रदेश के 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लाख रुपये की मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष पुराने राज्य के मंदिरों की चहारदीवारी कराई जाएगी। चहारदीवारी होने से मंदिर सुरक्षित हो जाएगा। हम तो सबके लिए काम करते हैं। कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई, घर-घर बिजली पहुंचाई। नल का जल पहुंचाया। प्रत्येक टोले को पक्की सड़क से जोड़ा। जो थोड़ा-बहुत काम बचे हैं, वे भी जल्द होंगे। 2005 से पहले क्या था यहां, पीएचसी में महीने में 29 मरीज इलाज कराने जाते थे। वहां डॉक्टर और दवा की सुविधा मैंने उपलब्ध कराई तो 11 हजार लोग प्रति महीने इलाज कराने जाते हैं। पांचवीं के बाद लड़कियां पढ़ाई नहीं करती थीं। हमने साइकिल-पोशाक समेत अन्य सुविधाएं स्कूलों में दीं, तब लड़कियां पढ़ रही हैं। सीएम नीतीश ने कहा कि पुलिस सेवा में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण दिया गया है। प्रदेश में 20 हजार महिलाएं पुलिस सेवा में हैं। प्रधानमंत्री की मदद से बिहार में और काम को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि कहीं भी किसी काम की कमी होगी तो उसे पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 के पहले शाम को कोई बाहर नहीं निकलता था। 2005 के बाद में स्कूली छात्राएं अपनी मां को लेकर साइकिल पर निकलने लगीं। बिहार में इस बदलाव को आप नहीं भूलियेगा।

2005 से पहले महिलाएं बोलती तक नहीं थीं। मैं केंद्र में मंत्री था, तब सभी जगह जाते थे। दूसरे प्रदेशों में स्वयं सहायता समूह में महिलाओं को आत्मनिर्भर होते देखता था। बिहार में हमारी सरकार बनी तो जीविका का गठन किया। तब केंद्र में विरोधी पक्ष की सरकार थी। मेरे जीविका के नाम पर केंद्र में आजीविका नाम से स्वयं सहायता समूह का नाम दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### टॉपर प्वाइंट की 25वीं वर्षगांठ मनी

**भागलपुर**। सुरखीकल स्थित टॉपर प्वाइंट में शिक्षा केन्द्र का 25वां वर्षगांठ मनी। इसकी शुरुआत शिक्षा केन्द्र के पूर्व छात्र बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत डॉ. दीपक कुमार, ज्योति कुमारी, मोहन लाल प्रणव पाण्डेय, राहुल रजनीश, राजस्व विभाग पूर्णिया में कार्यरत विक्रम रजक, ई. उत्सव कुमार, ई. आनन्दराज, सॉफ्टवेयर ई. राजेश कुमार ने किया। पूर्व छात्र-छात्राओं को शिक्षा केंद्र द्वारा मंच से सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में अराध्या कुमारी ने दुर्गा स्तुति प्रस्तुत की। वाणी सिंह ने स्वागत गान गाया, जबकि अंतरा ने कजरारे डांस से दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर निदेशक नयन कुमार सिंह,चेयर पर्सन शिक्षा सिंह, हर्षिता रानी व शिवानी कुमारी मौजूद थी।

### परवेज मुजफ्फर सबसे कम उम्र के हज यात्री

**भागलपुर**। देशी दवाखाना में सोमवार को वैद्य देवेन्द्र कुमार गुप्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट (बीएमडीटी) व हड्डी संबंधी बीमारी के लिए निःशुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। जांच के बाद आवश्यकता अनुसार उचित आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक इलाज की विधियों व दवाई का मार्गदर्शन दिया जाएगा। डॉ. जयंत जलद ने बताया कि बीएमडी जांच के द्वारा ऑस्टियोपोरोसिस का निदान संभव है। वैद्य देवेन्द्र कुमार गुप्त ने बताया कि ऑस्टियोपोरोसिस एक ऐसा रोग है जो हड्डियों को कमजोर करके फ्रैक्चर के प्रति संवेदनशील बना देता है। उन्होंने बताया कि 21 मई को देशी दवाखाना में जांच शिविर लगेगा। इसमें सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पंजीयन एवं जांच की सुविधा दी जाएगी। बैठक में डॉ. रतन लाल मिश्रा, डॉ. रंजन ,डॉ. दिलबहार राय, गोबिंद कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह मौजूद थे। भागलपुर भागलपुर से हज यात्रियों का जत्था जाने का सिलसिला जारी है।इसमें सबसे कम उम्र के चंपानगर कसवा के मोहम्मद परवेज मुजफ्फर हैं। उन की उम्र 21 साल है। वे पिता-माता के साथ फरक्का एक्प्रेस से हज के लिए पटना रवाना होंगे। फिर पटना से मुंबई जाएंगे। 27 को उनकी फ्लाइट जद्दा के लिए उड़ान भरेगी। परवेज ने कहा कि कई सालों से हज पर जाने के लिए प्रयास कर रहे थे। लेकिन अल्लाह ताअला ने इस साल फरियाद सुन ली।

### ई-रिक्शा के लिए एक और रूट पर की जा रही कोडिंग

**भागलपुर**।ई-रिक्शा परिचालन के लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से एक और नया रूट तय किया गया है। इस नए रूट पर भी सोमवार को ई-रिक्शा की कोडिंग चालू कर दी गयी है। कुल 25 ई रिक्शा चालकों ने नये रूट पर कोडिंग करायी है। 17 नंबर का यह नया रूट गुरहट्टा चौक से पंखाटोली, शाहजंगी होते नाथनगर, चंपानगर और चंपानगर से नाथनगर, शाहजंगी, पंखाटोली होते गुरहट्टा चौक का है।

### पूर्व प्रेमिका का अश्लील फोटो पोस्ट करने वाला प्रेमी धराया

**भागलपुर**। ब्रेकअप करने से नाराज प्रेमी ने पूर्व प्रेमिका का अश्लील तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करने लगा। पोस्ट वायरल होने पर जब पूर्व प्रेमिका को इसकी भनक लगी तो उसने पुलिस में इसकी शिकायत की। इसके बाद आरोपी प्रेमी को पुलिस ने पकड़ लिया। हालांकि अश्लील फोटो वायरल करने में आरोपी की वर्तमान प्रेमिका की भूमिका भी संदिग्ध है। पुलिस ने उससे भी पूछताछ की है। प्रेम त्रिकोण का यह मामला इशाकचक थाना क्षेत्र का है। रविवार को पीड़िता की शिकायत मिलने पर सोमवार को इशाकचक पुलिस ने आरोपी प्रेमी को पूछताछ के लिए पकड़ कर थाने लायी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी युवक ने बताया कि पूर्व प्रेमिका को उसने बात करने के लिए एक मोबाइल गिफ्ट किया था, लेकिन एक माह पहले ब्रेकअप होने के बाद मैंने उससे मोबाइल वापस ले लिया। वहीं, मोबाइल मैंने अपनी दूसरी प्रेमिका को दे दिया। देने से पहले मैंने मोबाइल पूरी तरह से फॉर्मेट कर दिया था, लेकिन वह अश्लील तस्वीर किसने पोस्ट किया इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि वह अश्लील तस्वीर किसने पोस्ट किया है।

### विवाहिता की हत्या का नामजद गिरफ्तार, जेल

**टेटिया बंबर**। लगभग दो माह पूर्व गंगटा थाना क्षेत्र के कुशमाहा गांव में 32 वर्षीय विवाहिता मायको देवी पति भज्जू हेंब्रम की हत्या के नामजद कुशमाहा लक्ष्मीपुर थाना गंगटा निवासी संजय यादव, पिता सूदो यादव को गंगटा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व मृतक की हत्या के बाबत पति भज्जू हेंब्रम द्वारा थाना में आवेदन दिया गया था। जिसमें तीन लोगों को नामजद किया गया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे, लेकिन पुलिस द्वारा आरोपी के गिरफ्तारी का प्रयास लगातार जारी था। रविवार रात तीन आरोपियों में मुख्य आरोपी संजय यादव को गिरफ्तार किया गया एवं उसे जेल भेज दिया गया।

### रेल प्रशासन ने छोटी पुल मार्ग को किया अवरुद्ध

**जमालपुर**। जमालपुर में ब्रिटिश जमाने की बनी छोटी पुल अब बस जमालपुर वासियों के लिए यादगार बन जाएगी। रेलवे प्रशासन ने उक्त पुल को डिमॉलिश कर वहां नए एफओबी निर्माण का निर्णय लिया है। रेलवे प्रशासन ने सोमवार को पुल के मेन गेट को वेल्डिंग कर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया है। गौरतलब हो कि जमालपुर में रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छोटी पुल को डिमॉलिश कर वहां नए एफओबी निर्माण का निर्णय लिया है। यह एफओबी न सिर्फ जंक्शन के विभिन्न प्लेटफार्मो को जोड़ेगा, बल्कि एफओबी के किनारे स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जिससे न सिर्फ स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा बल्कि रेलयात्रियों को यात्रा के दौरान आवश्यक सामानों की उपलब्धता भी सस्ते दामों पर करवाई जाएगी। पिछले साल ही आवागमन बंद करने का था निर्देश जानकारी के अनुसार बीते 9 अगस्त 2023 को ही मालदा रेलमंडल के डीआरएम विकास चौबे ने छोटी पुल के डिमॉलिश को लेकर पुल से आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया था। ताकि सुरक्षा में किसी तरह की कोई चूक न रह जाए। हालांकि बीच में लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर जमालपुर वासियों की मांग पर तत्काल इस पुल को खोल कर आवागमन शुरू करवा दिया गया था। परंतु सोमवार को रेल प्रशासन ने एक बार फिर से पुल का मार्ग अवरुद्ध कर आवागमन ठप कर दिया गया है।

### योजना के नाम पर घालमेल रूकेगा, अटेंडेंस पर नजर

**जमालपुर**। सरकारी विद्यालयों में सिर्फ नामांकन करा साइकिल, पोशाक समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने वाले छात्रों के लिए बुरी खबर है। सिर्फ वैसे छात्रों को इस योजना का लाभ मिलेगा, जो नियमित तौर पर स्कूल में उपस्थित रहते हैं। उनकी उपस्थिति कम से कम माह में 75 फीसदी हो। फर्जी हाजिरी पर अंकुश लगाने को ले विभाग ने जो रणनीति बनाई है, उससे छात्र से लेकर शिक्षक तक को परेशानी में डाल दिया है। दरअसल, पिछले कुछ माह से ई-शिक्षाकोष व निरीक्षण अभियान के तहत चलाए जा रहे निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति की हकीकत खुलने लगी है। जिसे ले विभाग पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। अगले एक-दो माह में छात्रों को दी जाने वाली साइकिल, पोशाक, छात्रवृत्ति समेत अन्य लाभुक योजनाओं का लाभ के दौरान अधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश विभाग ने दिया है। पिछले डेढ़ माह के दरम्यान जिले के दो दर्जन उच्च व उच्च माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण अधिकारियों द्वारा की गई है। जिसमें निरीक्षण का कोई ऐसा दिन न हो कि निरीक्षित विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 80 फीसदी हो। जिले के निरीक्षित विद्यालयों का औसत छात्रोपस्थिति तकरीबन 50 से 60 फीसदी पाई गई है। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 90% अनिवार्य कर दी गई है। इसके अलावा शिक्षकों की उपस्थित भी शत प्रतिशत अनिवार्य कर दी गई है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि स्कूलों में 90% उपस्थिति नहीं रहने पर प्रधानाचार्य और शिक्षकों पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। इसको लेकर स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाचार्य की जिम्मेवारी बढ़ गई है। पूर्व से लागू निर्देश के अनुसार तीन दिन से अधिक बिना बताये स्कूल नहीं आने वाले बच्चों के अभिभावकों से स्कूल प्रबंधन के द्वारा फोन कर स्कूल नहीं आने का कारण पूछा जाता है।

# सबौर-कहलगांव NH निर्माण में हो रहा देरी पर DM नाराज

## निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को दिया निर्देश, लापरवाही करने वालों पर दर्ज होगी प्राथमिक

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को सबौर-कहलगांव सड़क निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सबौर - कहलगांव सड़क निर्माण में विलंब को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर किया है। एजेंसी के प्रबंधक निदेशक को चेतावनी दिया है। ओर कहा कि निर्धारित समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य पूरा किया करे। साथ ही जहां भी निर्माण काम हो रहा है। वहां सड़क निर्माण के लिए बनाए गए प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत पालन किया जाय। यथा धूल के लिए पानी का छिड़काव विभिन्न प्रकार के सूचना एवं चेतावनी के लिए जगह-जगह पर साइनेज यथा सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, धीमे चलें, सावधान आगे घनी बस्ती है।

**48 घंटे के अंदर रेलिंग बनाने का निर्देशः** DM ने कहा कि 48 घंटे के अंदर निर्माणाधीन पथ में साइनेज लगाते हुए प्रोटोकॉल का अनुपालन करे। इसके साथ ही सभी पुलिया पर रेलिंग होनी चाहिए। उन्होंने एक पुलिया का जिक्र करते हुए कहा कि उनमें रेलिंग नहीं बनाया गया है। 48 घंटे के अंदर वहां रेलिंग बनाया जाए। अन्यथा संबंधित एजेंसी संवेदक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़क निर्माण के लिए लंबी दूरी तक सड़क खोदा गया है, जहां तक सड़क संकरा है वहां तत्काल अगल-बगल में मिट्टी मलवा डालकर सड़क को चौड़ी किया जाए। निर्माण के समय उसे हटा लिया जाए। उन्होंने एन.एच. के कार्यपालक अभियंता बृजनंदन कुमार को कहा कि संवेदक से वर्क प्लान लिखित में मांग की जाए और जिस कनीय अभियंता के क्षेत्र में कार्य किया जाना है उन सभी कनीय अभियंता द्वारा अपने क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल का अनुश्रवण किया जाए। जब संवेदक के पास निर्माण सामग्री उपलब्ध हो तभी सड़क की खुदाई की जाए और जिस खंड में निर्माण कार्य किया जाना है उससे अधिक दूरी में खुदाई नहीं की जाए। एक खंड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ही दूसरे खंड की खुदाई की जाए। सड़क डायवर्सन के लिए एजेंसी द्वारा जितने दिनों के लिए समय की मांग की जाती है उतने दिनों में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह, एडीएम पीजीआरओ एसके रंजन, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता एवं सभी कनीय अभियंता शामिल थे।

## चोरी की दो बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार, एक फरार

निज संवाददाता। हवेली खड़गपुर



हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित मधुबन दरियापुर गांव से खड़गपुर पुलिस ने दो चोरी की बाइक के साथ दो चोर को गिरफ्तार किया, जबकि एक फरार हो गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया थाना क्षेत्र के मधुबन दरियापुर में चोरी की बाइक का कारोबार किये जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर खड़गपुर पुलिस मौके पर पहुंची तो मुख्य सरगना अभिनंदन ठाकुर के पुत्र कोकिया ठाकुर फरार हो गया। लेकिन इसके साथ जो दो अन्य लोग सम्मिलित थे, जिसमें शुभित वर्मा के पुत्र शिवकुमार और कपिल देव के पुत्र सोनू कुमार उर्फ बहिरा दोनों को खड़गपुर पुलिस ने मधुबन दरियापुर से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी के दो मोटरसाइकिल, जिसमें एक बिना नंबर प्लेट के एक अपाचे तथा दूसरा स्प्लेंडर बाइक को बरामद किया गया है। वहीं पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है तथा मुख्य सरगना कोकिया ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## गर्मी छुट्टी पर किलकारी में बच्चों ने सीखे हरियाणवी लोक नृत्य



**भागलपुर** । किलकारी बिहार बाल भवन भागलपुर के कंपनीबाग परिसर में गर्मी की छुट्टी पर हरियाणवी लोक नृत्य व खो-खो खेल का आयोजन सोमवार को किया गया। हरियाणा से आए हरियाणवी नृत्य के विशेषज्ञ संजय वागड़ी व उनके साथ आए उनके सहयोगी शुभम ने हरियाणवी नृत्य लोक का बच्चों को प्रशिक्षण दिया। यहां के बच्चे हरियाणवी लोक नृत्य में बढ़-चढ़कर लिए। संजय वागड़ी ने बताया कि किलकारी के बच्चे काफी प्रतिभावान हैं। वह काफी लगन से सीख रहे हैं। 22 मई को बाल भवन परिसर में यह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। प्रयागराज (उत्तर प्रदेश ) से खेल (खो-खो )की आमंत्रित विशेषज्ञ एनआईएस कोच सपना पांडे ने बच्चों को खो-खो की बारीकियों को सिखाया है। सात दिवसीय इस खेल कार्यशाला में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना व उनको प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी के रूप में तैयार करना है।

## मोटर खराब, डेढ़ माह से जलापूर्ति बंद, बंगाली टोला के 100 परिवार को नहीं मिल रहा पेयजल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर के कहलगांव नगर पंचायत में पेयजल की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। वार्ड नंबर-14 के बंगाली टोला के करीब 100 परिवार को पानी नहीं मिल रहा है। करीब डेढ़ माह से उक्त टोला में पेयजल संकट की समस्या है। मुख्य सड़क में लगे स्टैंड (पानी के पाइप) में पानी जरूर आता है, लेकिन मोहल्ले में पानी आता ही नहीं है। जिसको लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि बच्चे धूप में एक कोश दूर जाकर पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित रूप से आवेदन देकर जल संकट से निजात दिलाने की मांग की है। **आवेदन देने के बाद भी समस्या बरकरारः** आवेदन पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष रेखा कुमारी, वार्ड परिषद सोनम कुमारी ने भी हस्ताक्षर किया है। बताया जा रहा है कि आवेदन को जिला अधिकारी और पीएचईडी के सहायक अभियंता को भी भेजा गया है।

**पूर्व रेलवे**

**मालदा मंडल में पार्किंग संविदा के लिए ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प.बं.) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। बोलीदाताओं को केवल नीचे उल्लेखित वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन बोली लगानी होगी। नीचे उल्लेखित इस निविदा सं. के लिए निविदा दस्तावेज की हार्ड कॉपी बिक्री नहीं की जाएगी। **कार्य का नामः** मालदा मंडल के विभिन्न स्टेशनों में 2, 3, 4 एवं 6 पहिए वाले वाहनों के लिए पार्किंग की संविदा। **क्रमांक एवं सिक्वेंस सं., लॉट नं./श्रेणी, विवरण (पार्किंग लॉट वास्ते), ई-नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय (11:45:00 बजे)** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) एए/1;** पार्किंग-एमएलडीटी-एनएटी-एमएक्स-21-22-2 (पार्किंग-मिश्रित); नाथनगर रेलवे स्टेशन (मंडल मालदा) में प्लेटफॉर्म नं. 01 एवं स्टेशन रोड के बीच की जगह पर दो/तीन/चार/छह पहिए वाले वाहन; 27.05.2024 को 12:15:00 बजे। **(2) एए/2;** पार्किंग-एमएलडीटी-केटीजे-एमएक्स-52-23-1 (पार्किंग-मिश्रित); स्थान खाल्टीपुर रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (मालदा मंडल) में दो पहिए, तीन पहिए एवं चार पहिए वाले वाहन; 27.05.2024 को 12:25:00 बजे। **(3) एए/3;** पार्किंग-एमएलडीटी-एसबीओ-एमएक्स-35-23-1 (पार्किंग-मिश्रित); स्थान स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया (मालदा मंडल) में दो/तीन/चार/छह पहिए वाले वाहन; 27.05.2024 को 12:35:00 बजे। **(4) एए/4;** पार्किंग-एमएलडीटी-एमजीआर-एमएक्स-45-23-1 (पार्किंग-मिश्रित); स्थान स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया (मालदा मंडल) में दो/तीन/चार पहिए वाले वाहन; 27.05.2024 को 12:45:00 बजे। **(5) एए/5;** पार्किंग-एमएलडीटी-बीजीपी-एमएक्स-55-24-1 (पार्किंग-मिश्रित); स्थान भागलपुर में सर्कुलेटिंग एरिया में तीन पहिए एवं चार पहिए वाले वाहन; 27.05.2024 को 12:55:00 बजे। **बयाना राशिः** प्रत्येक क्रमांक के लिए 5%; **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट्टः** **www.ireps.gov.in**, सीनि. डीसीएम/मालदा/पूर्व रेलवे। (MLD-31/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-38 से 39-24-25 (ओपन), दिनांक 20.05.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-38-24-25; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल (रानीगंज, डीएसईवाई, अंडाल जंक्शन, मधुपुर जंक्शन, जसीडीह जंक्शन, दुमका, सिऊड़ी) में संयुक्त लॉबी एवं रनिंग रूम के उन्नयन के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 85,27,410.95; **बयाना राशिः** रु. 1,70,500; **कार्य समापन अवधिः** 09 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.** ओ-एसी-टी-39-24-25; **कार्य का नामः** मौजूदा पुराना तथा क्षतिग्रस्त मंदिर बैरक/आसनसोल का 100 बिस्तरों वाले (प्रत्येक मंजिल पर 50 बिस्तर) जी+1 बैरक में नवीनीकरण/रिमॉडलिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,31,80,961.90; **बयाना राशिः** रु. 2,65,900; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** दोनों क्रमांक के लिए 19.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (ASN-51/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-कॉन-टीआरडी-156-2024-एनआईटी, दिनांक 20.05.2024; निविदा सं.: ईएल-एसडीएएच-कॉन-टीआरडी-156-2024;** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन हेतु पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं समुचित अनुभव के साथ विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस रखने वाले अनुभवी वैद्युतिक ठेकेदारों, साझेदारी प्रतिष्ठानों इत्यादि से ई-निविदा प्रक्रिया के जरिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** "(क) मालदा मंडल के गोड्डा में रखरखाव की बुनियादी सुविधा का एलएचबी रखरखाव डिपो में विकसित करने के संबंध में 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज, 50एचजेड ओवरहेड उपकरण, एलटी सप्लाई ट्रांसफॉर्मर इत्यादि की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, संरचना, जांच एवं चालू करना, (ख) पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में कांचरापाड़ा वर्कशॉप के विभिन्न शॉप में ईएमयू/एमईएमयू/डीईएमयू/टी-कार के पीओएच क्षमता में वृद्धि के लिए बुनियादी सुविधा में बढ़ोतरी हेतु 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज, 50एचजेड ओवरहेड उपकरण, एलटी सप्लाई ट्रांसफॉर्मर की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, संरचना, जांच एवं चालू करना, (ग) पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में बालीघाट एवं बाली हॉल्ट के बीच किमी. 7/15-8/2 पर पुल सं. 15 सीसीआर में आरसीसी बॉक्सों के प्रावधान द्वारा स्टील गर्डर के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युतीय टीआरडी कार्य"। **निविदा मूल्यः** रु. 4,04,77,166.60; **बयाना राशिः** रु. 3,52,400; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 09 (नौ) महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** 20.06.2024 को दोपहर 12.30 बजे। निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है तथा ऊपर उल्लेखित निविदा बंद होने की तारीख एवं समय को अथवा उससे पहले इस निविदा के तहत ऊपर उल्लेखित "निविदा दस्तावेज की कीमत" तथा "बयाना राशि" का ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत वहां बोलियां जमा की जा सकती है। इस निविदा के तहत ऊपर उल्लेखित सभी दस्तावेज के साथ सभी पहलुओं में परिपूर्ण निविदाएं **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा दस्तावेज, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी संशोधनी (यदि कोई हो) तथा अन्य मूल जानकारियां **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा सूचना का विस्तृत विवरण उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है। (CON-17/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 25_2024-25, दिनांक 21.05.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन। कार्य का विवरणः** एईएन/एचक्यू/एचडब्ल्यूएच के अधीन प्लेटफॉर्म नं. 24 को शुरू करने के संबंध में प्लेटफॉर्म कॉपिंग वॉल, कॉपिंग स्लैब, अर्थ कटिंग, ड्रेन, ट्रैक बेड इत्यादि का प्रावधान। **अनुमानित लागतः** रु. 2,33,29,660.43; **बयाना राशिः** रु. 2,66,700; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** रु. 0.00; **समापन अवधिः** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 4 (चार) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 12.06.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-67/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-32 से 37-24-25 (ओपन), दिनांक 17.05.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, केस सं.** ओ-एसी-टी-32-24-25; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के लिए मथुरापुर/राजग्राम/पाकुड़/हरिणसिंह क्वैरी से बीओबीवाईएन टाइप रेलवे वैगनों में 50000 घन मी मशीन से तोड़ गए हार्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 7,15,68,000; **बयाना राशिः** रु. 5,07,800; **कार्य समापन अवधिः** 10 महीने। **क्रमांक 2, केस सं.** ओ-एसी-टी-33-24-25; **कार्य का नामः** आसनसोल मंडल के लिए सीनि. डीईएन/1/आसनसोल के अधीन वर्ष 2023-2024 के लिए मानसून के दौरान आपातकालीन सामग्रियों के रूप स्टोन डस्ट की आपूर्ति के साथ में लोडिंग एवं अनलोडिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 2,68,24,567.14; **बयाना राशिः** रु. 2,84,100; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 3, केस सं.** ओ-एसी-टी-34-24-25; **कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/3/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के अधीन टीआरआर(पी), टीएसआर(पी), सीटीआर(पी), बीसीएम के साथ आनुषंगिक कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 3,02,25,402.08; **बयाना राशिः** रु. 3,01,100; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 4, केस सं.** ओ-एसी-टी-35-24-25; **कार्य का नामः** सीनि. डीईएन/4/आसनसोल के क्षेत्राधिकार के अधीन आसनसोल मंडल में विभिन्न आरयूबी में मानक ऊंचाई के गेज के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 93,49,445.45; **बयाना राशिः** रु. 1,87,000; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 5, केस सं.** ओ-एसी-टी-36-24-25; **कार्य का नामः** डीईएन/4/आसनसोल के अधीन सीतारामपुर-बाराबानी में एलसी गेट नं. 38/सी/ई के स्थान पर एलएचएस के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.7,32,63,445.48; **बयाना राशिः** रु. 5,16,300; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **क्रमांक 6, केस सं.** ओ-एसी-टी-37-24-25; **कार्य का नामः** एक्सईएन/बीआरएल/आसनसोल के अधीन जी.सी. अनुभाग में कुल्टी एवं बराकर के बीच पुल सं. 11ए (आरओबी) के पुनर्निर्माण तथा रीगर्डरिंग के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 3,13,12,232.06; **बयाना राशिः** रु. 3,06,600; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद होने की तारीख एवं समयः** प्रत्येक क्रमांक के लिए 19.06.2024 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। (ASN-50/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## उदारता से नागरिकता

नागरिकता संशोधन अधिनियम अर्थात सीएए के तहत नागरिकता देने की शुरुआत सुखद और स्वागतयोग्य है। देश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो भारतीय नागरिकता के हकदार हैं। ऐसे लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने के लिए ही सीएए लाया गया है। विगत चार वर्ष से इसका विरोध हो रहा था, तो इसे लागू करने की मांग भी सुनाई पड़ती थी। अंतत- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता प्रमाणपत्र का पहला सेट बुधवार को जारी कर दिया, जिसके तहत नई दिल्ली में 14 आवेदकों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। जाहिर है, केंद्र सरकार के इस कदम से नागरिकता की आस लगाए बैठे लोगों को अपार खुशी हुई होगी। अगर यही कवायद पहले शुरू होती, तो अब तक ज्यादा लोग लाभान्वित हुए होते। दरअसल, सीएए का विरोध इतना तीव्र था कि केंद्र सरकार ने कानून तो बना दिए, पर नियम तय न हो सके। इसी साल नियम तय हुए और नागरिकता देने की शुरुआत हुई है। नागरिकता संशोधन नियम, 2024 के बारे में देशवासियों को पूरी तरह से जागरूक रहना चाहिए। जो विदेशी भारत में बगैर वैधता रह रहे हैं, उनको जरूरत और इंसाफ के आधार पर नागरिकता लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कोई आश्चर्य नहीं, जिन लोगों को नागरिकता मिली है, उनकी खुशी पर गौर करना चाहिए। जिनको नागरिकता दी गई है, उनमें से ज्यादातर पाकिस्तान से बहुत कष्ट भोगने के बाद भारत आने को मजबूर हुए थे और दशक भर से ज्यादा समय से नागरिकता का इंतजार कर रहे थे। ध्यान रहे, इस अधिनियम के तहत, सरकार ने बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में सताए गए गैर–मुस्लिम प्रवासियों को आसानी से भारतीय नागरिकता देने का फैसला किया है। नागरिकता पहले भी मिलती थी, पर अब उसमें तेजी आ जाएगी। बहरहाल, सीएए के विरोध को भी समझने की जरूरत है। ऐसे लोग हैं, जो हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई के साथ ही मुस्लिमों को भी भारतीय नागरिकता की सुविधा देने के पक्ष में हैं। ऐसे लोग भारत को धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में देखते हैं और पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में सताए जाने वाले मुस्लिमों के लिए भी भारत के दरवाजे खुले रखना चाहते हैं। खांटी सांप्रदायिक आधार पर बने तीन पड़ोसी देशों के बीच धर्मनिरपेक्ष भारत से जैसी विशेष उदारता की उम्मीद की जा रही है, उस पर व्यापक बहस की गुंजाइश से भला कैसे इनकार किया जा सकता है निस्संदेह, आगामी पांच वर्ष में केंद्र सरकार के लिए यह विचारणीय विषय हो सकता है। एक पहलू यह भी है कि सीएए को रद्द कर देने की भी बात हो रही थी। हालांकि, रद्द करने का फैसला समयानुकूल नहीं होगा, इसमें बहुमत के आधार पर संशोधन की कोशिश पर्याप्त रहेगी। यह कानून विदेशियों नहीं, बल्कि भारतीयों के बीच लोकप्रिय होना चाहिए। इसकी लोकप्रियता इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकारी एजेंसियां इसे कैसे लागू करती हैं। नागरिकता अपने आप में बहुत बड़ा व संवेदनशील विषय है। मजबूर होकर भारत आए लोग संवेदना के भूखे हैं। अगर उन्हें वैधता हासिल होती है, तो वे अपने नए देश की तरक्की के लिए ज्यादा मन से काम करेंगे। भारत पहुंचकर किसी भी सताए गए व्यक्ति को प्रेम का अनुभव होना चाहिए, नफरत का नहीं, पर जो लोग अवैधता, अलगाव और द्वेष के साथ यहां रहना चाहते हैं, उनके प्रति कानून की हथेलियां खुरदुरी ही रहें, तो बेहतर है।

# शिवाजी महाराज के शासनकाल की आर्थिक नीतियां

(प्रह्लाद सबनानी)

शिवाजी महाराज के राज्य में प्रारम्भिक काल में व्यापार बहुत कम मात्रा में होता था और राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। इस राज्य में उस समय चौथ एवं सरदेशमुखी, यह दो प्रकार के कर प्रचलन में थे। इतिहास के किसी भी खंडकाल में भारतीय सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए किए गए समस्त प्रकार के कार्यों में सफलता निश्चित मिलती आई है। ध्यान में आता है कि भारतीय आर्थिक दर्शन भी सनातन संस्कृति के अनुरूप ही रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज भी हमारे वेदों एवं पुराणों में वर्णित नियमों के अनुसार ही अपने राज्य में आर्थिक नीतियों का निर्धारण करते थे। अपनी रियासत के नागरिकों को किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं हो और वे परिवार सहित अपने लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था आसानी से कर सकें, इसका विशेष ध्यान आपके शासनकाल में रखा जाता था। उस खंडकाल में नागरिकों के लिए रोजगार हेतु कृषि क्षेत्र ही मुख्य आधार था। कृषि गतिविधियों के साथ साथ पशुपालन कर ग्रामों में निवासरत नागरिक अपने एवं अपने परिवार का भरण पोषण सहज रूप से कर पाते थे एवं अति प्रसन्नचित तथा संतुष्ट रहते थे, हालांकि कालांतर में व्यापार एवं उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाने लगा था। विश्व के कई भागों में सभ्यता के उदय से कई सहस्त्राब्दी पूर्व, भारत में उन्नत व्यवसाय, उत्पादन, वाणिज्य, समुद्र पार विदेश व्यापार, जल, थल एवं वायुमार्ग से बिक्री हेतु वस्तुओं के परिवहन एवं तत्संबंधी आज जैसी उन्नत नियमावलियां, व्यवसाय के नियमन एवं करारोपण के सिद्धांतों का अत्यंत विस्तृत विवेचन भारत के प्राचीन वेद ग्रंथों में प्रचुर मात्रा में मिलता है। प्राचीन भारत में उन्नत व्यावसायिक प्रशासन व प्रबंधन युक्त अर्थतंत्र के होने के भी प्रमाण मिलते हैं। हमारे प्राचीन वेदों में कर प्रणाली के सम्बंध में यह बताया गया है कि राजा को अत्यधिक कराधान रूपी अत्याचार से विरत रहना चाहिए। कौटिल्य के अनुसार करों की अधिकता से प्रजा में दरिद्रता, लोभ, असंतोष, विराग आदि भाव उपजते हैं। राजा द्वारा, स्मृतियों द्वारा निर्धारित, कर के अतिरिक्त अन्य कर लगाया जाना निछिद्ध था। कर की मात्रा वस्तुओं के मूल्य एवं समय पर निर्भर होती थी। राजा सामान्यतया उपज का छठा भाग ले सकता था। हां आपत्ति के समय अतिरिक्त कर लगाने की केवल एक बार की छूट रहती थी। अनुर्वर भूमि पर भारी कर नहीं लगाया जाता था। कर सदैव करदाता को हल्का लगे, जिसे वह बिना किसी कठिनाई व कर चोरी के चुका सके। जिस प्रकार मधुमक्खी पुष्पों से बिना कष्ट दिए मधु लेती है, उसी प्रकार राजा को प्रजा से बिना कष्ट दिए कर लेना चाहिए। कर प्रणाली के माध्यम से आर्थिक असमानता एवं घाटे की वित्त व्यवस्था पर अंकुश लगाया जाता था। चुंगी को भी कर की श्रेणी में शामिल किया जाता था, जो क्रेताओं एवं विक्रेताओं द्वारा राज्य के बाहर या भीतर ले जाने या लाए जाने वाले सामानों पर लगती थी। राजा के पास राजकोष के लिए तीन साधन थे- उपज पर राजा का भाग, चुंगी एवं दंड। इस प्रकार राजकोष पर प्राचीन ग्रंथों में अत्यंत विस्तृत व व्यावहारिक विमर्श पाया जाता है। शिवाजी महाराज के राज्य में प्रारम्भिक काल में व्यापार बहुत कम मात्रा में होता था और राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। इस राज्य में उस समय चौथ एवं सरदेशमुखी, यह दो प्रकार के कर प्रचलन में थे। नागरिकों को राज्य में सुरक्षा प्रदान करने के एवज में चौथ नामक कर लगाया जाता था। इस प्रकार का कर अन्य रियासतों द्वारा भी अपने नागरिकों से वसूला जाता था, उस खंडकाल में यह एक सामान्य कर था, जिसके अंतर्गत किसानों एवं श्रमिकों को यह आश्वासन दिया जाता था कि राज्य पर किसी भी बाहरी आक्रमण के समय इन नागरिकों को प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रदान की जावेगी। दूसरी ओर, सरदेशमुखी नामक कर प्रचलन में था। इस कर प्रणाली के अन्तर्गत, राज्य द्वारा जमीन पर अर्जित की गई आय का 10 प्रतिशत हिस्सा कर के रूप में किसानों से वसूल किया जाता था। शिवाजी महाराज ने 1660 के दशक के शुरुआती वर्षों में ही उक्त वर्णित दोनों प्रकार के कर अपने नागरिकों से लेना शुरू कर दिए था। सरदेशमुखी कर वसूल करते समय प्रशासन द्वारा इस बात का ध्यान जरूर रखा जाता था कि जिन किसानों की जमीन कम उपजाऊ है, उनसे कर की वसूली कम दर पर की जाय ताकि इस श्रेणी के किसानों को अपने एवं परिवार के जीवन यापन में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। कौन सी जमीन अधिक उपजाऊ एवं कौन सी जमीन कम उपजाऊ है, यह जानने के लिए समय समय पर सर्वेक्षण भी कराए जाते थे और इस सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर ही विभिन्न किसानों के लिए कर की दर निर्धारित की जाती थी। साथ ही कर की अधिकतम राशि भी निर्धारित की जाती थी एवं यह कुल उपज के एक तिहाई से अधिक नहीं रखी जाती थी। सरदेशमुखी मानक कर केवल उपज पर ही लगाया जाता था। शिवाजी महाराज के राज्य में खेती-बाड़ी ही राजस्व का मुख्य और लगभग इकलौता जरिया था, अतः शिवाजी महाराज का प्रशासन परती जमीन पर खेती करने वालों को उचित रियायतें भी प्रदान करता था। इन किसानों से कम दर पर कर लिया जाता था। कई बार तो पहले चार वर्षों के लिए प्रशासन द्वारा पट्टे पर दी गई जमीन पर किसानों से कोई किराया ही नहीं वसूला जाता था, पांचवें साल में आधा किराया वसूला जाता था और फिर उसके बाद पूरा किराया वसूला जाता था। शिवाजी महाराज के प्रशासन द्वारा उस खंडकाल में जारी एक सर्कुलर से यह पता चलता है कि शिवाजी महाराज द्वारा किसानों को आवश्यकता पड़ने पर ब्याज मुक्त ऋष्ण भी प्रदान किया जाता था, ताकि किसान अपने कृषि कार्य को सुचारू रूप से जारी रख सकें। प्रशासन के नियमों के अनुसार किसानों से केवल मूलधन की राशि ही वापिस ली जाती थी और वह भी किश्तों में। शिवाजी महाराज के शासनकाल में कृषि क्षेत्र पर दबाव कम करने के उद्देश्य से नमक उद्योग को भी बढ़ावा दिया गया था एवं नमक उद्योग में राज्य ने भी अपना निवेश किया था। इससे किसानों के लिए यह आय का एक अतिरिक्त स्त्रोत बनकर उभरा था। शिवाजी महाराज के राज्य में प्रशासन द्वारा नमक उद्योग को बढ़ावा दिए जाने के पूर्व नमक का आयात पुर्तगाली व्यवसाईयों के माध्यम से होता था। राज्य में नमक के आयात को कम करने एवं अपने राज्य में उत्पादित नमक के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुर्तगाल से आयात किए जाने वाले नमक पर प्रशासन ने आयात कर को बढ़ा दिया था।

> *आयात कर का चलन शिवाजी महाराज के शासन काल में ही प्रारम्भ हुआ था। शिवाजी महाराज के प्रशासन द्वारा नमक उद्योग को प्रदान की गई विशेष सुविधाओं के चलते कुछ समय पश्चात तो राज्य से नमक का निर्यात भी होने लगा था जिससे धीरे धीरे पानी के जहाज बनाने का उद्योग भी राज्य में फलने फूलने लगा था। कालांतर में पानी के जहाजों का इस्तेमाल राज्य में नौ सेना के लिए भी किया जाने लगा था।*

# चाबहार बंदरगाह पर रिश्तों के जहाज

(विवेक काटजू, पूर्व राजदूत)

चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत और ईरान के बीच हुआ ताजा समझौता काफी अहम है। यह आपसी रिश्ते को तो नई ऊंचाई देगा ही, 'कनेक्टिविटी' की दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। दोनों देशों के संबंधित मंत्रियों की मौजूदगी में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल), जो भारत की एक सार्वजनिक कंपनी है और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन के बीच यह तय हुआ है कि शाहिद बेहेश्ती बंदरगाह-चाबहार के आधुनिकीकरण में भारतीय कंपनी अगले 10 साल में लगभग 37 करोड़ डॉलर खर्च करेगी और उसका प्रबंधन व संचालन भी करेगी। इस रकम में से करीब 12 करोड़ डॉलर की धनराशि बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश की जाएगी, जबकि शेष 25 करोड़ डॉलर बतौर कर्ज ईरान को दिया जाएगा। चाबहार बंदरगाह को विकसित करने की भारतीय मंशा दशकों पुरानी है। यह बंदरगाह ईरान के दक्षिण-पूर्वी तट पर है, जहां से अफगानिस्तान-ईरान सीमा पर स्थित जरांज शहर के जरिये दक्षिणी अफगानिस्तान का पूरा फलक खुल जाता है। आज से 22 साल पहले 2002 में ही वाजपेयी सरकार ने दूरंदेशी दिखाते हुए जरांज से दिलाराम तक सड़क बनाने में अफगानिस्तान की मदद की थी। यह सड़क चाबहार से अफगानिस्तान और अफगानिस्तान के जरिये मध्य एशिया, आगे रूस व यूरोपीय देशों के लिए रास्ता खोलती है। इसके साथ-साथ, ईरान की सहभागिता वाला अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा भी भारत के वाणिज्यिक हितों को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका अदा करेगा। हमें भूलना नहीं चाहिए कि पाकिस्तान अपने पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के जरिये अफगानिस्तान का मार्ग हमारे निर्यात के लिए कभी नहीं खोलेगा, जबकि इस्लामाबाद व बीजिंग की मंशा अफगानिस्तान को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से जोड़ने की भी है, जिसकी कड़ी ग्वादर बंदरगाह से जुड़ी है। ऐसे में, आर्थिक और वाणिज्यिक नजरिये से स्वाभाविक ही चाबहार बंदरगाह का विकास हमारे हित में है। इससे हमारा सामरिक हित भी जुड़ा हुआ है। शाहिद बेहेश्ती बंदरगाह-चाबहार पर समझौते के बाद अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा है कि ईरान से सहयोग करने वालों को वे अमेरिकी प्रतिबंध याद रखने चाहिए, जो वाशिंगटन ने तेहरान पर लगा रखे हैं। अभी हमें यह नहीं पता कि अमेरिकी प्रवक्ता की यह प्रतिक्रिया बस औपचारिक थी या फिर अमेरिकी प्रशासन ने चाबहार की अपनी नीति बदल ली है दरअसल, 2016 में जब भारत और ईरान के बीच चाबहार को लेकर एक समझौता हुआ था, तब प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका ने यह एलान किया था कि चाबहार के विकास के लिए दिया जाने वाला भारतीय सहयोग प्रतिबंध के दायरे से बाहर रहेगा। लिहाजा, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ठीक ही कहा है कि चाबहार के सहयोग को संकीर्ण नजरिये से नहीं देखना चाहिए, क्योंकि इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा। यह भी मुमकिन है कि भारत और अमेरिका की इस मसले पर परदे के पीछे बातचीत हुई हो, क्योंकि अमेरिकी प्रवक्ता के बयान में तल्खी नहीं थी। संभावना यह भी है कि घरेलू दबाव के चलते अमेरिका ने यह बयान दिया हो, क्योंकि इस साल वहां पर राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है और बाइडन प्रशासन ने ईरान के प्रति काफी कड़ा रुख अपनाया है। बहरहाल, ईरान पश्चिम एशिया का एक बड़ा देश है। भारत के साथ उसके राजनीतिक संबंध और आधुनिक काल में, विशेषकर ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग दोनों देशों के लिए लाभदायक रहे हैं। हालांकि, सच यह भी है कि अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते कई भारतीय कंपनियों ने ईरान से दूरी बनाए रखी थी। वे वहां निवेश करने से तो बचती ही थीं, ईरानी कंपनियों के साथ साझेदारी से भी हिचकती थीं, क्योंकि उनको डर था कि ऐसा करने से अमेरिकी कंपनियों से उनका रिश्ता या अमेरिका में उनका संचालन प्रभावित हो सकता है। भारत सरकार ने भी ईरान के साथ अपने संबंधों को आगे बढ़ाने में अमेरिकी प्रतिबंधों को ध्यान में रखा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5377

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5376

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5377



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. भारत का सबसे अधिक राज्यों के साथ सीमा (8 राज्य) बनाने वाला राज्य (6)
6. आनंद, सुख, लुत्फ, स्वाद, रस (2)
7. कामदेव, मनोज, रतिपति (3)
8. स्थिति, अवस्था, हालत (2)
9. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण इस नदी का एक नाम कालिंदी भी है (3)
10. भारयुक्त होना, भारी वस्तु का दुसरी वस्तु पर बोझ के रूप में रखा जाना (3)
12. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
13. पुत्र, सुत, पूत (2)
14. औलाद, पुत्र या पुत्री, संतति (3)
16. तरकारी, हरी सब्जी, भाजी (2)
18. जख्म पर लगाया जाने वाला गाढ़ा और चिकना लेप (4)
19. गिरवी रखने का भाव या क्रिया रहने का ढ़ंग (3)
20. पकाकर उबालकर बनाया हुआ चावल (2)

**ऊपर से नीचे**
1. हिंदु धर्म के सोलह संस्कारों में से एक जिसमें यज्ञोपवीत धारण किया जाता है (8)
2. हिंडोले पर झूलना, पेंगे मारना, झूमते हुए चलना (4)
3. अवाम, पब्लिक, रिआया, रैयत (2)
4. पुरानी फिल्मों की पार्श्व गायिका जिन्होंने हिंदी के अलावा बंगाली, मराठी, गुजराती, तमिल एवं पंजाबी भाषाओं में लगभग 6000 से अधिक गाने गाए है (7)
5. कपि, बंदर (3)
8. समूह, गुट, पंखुडी, गिरोह (2)
11. छोटे कद का, ठिगना, बौना (2)
15. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन करने की क्रिया (3)
16. हिम्मत, पराक्रम, बहादुरी (3)
17. उचित से अधिक, यथेष्ट, अधिक मात्रा में, ज्यादा (3)

### वर्ग पहेली 5376 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | र | ग | द | | ग | ठि | या |
| ल | त | म | र्द | न | | ग | म |
| दे | | क | | व | र | ना | |
| व | क्ष | | स | जी | व | | श्या |
| | मा | मा | | व | | सौ | म |
| | प्र | ह | स | न | | ह | ल |
| | दा | वा | | | रा | व | |
| पा | न | र | | बे | ह | त | र |

# आज का राशिफल

### मेष
आज पुराने मित्रों के सहयोग से कार्यक्षेत्र में अनुकूलता रहेगी और आपको लाभ होगा। बुद्धि विवेक से लिए गए निर्णय लाभप्रद होंगे और आपको हर मामले में सफलता प्राप्त होगी। आपके पुरूषार्थ और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा। आज आपको किसी राजनीतिक समारोह में भाग लेने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

### वृष
आज आपको हानि हो सकती है। कारोबारियों के लिए भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी। आप अपनी बात को लोगों के समक्ष दृढ़तापूर्वक रखने में कामयाब होंगे। रात का समय आनंद में बीतेगा। सैर सपाटे तथा मौज मस्ती में व्यतीत होगा। किसी भी यात्रा को सावधानी से करें।

### कर्क
आज आपका दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ फलदायक रहेगा। पहला दिन यात्रा में बीतेगा। दोपहर बाद किसी उच्च अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सायंकाल के समय रुका धन मिलने से आपको लाभ होगा। अतिथि आगमन से खर्च बढ़ सकता है।

### सिंह
आज लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आज आप अपनी बुद्धि से हर कार्य कर पाएंगे। लेनदेन में सावधानी बरतें। धन के मारे जाने की संभावना है। आज किसी पर भरोसा न करें और अपने काम पर फोकस करें। बिना वजह किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें। रिश्तेदारों से दूर रहें।

### मिथुन
आज का दिन शुभ होगा और आज आप कारोबार के लिए नई योजनाएं बनाएंगे। किसी का पुराना उधार चुका पाएंगे। संतान पक्ष का पूर्ण सुख व सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक साधनों पर व्यय होने के योग हैं। विपरीत लिंग के मित्र से कटुता हो सकती है। आज नई विधाएं सीखने के अवसर प्राप्त होंगे।

### कन्या
आज लाभ होगा और आप अपने पुराने रुके कार्य पूर्ण होंगे। हर प्रकार के झंझट से आप दूर रहें। आज आप अपनी बात को सत्य सिद्ध कर देंगे। आज आपके विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आपको लाभ होगा और आपको कारोबार में फंसी पेमेंट प्राप्त होगी।

### तुला
आज शुभ ग्रहों से आपको लाभ होगा। भौतिक सुख समृद्धि में वृद्धि के योग हैं। परिजनों और सहकर्मियों से प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम से लेकर रात तक आपके जीवन में प्रसन्ता का माहौल रहेगा। दिन का कुछ हिस्सा आध्यात्मिक व धार्मिक कार्यों पर व्यतीत होगा। आपका शुभ व्यय भी हो सकता है, जिससे आपकी कीर्ति बढ़ेगी।

### वृश्चिक
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। प्रतियोगी परीक्षा और राजनीतिक क्षेत्र में आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपको विजय प्राप्त होगी। शाम से लेकर रात का समय किसी मांगलिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### मकर
आज करियर में लाभ होगा। संतान पक्ष से हर्षदायक समाचार मिलेगा। आप उनके करियर को लेकर संतुष्ट रहेंगे। धार्मिक कार्यों में अधिक रुचि रहेगी। व्यापार की दृष्टि से आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं और काम धंधा आपका अच्छा चलेगा।

### कुंभ
आज आपको किसी महान व्यक्ति से लाभ होगा। आज अकस्मात् किसी महान अधिकारी से आपका विवाद हो सकता है। खाने को उत्तम प्रकार के व्यंजन मिलेंगे। खानपान पर विशेष नियंत्रण भी रखें अन्यथा पेट खराब हो सकता है। कहीं पास और दूर की यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

### धनु
आज का दिन लाभ देने वाला है। आपको निर्मूल विवादों से छुटकारा मिलेगा। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। आज परिवार में कुछ लोगों से आपको झगड़ा हो सकता है। आपके सारे काम आज बन जाने से कुछ लोग आपसे ईर्ष्या करेंगे।

### मीन
आज आपके रास्ते में आ रही बाधाएं दूर होंगी। पूजा पाठ सत्संग में रुचि बढ़ेगी। नवीन व्यापार के लिए नई योजनाएं बनेंगी जो आगे चलकर धन लाभ कराएगी। आज आपको भाई बहनों का सुख और सहयोग प्राप्त होगा। आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। शाम से लेकर रात आप कुछ जरूरी बातों पर चर्चा करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### गोदाम से लाखों का सामान चोरी

**देवघर, एजेंसी।** नगर थाना अंतर्गत खोरादह अवस्थित एक गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने डीजे मशीन सहित अन्य सामान की चोरी कर ली है। घटना को लेकर खोरादह निवासी प्रदीप कुमार यादव ने थाना में अज्ञात के खिलाफ शिकायत की है। कहा है कि वह डीजे व डेकोरेटर चलाता है। घर से 500 मीटर की दूरी पर उसका गोदाम है। उसमें डीजे व डेकोरेटर्स का सामान रखता है। लग्न नहीं रहने के कारण सभी सामान गोदाम में सुरक्षित रख दिया है। 19 मई को जब गोदाम देखने गया तो वहां रखे सभी सामान नहीं थे। पता चला कि छत के ऊपर कमरे में लगा दरवाजा का ताला तोड़कर चोरों ने सामानों की चोरी कर ली है। चोरी गए सामानों की कीमत लगभग 1.5 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### गिरफ्तार युवक से पूछताछ करेगी मुंबई पुलिस

**देवघर, एजेंसी।** साइबर क्राइम के आरोप कुंडा थाना अंतर्गत गौरीपुर से गिरफ्तार दीपक कुमार से मुंबई पुलिस पूछताछ करेगी। इसकी जानकारी साइबर थाना को दी गयी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पर मुंबई, देहरादून के अलावे अन्य कई राज्यों में साइबर क्राइम का मामला दर्ज है। गिरफ्तारी की जानकारी सभी राज्यों की पुलिस को होने के बाद पूछताछ की जानकारी थाना को दी है। बता दें कि रविवार को साइबर थाना पुलिस ने गौरीपुर में छापेमारी कर साइबर क्राइम के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है।

### दुमका : कोरधा में छत से गिरकर बालक की मौत

**देवघर, एजेंसी।** दुमका जिला के कोरधा गांव में सोमवार शाम खेलने के दौरान घर की छत से गिरकर 8 वर्षीय बालक की मौत हो गयी। मामले की जानकारी परिजनों को होते ही इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल लाया। ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी ओपी प्रभारी को दे दी। घटना के संबंध में मृतक बालक प्रिंस कुमार की मां रोजी देवी ने बताया कि दोस्तों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान सभी दोस्त घर की छत पर चढ़ गये। इसकी जानकारी घरवालों को नहीं थी। खेलने के क्रम में प्रिंस छत के किनारे चला गया और वहां से फिसलकर जमीन पर गिर गया। छत से गिरता देख साथी बच्चे हल्ला करने लगा। सूचना होने पर पहुंची तो हालत गंभीर देख इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### अपहृत युवक घर लौटा, पुलिस कर रही है पूछताछ

**देवघर , एजेंसी।** मोहनपुर पुलिस मोहनाकनाली गांव के एक युवक से पूछताछ कर रही है। बता दें कि रविवार दोपहर 12 :30 बजे 35 वर्षीय पप्पू कुमार यादव के रहस्यमय परिस्थिति में अपहरण की सूचना भांजे ने पुलिस को दी थी। साथ ही बहन ने एसपी को सूचना दी थी। सूचना पर पुलिस ने बरामदगी के लिए मोबाइल लोकेशन के आधार पर तपोवन, त्रिकुट पहाड़ में छापेमारी की। फोन लोकेशन हर आधे घंटे में बदल रहा था। पुलिस ने भांजे के साथ दिनभर कई इलाके में छापेमारी की, परंतु शाम 7 बजे तक सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं 7 :30 बजे शाम में युवक के खुद घर आ जाने की जानकारी घरवालों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस उसके घर पहुंची व मामले के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन युवक वहां से फरार हो गया। पुलिस को मामले के बारे में संदहे होने पर पूछताछ के लिए पिता व परिजनों को थाना बुलाया। पारिवारिक दबाव के बाद देर रात युवक थाना पहुंचा।

### नहीं दुरुस्त हुआ एमजीएम का एक्स-रे मशीन

जमशेदपुर, एजेंसी। एमजीएम अस्पताल की एक एक्स–रे मशीन खराब हो गया है। कुछ दिन पहले ठनका गिरने से मशीन का डीआर सिस्टम काम नहीं कर रहा है। इससे मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। एक मशीन के भरोसे रोजाना 300 से 400 मरीजों का एक्स–रे हो रहा है। इसमें काफी समय लग रहा है। गंभीर मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डीआर सिस्टम को ठीक करने में कम से कम तीन से चार दिन का समय लग सकता है।

# झारखंड में अभी तक 121 करोड़ 91 लाख की हो चुकी है अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि पांचवें चरण के मतदान से पहले अभी तक 121 करोड़ 91 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती हुई। रवि कुमार ने यहां रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में संवाददाता सम्मेलन में कहा किस भी बूथ व्यवस्थित किए जा चुके हैं। मतदानकर्मी मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को सुविधाजनक ढंग से मतदान केंद्र जाकर मतदान करवाने के लिए तमाम उपाय किए गए हैं।

इस फेज में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े सात जिले समाहित हैं। यहां कुल 58,34,618 मतदाता हैं। इनमें 29,99,233 पुरुष और 28,35,329 महिला मतदाता हैं। कुल बूथों की संख्या 6705 है। इनमें से 575 बूथ शहरी क्षेत्र में और 6130 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 73 बूथ महिलाओं, 13 बूथ दिव्यांगों और 13 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं 36 यूनिक बूथ हैं, जो उस क्षेत्र की पहचान से जुड़े होंगे। उन्होंने बताया कि पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है। वहीं मतदान सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा, जिस बूथ पर शाम पांच बजे तक मतदाता कतार में होंगे, उनके मतदान तक मतदान प्रक्रिया जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 16,89,926 मतदाता हैं, जिनमें 8,61,959 पुरुष और 8,27,965 महिला मतदाता हैं। चतरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1899 बूथ हैं। उनमें 112 शहरी क्षेत्र में और 1787 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 16 बूथ महिलाओं, 4 बूथ दिव्यांगों और 3 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 5 यूनिक बूथ हैं। उन्होंने बताया कि कोडरमा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 22,05,318 मतदाता हैं, जिनमें 11,40,049 पुरुष और 10,65,246 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2552 बूथ हैं। उनमें 136 शहरी क्षेत्र में और 2416 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 23 बूथ महिलाओं, 1 बूथ दिव्यांगों और 4 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 20 यूनिक बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हजारीबाग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 19,39,374 मतदाता हैं, जिनमें 9,97,225 पुरुष और 9,42,118 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2254 बूथ हैं। उनमें 327 शहरी क्षेत्र में और 1927 ग्रामीण इलाके में हैं। इनमें से 34 बूथ महिलाओं, 8 बूथ दिव्यांगों और 6 बूथ युवाओं के द्वारा संचालित होंगे। वहीं इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 11 यूनिक बूथ हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 121 करोड़, 91 लाख, 54 हजार की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। उसमें से आयकर विभाग की जांच के दायरे में 5,07,72,332 रुपए की नकद राशि और अन्य बहुमूल्य सामग्री शामिल है। जांचोपरांत इनमें से 2,99,76,200 रुपए की नकद राशि एवं 20,70,043 रुपए मूल्य की सामग्री जब्त कर ली गई। वहीं 1,62,51,172 की नकदी को संबंधितों को वापस कर दिया गया।

## पानी मांगने पर पिलाने लगे पेशाब, झारखंड में युवक के साथ दरिंदगी

**रांची/पटना, एजेंसी।** झारखंड से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। कुछ लोगों ने एक युवक को बंधक बनाकर मारपीट किया। प्यास लगने पर जब युवक ने पानी मांगा तब आरोपियों ने उसे जबरदस्ती पेशाब पिला दिया। आरोपियों ने युवक का सिर भी फोड़ दिया। यह दुमका की घटना है।35 साल के युवक का अपहरण कर घर में बंधक बनाकर मारपीट करने और पानी मांगने पर जबरन पेशाब पिला देने के मामले में जमीन कारोबारी जयपाल राउत, भाई ठेकू राउत, चिंटू हरि, मंटू ओझा, संजय चालक, आदित्य चौरसिया और आनंद प्रकाश के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की गई है। यह कार्रवाई पीड़ित विपिन यादव की पत्नी शीला देवी के बयान पर पुलिस ने की है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।पुलिस को दिए आवेदन में शीला देवी ने आरोप लगाया है कि 11 मई 2024 को शिशुपाल के सहयोगी चिंटू हरि ने अपने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर विपिन यादव को पीटा और स्कॉर्पियो में बैठाकर शिशुपाल राउत के घर ले जाकर कमरे में बंद कर दिए। वहां उसके पति के साथ मारपीट की गई। पति ने जब कारोबारी से पीने के लिए पानी मांगा तो कारोबारी ने उसे जबरन पेशाब पिला दिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।इतना ही नहीं लोहे के रॉड से उसके सिर को फोड़ दिया गया। पूरे वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। वायरल फुटेज में यह बात कहते हुए पाया गया कि जिस तरह से ललन झा को काटा था, उस तरह से तुम्हें भी काटेंगे। आरोप लगाया है कि ठेकू राउत उर्फ शंभू राउत ने अपने हथियार ( बंदूक ) विपिन यादव के कमर में लगाकर मुफस्सिल थाना को बुलाकर सौंप दिया।

## धनबाद में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, 25-25 हजार रिश्वत लेते पकड़े गए ईसीएल के तीन अधिकारी

**धनबाद, एजेंसी।** ईसीएल की राजमहल परियोजना में विस्थापित को उनकी जमीन का मुआवजा भुगतान करने के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में ईसीएल के तीन अधिकारियों को धनबाद सीबीआई की टीम ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों अधिकारियों को 25-25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है।

सीबीआई की टीम सोमवार सुबह ही महागामा स्थित ईसीएल की राजमहल परियोजना में पहुंच गई थी। गिरफ्तार अधिकारियों में राजमहल परियोजना के चीफ मैनेजर परमेश्वर यादव, डिप्टी मैनेजर सिविल विपिन कुमार और सहायक राजस्व निरीक्षक पवन महतो शामिल हैं। इसकी पुष्टि सीबीआई एसपी पीके झा ने की है। सीबीआई तीनों के घर पर सर्च अभियान चला रही है।

धनबाद के इतिहास में पहली बार ईसीएल की तीन अफसर को घूस लेते पकड़े जाने से पूरे कोल सेक्टर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बीस दिन के दौरान चार अधिकारी ईसीएल के सीबीआई के गिरफ्त में आ गए है।सीबीआई टीम का नेतृत्व डीएसपी विकास पाठक कर रहे थे। अधिकारियों की जब गिरफ्तारी हुई तो उन्होंने हंगामा भी किया। बाद में सभी शांत हो गए। इसके बाद सीबीआई ने तीनों अधिकारियों को राजमहल हाउस में ले जाकर पूछताछ की। इससे पहले 2020 में यहां सीबीआई ने ओसीपी में एक क्लर्क को 35 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। हैदर अंसारी शिकायत पर हुई कार्रवाई राजमहल परियोजना के विस्थापित हैदर अंसारी ने एक मई को सीबीआई को आवेदन देकर उक्त अधिकारियों पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था।

इसमें कहा गया था कि जमीन मुआवजे की राशि की फाइल को निपटाने के लिए इन्होंने छह लाख व घर का मुआवजा देने के लिए 12 लाख रुपये की मांग की। सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को राजमहल परियोजना में जाल बिछाया और ऊर्जा नगर से ट्रैप कर तीनों को 25-25 हजार रुपये रिश्वत देते रंगे हाथ पकड़ा।ईसीएल मुगमा क्षेत्र के सीबीएच ग्रुप के अभिकर्ता रामप्रकाश पांडे को इसी वर्ष एक मई को सीबीआइ की टीम ने कुमारधुबी कोलियरी के पुराना रेलवे साइडिंग के पास 25 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा था।वहीं 20 फरवरी 2021 को मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक (ईएंडएम) अभिजीत दास को 19,500 रुपये घूस लेते ईसीएल मुगमा एरिया कार्यालय के पास से सीबीआइ ने गिरफ्तार किया था।

## तरबूज की खेती से संवर रही जिंदगी, किसान कर रहे हैं लाखों की कमाई, कई हजार किलो से अधिक हो रहा उत्पादन




**डुमरी, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक परिवर्तन और जनजागरण केंद्र की ओर से संचालित परियोजना समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत डुमरी प्रखंड के 15 गांवों में कार्य किया जा रहा है।

अतकी, छछंदों, टेसाफुली, हुंड्रो गांव में इसके सहयोग से लगभग 100 किसानों के बीच चार क्विंटल मूंग का बीज वितरण किया गया है। इसकी उपज बहुत अच्छी हुई है। लगभग 11 टन मूंग उत्पादन होने की संभावना है। इससे सभी किसान खुश हैं।समग्र ग्रामीण विकास के तहत सोलर सिंचाई तालाब का निर्माण, कूप का निर्माण, टपक सिंचाई किसान पाठशाला, नर्सरी के लिए पोलीहाउस का निर्माण किया गया है। किसान वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर अपनी आय को बढ़ा रहे हैं।जो किसान पहले वर्षा आधारित ही खेती करते थे वे अब तालाब सोलर सिंचाई कूप के निर्माण से रवि फसलों के साथ-साथ गर्मा फसल की भी उपज कर रहे हैं।

फिलहाल तरडाका पथरिया में तरबूज की खेती कर रहे हैं। इसमें पथरिया की फुलमनी हेंब्रम ने 7500 किलो तरबूज का उत्पादन किया है। इससे डेढ़ लाख आय हुई है।

इसी तरह सविता हेंब्रम, छोटकी देवी, एतो हेंब्रम ने तरबूज बेच कर लगभग साढ़े तीन लाख रुपये की आमदनी की है। तरडाका की ममता देवी ने 3500 किलो तरबूज का उत्पादन किया है। इससे उन्हें 70 हजार रुपये की आय हुई है।तरडाका की नागेश्वरी ने 2500 किलो, चमेली देवी ने 5600 किलो, सोनी देवी ने 5800 किलो तरबूज का उत्पादन किया है। इससे किसान लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं। अभी बाजार में तरबूज 20 रुपये प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है।

## रांची में अचानक हुई तेज बारिश ने खोली नगर निगम की पोल, तालाब में तब्दील हुए इलाके; सड़कों पर लगा रहा जाम




**रांची, एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को दूसरे पहर में मेघ गर्जन के साथ तेज बारिश हुई। इससे नगर निगम की व्यवस्था की पोल खुल गई। वहीं मूसलाधार बारिश से रांची शहर पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया।

मूसलधार बारिश के बाद शहरी क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों में नाली का गंदा पानी सड़क पर आ गया। शहर की कई सड़कों पर पानी पूरी तरह से भर गया, जिससे उस सड़क से गुजरने वाले वाहनों के छींटे पड़ने से राहगीरों के साथ स्थानीय लोगों की झड़प भी हुई। वहीं शहर के कई स्थानों पर पेड़, गुमटी, बिजली पोल गिर गए। जिससे आम लोगों को परेशानी हुई।

इधर, रविवार को अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया। जिससे लोगों को इस उमस भरी गर्मी में राहत मिली। रुक-रुककर बादलों की तेज गर्जन सुनाई दे रही थी। इसके साथ रांची में जोरदार बारिश हुई। जिससे शहर पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया।

रांची के प्रगति पथ (आक्सफोर्ड स्कूल के पास) पर जलजमाव के कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। स्थिति ऐसी हो गई थी कि उस पथ पर लोगों को पैदल चलने में काफी मुश्किल हो रही थी।

वहीं बहु बाजार के पास बीच सड़क पर एक गुमटी के गिरने और सिरम टोली चौक से गोस्सर कालेज के रास्ते बीच सड़क में पेड़ गिरने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर ओवर ब्रिज वाली सड़क में जलजमाव से काफी समय तक सड़क जाम की स्थिति बनी रही।

बारिश के साथ मंद-मंद ठंडी हवा बहने से मौसम पूरी तरह सुहाना हो गया। अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में बादल घिर आए और दिन में अंधेरा छा गया। झमाझम बारिश होने से मौसम बदल-बदला सा नजर आने लगा।

बारिश की वजह से तापमान में भी अचानक गिरावट आ गई। इससे लोगों को गर्मी से राहत भी मिली है। वहीं तेज बारिश से ग्रामीण क्षेत्र के खेत खलिहान में रखे फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी खराब सड़कों पर जलजमाव होने से लोग परेशान हैं।

तीन दिनों तक छाए रहेंगे आंशिक बादल, गरज के साथ बारिश भी होगी। मौसम पूर्वानुमान में बताया गया है कि 20 से 22 मई तक रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

20 मई को गरज वाले बादल बनने के साथ तेज बारिश की संभावना है। 21 और 22 मई को बारिश होने की संभावना है। वहीं 23 मई से मौसम में बदलाव के साथ मौसम सुहाना होगा।

## फेसल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट बनकर तैयार, जल्द होगा ट्रायल

**देवघर, एजेंसी।** नगर आयुक्त सह प्रशासक योगेन्द्र प्रसाद द्वारा पछियारी कोठिया स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, फेसल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं लीगसी ट्रीटमेंट यूनिट का निरीक्षण निगम के पदाधिकारियों के साथ की गई। इस दौरान नगर आयुक्त सह प्रशासक द्वारा पछियारी कोठिया स्थित तीनों इकाईयों का भ्रमण कर एमएसडब्लूएम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। मौके पर नगर आयुक्त सह प्रशासक द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्लांट हेड अजीत कुमार को यह निर्देश दिया गया कि पूरे शहर का सुखा और गीला कचरा जो प्रतिदिन लगभग 90 से 110 टन की मात्रा में प्लांट में आता है। उसे अगले 24 घंटे के अंदर मशीन के माध्यम से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। मौके पर प्लांट मैनेजर मुकेश पाठक व जय प्रकाश को यह निर्देश दिया गया की सूखा कचरा के रूप में अलग किए हुए प्लास्टिक एवं आरडीएफ के रूप में आए कूड़े को सीमेंट फैक्ट्री में भेजवाना सुनिश्चित करें। वहीं प्लांट के कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन ( सी एंड टी ) हेड को निर्देश दिया गया कि शहर में छोटे टिपर के माध्यम से घर-घर से कूड़ा उठाव करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि शहर में छोटे टिपर की संख्या बढ़ाते हुए शहर के सभी मोहल्लों से कूड़ा का उठाव करना सुनिश्चित करें।

मौके पर नगर आयुक्त सह प्रशासक द्वारा जुडको के प्रोजेक्ट इंजीनियर रोहित राज को यह निर्देश दिया गया कि प्लांट को एक माह के अंदर ट्रायल करते हुए सुचारू रूप से फेसल स्लज का ट्रीटमेंट कराना सुनिश्चित करें। वहीं प्रोजेक्ट इंजीनियर द्वारा बताया गया कि प्लांट पूरी तरह से बनकर तैयार है।

## नकली रामभक्तों की साजिश का शिकार हुए हेमंत सोरेन, कांग्रेस विधायक ने दिया विवादित बयान, मच गया सियासी संग्राम



**रांची, एजेंसी।** विवादित बयान देकर अक्सर चर्चा में रहने वाले जामताड़ा के कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी एक बार फिर भाजपा के निशाने पर हैं। दरअसल उन्होंने गिरिडीह के गांडेय की चुनावी सभाओं में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राम और खुद को उनका हनुमान बताया।इन सभाओं में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। इरफान सोरेन ने सभाओं में यहां तक कहा कि नकली रामभक्तों की साजिश का शिकार हेमंत सोरेन हुए। उन्हें षड्यंत्र कर फंसाया गया। कल्पना सोरेन को सीता बताते हुए उन्होंने दावा किया कि वह लंका का दहन करेंगी।

इरफान अंसारी के बोल पर झारखंड में सियासी संग्राम मचा है। भाजपा ने उनके खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत की है। भाजपा ने आयोग से अंसारी के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है।

इस प्रकार का बयान को पोस्ट करने से सनातन धर्म को मानने वालों लोगों को घोर धार्मिक आघात पहुंचा है और साथ ही सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का हर संभव प्रयास किया गया है।भाजपा का तर्क है कि यह प्रभु श्रीराम को मानने वालों पर आघात है और आदर्श चुनाव आचार संहिता का भी उलंघन है। 20 मई को गांडेय विधानसभा उपचुनाव का मतदान होगा। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय से महागठबंधन की उम्मीदवार भी हैं। आयोग इरफान अंसारी के विरुद्ध कानूनी करवाई करें और उन्हें चुनाव प्रचार से भी दूर रहने का आदेश दिया जाए।

जामताड़ा के कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि वे अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता बौखलाहट में हैं। ये आदिवासियों को मूर्ख समझते हैं।अगर मैंने अपने श्रद्धेय नेता के काम की बदौलत तुलना कर दी तो ये बौखला गए। ऐसा कर मैंने कोई पाप नहीं किया। इससे पता चल रहा है कि भाजपा के लोग आदिवासियों के कितने बड़े दुश्मन हैं।

भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि इरफान अंसारी के दावे पर भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भगवान की तुलना डकैत से करने वाले सुधर जाएं।

## शौच के लिए खेत में गई महिला की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या, झाड़ी में बहू की लाश देख सास के उड़े होश

**सरायकेला, एजेंसी।** जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र के बाड़ेदा गांव में सोमवार की रात अज्ञात लोगों ने एक महिला की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतका बबिता रजक (30) देर शाम अपनी सास शमला रजक को लेकर शौच के लिए घर से करीब 400 मीटर दूर एक खेत में गई थी।

सास ने बताया कि उसे एक जगह पर बैठाकर बहू थोड़ी दूर जाकर शौच करने के लिए बैठी थी। सास को कम सुनाई देता है। करीब आधा घंटे तक जब बहू नहीं लौटी तो उसने आवाज लगाई लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला तो घर लौटकर कुछ महिलाओं के साथ टॉर्च लेकर उस जगह पर जाकर खोजबीन की।

वहां एक झाड़ी के पास बहू बबिता को लहूलुहान हालात में देख उसके होश उड़ गए। इसके बाद सूचना मिलने पर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई।

मृतका के पति संजय रजक ओडिशा में काम करते हैं, जो महीने में एक-दो बार आते हैं। महिला के चेहरा के दांए और सिर पर गहरा चोट है। महिला के दो बच्चे हैं।

घटना की सच पर पति गांव पहुंच गया है। नीमडीह थाना प्रभारी तांजिल खान ने बताया कि महिला की हत्या कर दी गई है। हत्या किसने की है अभी पता नहीं चल पाया है।

## अभिषेक आनंद झा का खुला चुनाव कार्यालय



**देवघर, एजेंसी।** गोड्डा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा का चुनाव कार्यालय सोमवार को देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शिक्षा सभा चौक के समीप नरसिंह टॉकीज के पास खोला गया। कार्यालय का उद्घाटन पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व अध्यक्ष विनोद दत्त द्वारी ने विधिवत फीता काटकर किया। उसके बाद बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. बिनोदानंद झा की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के साथ दीप प्रज्वलित किया गया। उसके बाद आसपास के इलाकों में पदयात्रा कर मतदाताओं से जनसंपर्क कर निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा के पक्ष में वोट करने की अपील की गई। वहीं दूसरी ओर गोड्डा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक आनंद झा का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को देवघर नगर निगम क्षेत्र के कोरियासा सहित अन्य मोहल्ले में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील सबों से की। निर्दलीय प्रत्याशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर भी जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा की क्षेत्र भ्रमण के दौरान जो भी बिजली, पेयजल व सड़क की समस्याएं सामने आ रही हैं, आचार संहिता समाप्त होने के बाद समस्याओं को चरणबद्ध तरीके से दूर करने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का भरपूर प्यार उन्हें मिल रहा है।

# रंगीले अंदाज व रंगीले उत्साह में दिखे कार्यकर्ता



**घाटशिला , एजेंसी।** रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मऊभंडार स्थित तार्म्र प्रतिभा मंच मैदान में महा विजय संकल्प सभा में हजारों की संख्या में समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देखने विशाल जन समुदाय उमड़ पड़ा। भाजपा नेता सह सक्रिय सदस्य भरत सिंह वेलफेयर ट्रस्ट रवि शंकर सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर सभा स्थल अबकी बार 400 पार, नरेन्द्र मोदी ज़िंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद के नारों से गूंजता रहा।

डुमरिया । रविवार को डुमरिया प्रखण्ड के भाजपा मंडल अध्यक्ष बेहुला नायक के नेतृत्व में प्रखण्ड से हजारों की तादाद में भाजपा कार्यकर्ताओं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में शामिल हुए।जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन संबोधन एवं वक्तव्य से काफी खुश और उत्साहित हुए हैं। भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो की हेट्रिक जीत सुनिश्चित कर दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि बसंत मदीना, दिलीप कुमार पांडा, विकास पानी,संजित महापात्र, मृत्युंजय दांडपात, सुशील बारिक आदि जनसभा में शामिल हुए।

रूपेश दुबे। घाटशिला भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को घाटशिला स्थित मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता से 25 मई को वोट देकर विद्युतवरण महतो को जिताने की अपील की। कहा कि विद्युतवरण महतो के लिए कमल का बटन दबाकर वोट देंगे तो आपका यह वोट मोदी को मिलेगा। उन्होंने सुबह दस बजे से पहले ज्यादा से ज्यादा वोट करने की भी अपील की। पीएम नरेंद्र मोदी ने भाषण की शुरुआत मां रंकिणी की मिट्टी को प्रणाम कह कर किया। पीएम ने संथाली भाषा में भीड़ का अभिवादन करते हुए कहा कि उनकी सरकार धालभूमगढ़ में एयरपोर्ट बनाना चाहती है लेकिन झारखण्ड सरकार रोड़े अटका रही है। पीएम ने कहा कि जमशेदपुर सिर्फ शहर मात्र नहीं, विविधताओं से भरा मिनी हिंदुस्तान है। इसलिए जमशेदपुर का आशीर्वाद मिलना ऐसा लगता है जैसे पूरे हिंदुस्तान का आशीर्वाद मिल रहा है।कहा कि जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र का क्या परिणाम 4 जून को आने वाला है, यह उपस्थित भीड़ का उत्साह बता रहा है। कहा कि सुबह के समय इतनी भीड़ उमड़ना जनजागृति के महापर्व के समान है। कहा कि चुनाव में अर्थव्यवस्था पर बात होनी चाहिए। उद्योग-लघु उद्योग की चर्चा, राष्ट्रीय सुरक्षा, कृषि, युवाओं के बनते अवसर तथा इंफ्रास्ट्रक्चर पर चर्चा होनी चाहिए लेकिन कांग्रेस एवं झामुमो को इन सबसे कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस-झामुमो का उद्देश्य झूठ बोलो एवं इनके मुद्दे गरीब की संपत्ति का एक्स-रे कर छीनना है। इंडी गठबंधन वालों की सच्चाई देश जान गया है, इसलिए पूरा देश कह रहा है-फिर एक बार मोदी सरकार (जनता की आवाज)। पीएम नरेंद्र मोदी ने उद्योगों को बढ़ावा देने की बात करते हुए कहा कि कांग्रेस-झामुमो उद्योग और उद्योगपतियों का विरोध करती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# दादा और पार्टी की इज्जत के लिए भारत लौट आओ, चाचा कुमारस्वामी की भतीजे प्रज्वल रेवन्ना से अपील

**बेंगलुरु, एजेंसी।**
कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद और पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना अभी तक भारत नहीं लौटे है। कर्नाटक यौन उत्पीड़न मामले में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को अपने भतीजे प्रज्वल रेवन्ना से देश लौटने और जांच एजेंसियों के साथ सहयोग करने की अपील की। प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न मामले में नाम आने के बाद से भारत से बाहर हैं।

एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमारस्वामी ने भतीजे रेवन्ना से देश वापस लौटने की अपील की। उन्होंने कहा, मैं मीडिया के माध्यम से प्रज्वल रेवन्ना से अनुरोध करता हूं कि वह जिस भी देश में हों, वहां से वापस आ जाएं। कोई डर नहीं होना चाहिए। इस देश का कानून प्रभावी है। यह लुका-छिपी का खेल कब तक खेला जा सकता है कुमारस्वामी ने दोहराया कि अगर प्रज्वल रेवन्ना को उनके दादा के प्रति जरा भी सम्मान है



तो उन्हें भारत वापस आकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आपसे हाथ जोड़कर अपील करता हूं। आपको 24 से 48 घंटे के अंदर सरेंडर कर देना चाहिए। लाखों पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमें वोट दिया है। आप कब तक विदेश में रहना चाहते हैं कृपया भारत वापस आएं और अधिकारियों के सामने पेश हों। कोई निष्कर्ष निकलना चाहिए। छिपने की कोई जरूरत नहीं है।

कुमारस्वामी ने कहा, मैं अपने पिता के माध्यम से यह संदेश देना चाहता था। उन्होंने (एचडी देवेगौड़ा) प्रज्वल रेवन्ना को राजनीति में आगे बढ़ने के लिए अपना पूरा समर्थन दिया। अगर प्रज्वल रेवन्ना अपने दादा और पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई सम्मान दिलाना चाहते हैं, तो उन्हें भारत वापस आ जाना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा, मैं इस कांड के पीड़ितों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगता हूं। मैं उनका दर्द समझ सकता हूं। उन्हें इस स्थिति में किसने धकेला ऐसे कई मामले हुए हैं, हालांकि उनकी गंभीरता कम हो सकती है। यह एक घिनौना मामला है और यह सोचकर हम सभी का सिर शर्म से झुक जाता है। बता दें कि कांग्रेस सरकार प्रज्वल रेवन्ना को भारत वापस लाने की मांग कर रही है। इस पर कुमारस्वामी ने कहा कि मैंने कई बार कहा है कि वह लंबे समय से मेरे संपर्क में नहीं है। इस त्रासदी के लिए एक व्यक्ति जिम्मेदार है। दूसरे व्यक्ति ने इस घोटाले को दुनिया के सामने ला दिया और पीड़ितों के परिवारों को बर्बाद कर दिया।

सत्तारूढ़ पार्टी पर पलटवार करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि कांग्रेस मेरे परिवार को निशाना बनाने के लिए सैकड़ों प्रयास करे। मेरी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुझे लड़ने की ताकत दी है। सवाल यह है कि यह कैसे शुरू हुआ यह मतदान से एक दिन पहले कैसे शुरू हुआ। अगर हमें घोटाले के बारे में पता होता, तो हम ऐसा नहीं होने देते। अगर मुझे घोटाले के बारे में पहले पता होता, तो मैं प्रज्वल रेवन्ना को देश छोड़कर नहीं जाने देता। बता दें कि कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है। एक अदालत ने 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जबकि इंटरपोल ने भी उसके ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग के खिलाफ गुवाहाटी हाई कोर्ट जाएगी कांग्रेस, पुलिस कर्मियों के वोटिंग करने से जुड़ा है मामला



**आइजोल।** मिजोरम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) ने कहा कि वह चुनाव आयोग के खिलाफ गुवाहाटी हाई कोर्ट जाएगी। प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर अन्य राज्यों में चुनावी ड्यूटी में तैनात करीब 1047 पुलिस कर्मियों के मतदान की सुविधा नहीं देने का आरोप लगाया है। कांग्रेस का कहना है कि राज्य में 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव में यह पुलिस कर्मी मतदान करने में विफल रहे। बताया जाता है कि कांग्रेस ने 13 मई को ही प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा था कि वह पुलिस कर्मियों का मतदान कराने के लिए उचित कदम उठाएं। कांग्रेस का कहना है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में चुनाव ड्यूटी में लगने के कारण मतदान नहीं कर पाए, क्योंकि चुनाव आयोग ने कोई व्यवस्था नहीं की थी। पार्टी का कहना है कि उन्होंने पुलिस कर्मियों के मतदान के लिए गुवाहाटी हाईकोर्ट की आइजोल पीठ में जनहित याचिका दायर की है, ताकि मतगणना से पहले पुलिस कर्मियों को मतदान करने को मिले। अधिकारियों ने बताया कि इन पुलिस कर्मियों को सुविधा केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग करना था, लेकिन राज्य से उनकी रवानगी से पहले ऐसी व्यवस्था नहीं हो पाई थी। चूंकि तब तक क्षेत्र के प्रत्याशी ही तय नहीं हुए थे। लिहाजा उन्होंने चुनाव आयोग से दो बार अपील की थी, जिसे उसने ठुकरा दिया है।

### देश की ओपन एयर जेलों का क्षेत्र कम नहीं करें, सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न नामों से खुली जेलों पर विशेष ध्यान रखने की दी हिदायत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने देश में स्थापित ओपन एयर जेलों के क्षेत्र को कम करने का प्रयास नहीं करने के निर्देश दिए हैं। सेमी-ओपन या ओपन जेलों में दोषियों को परिसर के बाहर काम करने का मौका मिलता है। अपनी आजीविका कमाकर वह शाम को जेल में लौट आते हैं। इन कम बंदिशों वाली जेलों को स्थापित करने का उद्देश्य दोषियों को समाज से तालमेल बिठाने में मदद करना और जेल के बाहर सामान्य जीवन जीने में मनोवैज्ञानिक दबाव कम करना है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने जेलों और कैदखानों के विषय में न्याय मित्र के तौर पर नियुक्त प्रख्यात वकील के.परमेश्वर की राय ली है। के.परमेश्वर ने एक मॉडल मैनुअल ड्राफ्ट पेश किया, जिसे केंद्र सरकार ने तैयार किया है। इसके तहत ओपन एयर कैंपों, संस्थानों और जेलों के लिए तालिका तैयार की गई है। खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि देश में जहां कहीं भी ओपन एयर कैंप, संस्थान या जेलें हों उनके फैलाव या क्षेत्र को कम नहीं किया जाए। अदालत में पेश किए गए रिकार्ड में विभिन्न नामों से ऐसी कई खुली जेलों पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। सर्वोच्च अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल और बंगाल को ऐसी जेल सुविधाओं को सर्वश्रेष्ठ व्यवस्थाओं, नियमों और दिशा-निर्देशों के तहत संचालित करने को कहा है। साथ ही नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (नाल्सा) से जुड़ कर जेलों के विस्तार और प्रबंधन पर काम किया जाए। खंडपीठ के विगत 17 मई के आदेश में कहा गया है कि वह केंद्रीय गृह मंत्रालय को निर्देशित करते हैं कि हाल के सालों में आए मॉडल जेल मैनुअल, 2016 और मॉडल जेल अधिनियम, 2023 कानूनों के संदर्भ में वह यथास्थिति रिपोर्ट दें। खंडपीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि जयपुर में सांगानेर ओपन एयर कैंप के क्षेत्र को कम करने का प्रस्ताव है।

## भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना.. ईसी ने वोटर्स को भेजे शादी जैसे कार्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
पहली बार मतदाताओं को मतदान के लिए बुलाने को निमंत्रण कार्ड भेजे जा रहे हैं। कार्ड में छपा है 'भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को' इससे मिलता जुलता संदेश अमूमन शादी के कार्ड में पढ़ने को मिलता है। लेकिन, ऐसा ही कार्ड अब मतदाताओं के घरों पर भी पहुचाएं जा रहे हैं।

मतदाताओं को धूप से बचाने को विवाह उत्सव जैसा शमियाना, ठंडा पेयजल, दवाई आदि का इंतजाम किया जाएगा। हरियाणा में पहली बार 50 लाख से अधिक घरों में भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह कार्ड जिन भी घरों में पहुंचा, पढ़कर लोग खुश है। मतदान करने अवश्य जाने का संकल्प लेते हैं। मतदाताओं के पास भेजे गए इस निमंत्रण कार्ड में सबकुछ शादी के कार्ड जैसा ही लिखा हुआ है। कार्ड में मतदान की तिथि 25 मई, समय सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक लिखा है।

स्वागतकर्ता बूथ लेबल अधिकारी, निवेदक-जिला निर्वाचन अधिकारी, दर्शनाभिलाषी पीठासीन अधिकारीएवं समस्त मतदान दल के सदस्य और बाल मनुहार मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की तरफ से लगाई गई है। निमंत्रण कार्ड का रंग लाल और बेहतर ढंग से डिजाइन किया गया है। यह कवायद हरियाणा में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए की गई है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में गुलाबी मतदान केंद्र

स्मार्ट सिटी के विभिन्न इलाकों में



महिलाओं को केंद्रित करते हुए गुलाबी (पिंक) मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक या दो मतदान केंद्रों को गुलाबी मतदान केंद्र बनाने की तैयारी है। इन्हे गुलाबी रंग के गुब्बारों से सजाया जाएगा। महिला सशक्तिकरण की प्रोत्साहित करती तस्वीरें के साथ विशेष सेल्फी प्वाइंट तैयार किए जाएंगे। इन केंद्रों पर बाल देखभाल और महिला मतदाताओ के इंतजार के लिए सौफे लगाए जाएंगे। स्मार्ट सिटी के 200 मतदान केंद्रों स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनेंगे। जहां मतदाता लोकतंत्र के पर्व को यादगार बनाने के लिए मतदान के बाद ले यादगार सेल्फी ले सकेंगे। फरीदाबाद जिले में करीब 1572 मतदान केंद्र हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय ने पुलिस के सुझाव पर जिले में नौ मतदान केंद्रों को अति असुरक्षित पहचान की गई है। ये सभी पृथला विधानसभा क्षेत्र में हैं। इसमें असावटी के मतदान केंद्र संख्या-89,90, 91,92, व 93 ओर छांयसा के मतदान केंद्र संख्या 117, 118, 119 व 120 की पहचान असुरक्षित मतदान केंद्र के रूप में की गई है।

## एनसीआर के लिए गुडन्यूज, अब नमो भारत में सफर के साथ शॉपिंग-खानपान का लें मजा

### किन-किन स्टेशनों पर सुविधा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नमो भारत ट्रेन से सफर करने वाले लोगों के लिए खुशखबरी है। अब इस रूट पर यात्रा के दौरान आपको सभी स्टेशनों पर खानपान, खरीदारी और बैंकिंग की सुविधा मिलेगी। यह सुविधाएं स्टेशन परिसर के अंदर प्रवेश और निकास क्षेत्र के पास वाणिज्यिक स्थानों पर उपलब्ध होंगी। नमो भारत ट्रेनों में 10 लाख यात्री सफर कर चुके हैं। रोजाना यात्रियों की संख्या बढ़ने का दावा किया जा रहा है। इसे देखते हुए स्टेशन परिसर में यात्री सुविधा में वृद्धि की जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित खंड के स्टेशन पर सुविधा देने के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं।

पहले चरण में साहिबाबाद, गुलधर और दुहाई स्टेशन के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। वर्तमान में साहिबाबाद से मोदी नगर नॉर्थ के बीच 34 किलोमीटर लंबे खंड के आठ स्टेशन पर नमो भारत ट्रेन चल रही हैं। साहिबाबाद स्टेशन पर वसुंधरा और साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र से सटे प्रवेश-निकास ब्लॉक में 165 वर्ग मीटर क्षेत्र की निविदा खुली है। यह स्थान मदन मोहन मालवीय रोड पर स्थित है जहां रेस्तरां, आउटलेट्स, शॉपिंग आउटलेट्स, बैंकों और कार्यालयों जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए एक बेहतर अवसर है। इसी तरह गाजियाबाद,



गुलधर, दुहाई स्टेशन के प्रवेश-निकास ब्लॉक में भी सभी सुविधा मिलेंगी।

साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ के बीच 34 किलोमीटर के सेक्शन में आठ स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेन चल रही हैं। इस सेक्शन में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नॉर्थ स्टेशन हैं। जल्द ही संचालित सेक्शन के अन्य स्टेशनों में उपलब्ध वाणिज्यिक स्थानों के लिए यह प्रक्रिया शुरू होगी। जल्द ही मेरठ साउथ स्टेशन तक होने की उम्मीद है। इस स्टेशन के जुड़ने से आरआरटीएस के संचालित खंड की लंबाई 42 किमी हो जाएगी।

एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा कि पूरा कॉरिडोर 82 किलोमीटर का है, निर्माणाधीन हिस्सों पर निर्माण तेजी से चल रहा है। इसमें कहा गया है कि जून 2025 तक पूरे कॉरिडोर पर नमो भारत ट्रेन का परिचालन शुरू किये जाने का लक्ष्य है।

## हद से ज्यादा दखल नहीं था पसंद, तवे से हमला करके प्रेमी को मार डाला; यूं पकड़ में आई शातिर प्रेमिका

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
प्रेमी के निजी जिंदगी में दखल से परेशान युवती ने प्रेमी के गले और सिर पर रोटी पकाने वाले तवे से कई वार कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद प्रेमिका अपने भाई के साथ मौके से फरार हो गई। गुरुग्राम पुलिस ने शनिवार को हत्या की धाराओं में सदर थाने में मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में प्रेमिका नीतू उर्फ निशा निवासी अशोक विहार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 मई को सदर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव टिकरी के पीछे कच्ची कॉलोनी में स्थित एक मकान में युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फोरेसिंक टीम को भी मौके पर बुलाया गया और उनके द्वारा साक्ष्य जुटाए गए। घटनास्थल के आसपास पुलिस को कोई दस्तावेज नहीं मिले जिसके कारण मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने आसपास और



तकनीकी मदद से मृतक की पहचान की। मृतक विक्की के भाई ने पुलिस को शिकायत दी और रंजिश रखते हुए हत्या करने का आरोप लगाया। सदर थाना प्रभारी अर्जुन देव ने तकनीकी मदद से अनुसंधान के आधार पर विक्की की हत्या करने के आरोप में आरोपी महिला नीतू को शनिवार गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में महिला ने खुलासा किया कि विक्की के साथ वह छह साल से रिलेशनशिप में थी। विक्की नीतू की जिंदगी में ज्यादा दखलअंदाजी करने लगा था, जिसके कारण यह विक्की से अपना पीछा छुड़ाना चाहती थी। 18 मई को नीतू अपने भाई के साथ विक्की के कमरे में इकट्ठा हुए।

नीतू के भाई और विक्की ने शराब का सेवन किया, इसी दौरान विक्की ने नीतू के भाई के सामने नीतू के परिवार के बारे में गालियां दी। जिस पर विक्की और नीतू के भाई के बीच हाथापाई हुई। इसी दौरान नीतू ने कमरे में रखे तवे से विक्की के गले और सिर पर वार करके हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए नीतू, विक्की का फोन लेकर फरार हो गई। पुलिस ने मामले में प्रेमिका नीतू उर्फ निशा निवासी अशोक विहार को गिरफ्तार कर लिया है।

## अगर सीएम आवास में सांसद की पिटाई हो...; स्वाति मालीवाल पर बोले अमित शाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच जुबानी जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि दिल्ली सरकार के मंत्री उनके बारे में झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने मंत्रियों को अदालत में ले जाने की धमकी भी दे डाली है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले पर अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बयान आया है। शाह ने कहा कि महिला सुरक्षा पर मैं कोई बात नहीं करना चाहता, वरना केजरीवाल जी रूठ जाएंगे। भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह ने केजरीवाल पर अटैक करते हुए कहा, भाइयों-बहनों... मुझे बताओ, मुख्यमंत्री आवास में किसी महिला राज्यसभा सांसद की पिटाई हो, तो वह (सीएम केजरीवाल) दिल्ली की महिलाओं को सुरक्षित रख सकते हैं क्या शाह ने स्पीच का यह हिस्सा अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिस मुख्यमंत्री के आवास पर एक महिला सांसद की पिटाई हुई हो, वह मुख्यमंत्री महिला सुरक्षा नहीं कर सकता। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में आप नेताओं के आरोपों का खंडन किया कि उन्होंने भाजपा के इशारे पर सीएम अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के खिलाफ मारपीट की शिकायत इसलिए दर्ज कराई है क्योंकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था। स्वाति ने लिखा, कल से दिल्ली के मंत्री झूठ फैला रहे हैं कि मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार की प्राथमिकी हुई है, इसलिए भाजपा के इशारे पर मैंने ये सब किया। ये प्राथमिकी आठ साल पहले 2016 में हो चुकी थी जिसके बाद मुझे मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल दोनों ने दो बार और महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त किया।

## दिल्ली हाईकोर्ट से जैश के पांच आतंकियों को राहत, उम्रकैद को 10 साल में बदला

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली हाईकोर्ट से जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के पांच आतंकवादियों को राहत मिली है। कोर्ट ने इनकी उम्रकैद की सजा को घटाकर दस साल कर दिया है। इन्होंने नवंबर 2022 में निचली अदालत द्वारा उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस मनोज जैन की पीठ ने सजा की अवधि को मॉडिफाई करते हुए अपीलों का निपटारा किया। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा को घटाकर दस साल की जेल की अवधि में बदल दिया।

कोर्ट ने आईपीसी की धारा 121 ए के तहत किए अपराध को लेकर आतंकियों बिलाल अहमद मीर, सज्जाद अहमद खान, मुजफ्फर अहमद भट्ट, मेहराज उद्दीन चोपन और अशफाक अहमद भट्ट की याचिकाओं का निपटारा किया। पीठ ने यूएपीए की धारा



23 के तहत अशफाक अहमद भट्ट की सजा को आजीवन कारावास से मॉडिफाई करके दस साल की कठोर सजा में बदल दिया। याचिकाओं का निपटारा करते हुए हाईकोर्ट ने रूसी नॉवलिस्ट (उपन्यासकार) फ्योडोर दोस्तोयेव्स्की की किताब क्राइम एंड पनिशमेंट का जिक्र किया। जिस व्यक्ति के पास विवेक होता है वह अपने अपराध को स्वीकार करते हुए कष्ट सहता है। फैसले में पीठ ने कहा, चैप्टर 19 में, दोस्तोवस्की लिखते हैं कि अगर उसके पास विवेक है तो वह अपनी गलती के लिए भुगतेगा; सजा के साथ-साथ जेल भी होगी। पांचों आतंकियों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के एक मामले में दोषी करार दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि इस केस में, हम इस तथ्य से पूरी तरह परिचित हैं कि अपीलकर्ताओं ने बिना किसी अपेक्षा के, पहले मिले मौके पर ही अपना अपराध स्वीकार कर लिया था।

पीठ ने कहा, रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि उन्हें अपराध मुक्ति नहीं दी जा सकती। भारत ने सभी क्षेत्रों में पर्याप्त प्रगति ह्रह है और हमारी न्याय प्रणाली कोई अपवाद नहीं है। न्याय प्रणाली इस पर विश्वास करता है कि अक्सर, किसी भी सजा का आखिरी परिणाम किसी व्यक्ति में सुधार लाने के लिए होना चाहिए, न कि उसे जीवन भर के लिए जेल के अंदर डाल देना चाहिए।

## पटरी का रख-रखाव करने वाले कर्मियों को दी जाए इंसुलेटेड पानी की बोतल, रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
रेलवे बोर्ड ने भीषण गर्मी को देखते हुए अपने सभी जोन और उत्पादन इकाइयों से पटरी के रख-रखाव का कार्य करने वाले कर्मियों को दो लीटर क्षमता की इंसुलेटेड पानी की बोतल उपलब्ध कराने को कहा है। इंसुलेटेड बोतल में रखा गया पेय पदार्थ एक निश्चित अवधि तक ठंडा या गर्म रहता है।

रेलवे बोर्ड द्वारा सभी जोन और उत्पादन इकाइयों को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि पानी की बोतल दो लीटर क्षमता की होनी चाहिए। बोतल इंसुलेटेड होनी चाहिए ताकि उसमें पानी पांच से छह घंटे तक ठंडा रह सके। ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर्स यूनियन (एआइआरटीयू) ने इस फैसले का स्वागत किया है। हालांकि उसने कहा है कि इस संबंध में पत्र नौ अप्रैल को जारी किया गया था, लेकिन पानी की बोतलों का वितरण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। एआइआरटीयू, पश्चिम रेलवे के महासचिव ने कहा कि मैं संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि वे जल्द से जल्द अच्छी गुणवत्ता वाली पानी की बोतल उपलब्ध कराना शुरू करें, क्योंकि गर्मी की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। भारतीय रेलवे की निर्यात करने वाली कंपनी राइट्स लिमिटेड ने सोमवार को एक अनुबंध समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत राइट्स बांग्लादेश रेलवे को 200 ब्राड गेज यात्री डिब्बों की आपूर्ति करेगी। राइट्स ने वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से यूरोपीय निवेश बैंक द्वारा वित्त पोषित लगभग 915 करोड़ रुपये का अनुबंध प्राप्त किया है। अनुबंध के नियमों एवं शर्तों के अनुसार, कोच की आपूर्ति के अलावा राइट्स डिजाइन, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षण में अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेगी।अनुबंध के तहत 36 महीने कमीशनिंग अवधि और इसके बाद 24 महीने की वारंटी अवधि होती है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper


# पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुनेंगे रोहन बोपन्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के टॉप डबल्स खिलाड़ी रोहन बोपन्ना पेरिस ओलंपिक के लिए अपना भारतीय जोड़ीदार चुनेंगे. इस दौड़ में वह एन. श्रीराम बालाजी या युकी भांबरी में से किसी एक को अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं. अखिल भारतीय टेनिस संघ से उन्हें मंजूरी मिलना तय है.

वर्ल्ड डबल्स रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज 44 वर्ष के बोपन्ना शीर्ष दस में होने के कारण अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं. पेरिस ओलंपिक में पुरुष डबल्स ड्रॉ में 32 टीमें होंगी, जिसमें से एक देश अधिकतम दो टीमें रख सकता है. क्वॉलीफिकेशन मानदंडों के तहत शीर्ष दस में शामिल खिलाड़ी अपना जोड़ीदार चुन सकते हैं, जो एटीपी या डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष 300 के भीतर होना चाहिए. फ्रेंच ओपन के बाद 10 जून की रैंकिंग क्वॉलीफिकेशन के लिए मान्य होगी. एआईटीए सूत्रों के अनुसार बोपन्ना ने पेरिस ओलंपिक के लिए उनके जोड़ीदार के तौर पर टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में शामिल करने के लिए एआईटीए को बालाजी और भांबरी का नाम भेजा है. एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा, 'आमतौर पर खिलाड़ी अपना जोड़ीदार खुद चुनता है.

चयन समिति उससे विकल्प पूछेगी और उस पर बात की जाएगी. रोहन जिसके साथ भी खेलना

## युकी भांबरी या श्रीराम बालाजी होंगे च्वॉइस



चाहेगा, उस पर विचार किया जाएगा.' बालाजी ने हाल ही में जर्मनी के आंद्रे बेजेमैन के साथ कैगलियारी चैलेंजर टूर्नामेंट जीता था. वहीं भांबरी ने फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती के साथ अप्रैल में म्युनिख में एटीपी 250 टूर्नामेंट जीता और इस महीने बोर्डो चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे.

भारतीय टेनिस में ओलंपिक या बहु खेल आयोजनों में नामांकन को लेकर हमेशा विवाद रहा है. वर्ष 2012 में महेश भूपति और बोपन्ना दोनों ने लिएंडर पेस के साथ खेलने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद पेस ने विष्णु वर्धन को जोड़ीदार बनाया था. इसके बाद मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा को पेस के साथ खेलने के लिए कहा गया लेकिन देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी सानिया ने पेस को तसल्ली देने के लिए उनका इस्तेमाल करने पर एआईटीए को आड़े हाथों लिया था. एशियाई खेल 2018 में पेस ने दो दिन पहले यह कहकर नाम वापिस ले लिया था कि एआईटीए ने उन्हें विशेषज्ञ जोड़ीदार नहीं दिया है.

एआईटीए ने बोपन्ना का जोड़ीदार दिविज शरण को बनाया था, जिससे पेस को एकल खिलाड़ी के साथ खेलना पड़ा. बोपन्ना का यह ओलंपिक पदक जीतने का आखिरी मौका होगा जो 2016 रियो खेलों में मिश्रित युगल में सानिया के साथ पदक से चूक गए थे.

## संक्षिप्त समाचार

**आईपीएल 2024 आईपीएल**

### चेन्नई के शिवम दुबे पर हुई गालियों की बौछार

**आरसीबी के खिलाफ धीमी पारी ने बनाया विलेन**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2024 का आखिरी लीग मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ गंवाया था, जिसके बाद टीम प्लेऑफ की रेस से एलिमिनेट हो गई थी. चेन्नई की हार के यूं तो कई कारण रहे. लेकिन कई लोगों को मानना है कि शिवम दुबे, जिन्होंने धीमी पारी खेली, वह बेंगलुरु के खिलाफ चेन्नई की हार का सबसे बड़ा कारण रहे. आरसीबी के खिलाफ धीमी पारी के बाद शिवम आलोचकों के हत्थे चढ़ गए. चेन्नई और बेंगलुरु के बीच मुकाबला 18 मई, शनिवार को खेला गया था. लेकिन फैंस अब भी शिवम दुबे से सोशल मीडिया पर गाली-गलौज कर रहे हैं. शिवम की कई इंस्टाग्राम पोस्ट पर लोग उन्हें लगातार गाली दे रहे हैं. कई लोग शिवम को आरसीबी का 12वां खिलाड़ी भी कह रहे हैं.

शिवम आईपीएल में आरसीबी का भी हिस्सा रह चुके हैं. इसके अलावा चेन्नई के ऑलराउंडर पर और भी कई तरह के आरोप लगाए गए. बता दें कि बेंगलुरु के खिलाफ अहम मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए शिवम 15 गेंदों में सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हो गए थे. इस दौरान उनके बल्ले से एक भी बाउंड्री नहीं निकली थी. टूर्नामेंट में आरसीबी और सीएसके बीच दो लीग मुकाबले देखने को मिले थे. बेंगलुरु के खिलाफ पहले लीग मैच में शिवम दुबे ने 28 गेंदों 34* रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके और 1 छक्का शामिल रहा था.

**जूनियर पुरुष हॉकी**

### यूरोप दौरे पर भारत की जीत के साथ शुरुआत



**एंटवर्प, एजेंसी।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम पर 2-2 (4-2 शूट-आउट) की जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारत ने उप-कप्तान शारदानंद तिवारी (3) के पेनल्टी स्ट्रोक के दम पर मैच की शुरुआत में ही बढ़त बना ली। टीम ने पहले क्वार्टर में अटैकिंग प्रदर्शन के साथ-साथ ब्रेक तक 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे क्वार्टर में उप-कप्तान ने एक और पेनल्टी स्ट्रोक के साथ टीम की बढ़त बढ़ाई। 27 वें मिनट में गोल के साथ हाफ टाइम तक भारत 2-0 से आगे रहा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर अपना खाता खोला। इस क्वार्टर का अंत 2-1 के स्कोर पर हुआ।

हालांकि अंतिम क्वार्टर में भारत के पास एक गोल की बढ़त थी, लेकिन बेल्जियम ने दबाव बनाए रखा। मैच में कुछ ही मिनट बचे थे, जब बेल्जियम ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बराबरी कर ली। इसके बाद निर्धारित समय तक दोनों टीम और गोल करने में सफल नहीं रही। इसलिए चौथा क्वार्टर 2-2 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ और खेल शूटआउट में चला गया। गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने पेनल्टी शूट-आउट में भारतीय टीम के लिए गोल किए, जबकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार बचाव किए और भारत ने पेनल्टी शूट-आउट 4-2 से जीतकर अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की।

# हिटमैन रोहित शर्मा के आरोपों पर स्टार स्पोर्ट्स का पलटवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा और स्टार स्पोर्ट्स के बीच बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा। स्टार स्पोर्ट्स ने भारतीय कप्तान के आरोपों का जवाब देते हुए कहा है कि चैनल ने उनका कोई ऑडियो ना रिकॉर्ड किया है और ना ही उसे चलाया गया है।

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आईपीएल के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी थी। दरअसल, रोहित का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मैच से पहले अपने दोस्तों और सहकर्मियों से बात कर रहे थे। इतने में रोहित ने देखा कि कैमरामैन उनकी बातचीत को रिकॉर्ड कर रहा है। रोहित ने उनसे हाथ जोड़कर अपील की कि वह ऑडियो रिकॉर्ड न करें। वीडियो वायरल होने के बाद रोहित ने इसे लेकर स्टार स्पोर्ट्स पर गुस्सा उतारा। रोहित शर्मा ने रविवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, क्रिकेटरों की जिंदगी इतनी दखलंदाजी वाली हो गई है कि कैमरे अब हमारे हर कदम और बातचीत को रिकॉर्ड कर रहे हैं, जो हम अपने दोस्तों और सहकर्मियों के साथ प्रशिक्षण के दौरान या मैच के दिनों में एकांत में



कर रहे हैं। हिटमैन ने आगे लिखा, जबकि, स्टार स्पोर्ट्स से भी कहा था कि बातचीत को रिकॉर्ड ना करें, उसके बावजूद उन्होंने किया और ऑन एयर भी कर दिया, जो गोपनीयता का उल्लंघन है। एक्सक्लूसिव कंटेंट पाने और सिर्फ व्यूज पाने के अलावा इंगेजमेंट पर फोकस करना एक दिन फैन्स, क्रिकेटर्स और क्रिकेट के बीच विश्वास खो देगा। रोहित शर्मा को जवाब देते हुए कहा, रोहित शर्मा की बातचीत की क्लिप 16 मई, वानखेड़े स्टेडियम की है। उस वीडियो में रोहित शर्मा अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे थे।

हमने उस क्लिप का कोई ऑडियो और कोई बातचीत ना तो रिकॉर्ड की और ना ही उसे प्रसारित किया। उस वीडियो का इस्तेमाल सिर्फ प्री-शो के लिए हुआ था, लेकिन, उसमें कोई ऑडियो रिकॉर्ड नहीं था। इसके अलावा चैनल ने कहा कि वह खिलाड़ियों की गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित शर्मा ने ट्रेनिंग ग्राउंड पर स्टार स्पोर्ट्स के कैमरामैन से कहा, भाई यार ऑडियो बंद कर भाई, एक ऑडियो ने मेरी वाट लगा दी है, जिसे बाद में ऑन एयर भी दिखाया। रोहित की निजी बातचीत रिकॉर्ड होने की यह एकमात्र घटना नहीं है, क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले हिटमैन और केकेआर के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच की बातचीत को पोस्ट करके एक बड़ा विवाद पैदा कर दिया था। हालांकि, अब इस वीडियो को केकेआर फ्रेंचाइजी ने हटा दिया है।

## क्या विराट कोहली दोहरा पाएंगे साल 2016 वाला कारनामा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का ये 17वां सीजन चल रहा है। लेकिन साल 2016 का इंडियन प्रीमियर लीग अभी भी लोगों को अक्सर याद आ जाता है। ये वही साल था, जब आईपीएल के सीजन में किसी बल्लेबाज ने करीब एक? हजार रन जड़ दिए थे। इससे पहले और इसके बाद से लेकर अब तक कभी ऐसा नहीं हो पाया। लेकिन अब विराट कोहली खुद ही अपना कीर्तिमान तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। क्या कोहली साल 2016 वाला कारनामा एक बार फिर से दोहरा पाएंगे, ये बड़ा सवाल बन गया है।



### कोहली अब तक बना चुके हैं 708 रन

आरसीबी के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज विराट कोहली इस साल आईपीएल में अब तक 14 मुकाबले खेलकर 708 रन बना चुके है। वे अकेले बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 700 का आंकड़ा पार किया है। उनके अलावा कोई और बल्लेबाज 600 रन भी नहीं बना पाया है। यानी अगर कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो ये करीब करीब तय सा लग रहा है कि इस बार ऑरेंज कैप उन्हीं के नाम होगी। लेकिन इस कैप को जीतने से ज्यादा कोहली ये चाह रहे होंगे कि उनकी टीम फाइनल में पहुंचे और पहली बार खिताब भी अपने नाम करे।

साल 2016 के आईपीएल में विराट कोहली

इस बीच अगर साल 2016 की बात की जाए तो उस साल कोहली ने बल्ले ने धमाल मचाया था। उन्होंने उ साल 16 मैच खेलकर 973 रन बनाए थे, जो आज भी आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड है। लेकिन क्या कोहली फिर से 900 का आंकड़ा पार कर पाएंगे। इतना ही नहीं, क्या कोहली साल 2016 का अपना ही कीर्तिमान तोड़ पाएंगे।

कोहली को मिल सकते हैं तीन और मुकाबले

आरसीबी को अभी अधिक से अधिक तीन मैच और मिल सकते हैं। पहले तो उनकी टीम एलिमिनेटर खेलेगी, जिसमें उनका सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। अगर टीम ये मैच जीत जाती है तो उन्हें क्वालिफायर 2 खेलने का मौका मिलेगा। ये मैच जीतने ही टीम सीधे फाइनल में चली जाएगी।

यानी कोहली के पास मौका तो है, लेकिन अगर टीम एलिमिनेटर से ही बाहर हो गई तो फिर वे इस रिकॉर्ड तो नहीं तोड़ पाएंगे, ये भी तय है। उन्हें यहां से अभी 266 रनों की जरूरत है। जो कोहली जैसे बल्लेबाज के लिए तीन मैच में बनाना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन इसके लिए कोहली को बड़ी पारी खेलनी होगी। इतना ही नहीं, उनसे शतक की भी दरकार होगी। लेकिन केवल एक बल्लेबाज से कुछ नहीं होगा। क्या बाकी टीम भी उनका साथ देगी, ये देखना दिलचस्प होगा। इस बीच ये रिकॉर्ड उनके निशाने पर तो आ ही गया है, देखना होगा कि बाकी बचे मैचों में वे कैसा प्रदर्शन करते हैं।



## मसल टीयर इंजरी होने के बावजूद आईपीएल खेल रहे थे धोनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग में इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान और स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर खेलते हुए दिखाई दिए. 42 साल के हो चुके धोनी को लेकर कयास थे कि वह बीच टूर्नामेंट में या फिर इस सीजन सीएसके का अभियान खत्म होने के बाद इस लीग से अपने संन्यास का ऐलान कर सकते हैं. लेकिन धोनी ने अभी तक ऐसा नहीं किया है.

हालांकि धोनी के फैन्स के लिए खबर कुछ चिंताजनक है. धोनी इस सीजन मसल टीयर से जूझ रहे हैं और वह इसी चोट के साथ पूरा सीजन आईपीएल में खेले. इस सीजन धोनी लगातार निचले क्रम पर बैटिंग के लिए आ रहे थे या फिर वह अंतिम 2 ओवरों में ही बैटिंग पर उतरना पसंद कर रहे थे. इसके पीछे वजह यह थी कि धोनी इस मसल टीयर के चलते ज्यादा दौड़ नहीं पा रहे थे.

ऐसे में उन्हें निचले क्रम में खेलने के चलते कई बार आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा. एक मैच में तो वह नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे. रिपोर्ट के मुताबिक, अपने सूत्रों के आधार पर पर बताया है कि धोनी इस मसल्स टीयर के लिए लंदन इलाज करवाने जाएंगे. इस रिपोर्ट के मुताबिक, धोनी इस चोट के इलाज के बाद आईपीएल में अपने भविष्य पर फैसला करेंगे. ऐसे में उन्हें यह फैसला लेने में 5 से 6 महीने का समय लग सकता है.

**मैं बहुत खुश होऊंगा**

## हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम का कोच बनने की इच्छा जताई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भविष्य में टीम इंडिया के लिए कोचिंग की भूमिका निभाने की संभावना का संकेत देते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिले तो वह उस खेल को कुछ वापस देना चाहेंगे जिसने उन्हें इतना शानदार करियर दिया है। उन्होंने कहा कि मेन इन ब्लू को कोचिंग देना टीम प्रबंधन के बारे में है। हरभजन का यह बयान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने के एक सप्ताह बाद आया है जिसका कार्यकाल इस साल 1 जुलाई से शुरू होगा और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगा जिस साल अगला 50 ओवर का क्रिकेट विश्व कप होगा। भारतीय टीम की कोचिंग के बारे में बात करते हुए हरभजन ने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं आवेदन करूंगा या नहीं।

भारत को कोचिंग देना मैन मैनेजमेंट के बारे में है, खिलाड़ियों को गाड़ी चलाना और खींचना सिखाने के बारे में नहीं। वे इसे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। आप उन्हें कुछ मार्गदर्शन दे सकते हैं। क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अगर मुझे इसे वापस देने का मौका मिलता है, तो मैं बहुत खुश होऊंगा।

पिछले साल नवंबर में भारत के फाइनल में पहुंचने के बाद घर पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीत पाने के बाद वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को जून तक का विस्तार दिया गया था, जो कि वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन भी है। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई शाम 6 बजे तक होगी। बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया, बीसीसीआई ने सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन खोले हैं। इस पद के लिए आवेदन 27 मई, 2024 को शाम 6 बजे तक जमा किए जाने चाहिए। चयन प्रक्रिया में आवेदनों की गहन समीक्षा, उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा।

बीसीसीआई ने संभावित मुख्य कोच के लिए योग्यताएं इस प्रकार रखी हैं- कम से कम 30 टेस्ट मैच या 50 वनडे खेले हों या कम से कम 2 साल के लिए पूर्ण सदस्य टेस्ट खेलने वाले देश का मुख्य कोच हो, या कम से कम 3 साल के लिए एसोसिएट सदस्य/इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम या समकक्ष अंतरराष्ट्रीय लीग/प्रथम श्रेणी की टीमों/राष्ट्रीय ए टीमों का मुख्य कोच हो, या बीसीसीआई लेवल 3 प्रमाणन या समकक्ष हो और 60 वर्ष से कम आयु का हो।

भारत को इस साल टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान यूएसए के साथ रखा गया है।

भारत अपना टी20 विश्व कप अभियान 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा। इसके बाद 9 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ मुख्य मुकाबला होगा। भारत इसके बाद 12 और 15 जून को क्रमशः यूएसए और कनाडा से खेलेगा।

### भारतीय टीम:

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और अवेश खान।



**टी-20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका**

# चोट का शिकार हुए अंग्रेज कप्तान जोस बटलर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान आईपीएल प्लेऑफ से पहले अपने देश लौट चुके हैं. दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज खेली जाएगी. लेकिन इस सीरीज से पहले इंग्लैंड को बड़ा झटका लगा है. इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर चोट का शिकार हो गए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में जोस बटलर को बाहर बैठना पड़ सकता है. लेकिन सवाल है कि क्या टी20 वर्ल्ड कप तक जोस बटलर फिट हो पाएंगे? अगर जोस बटलर जोस टी20 वर्ल्ड कप के लिए उपलब्ध नहीं हुए तो इंग्लैंड टीम के लिए बड़ा झटका होगा.

**पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज में जोस बटलर के खेलने पर संस्पेश...**

इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 22 मई को खेला जाएगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जोस बटलर पहले मैच में खेल नहीं पाएंगे. साथ ही इस बात के आसार बेहद कम हैं कि जोस बटलर इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज में खेल पाएंगे. हालांकि, अब तक जोस बटलर के चोट पर अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.

बताते चलें कि पिछले दिनों आईपीएल के बीच जोस बटलर टी20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के मद्देनजर अपने देश लौट गए. संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर का प्लेऑफ से पहले इंग्लैंड लौटना बड़ा झटका माना जा रहा है. वहीं, अब इस दिग्गज बल्लेबाज के चोटिल होने की खबर सामने आ रही है.

**इंग्लैंड-पाकिस्तान टी20 सीरीज का शेड्यूल क्या है?**

बताते चलें कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच 4 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी. इस सीरीज का पहला टी20 22 मई को हेडिंग्ले में खेला जाएगा. इसके बाद दोनों टीमें 25 मई को एजबेस्टन में आमने-सामने होंगी. जबकि इस सीरीज का तीसरा टी20 28 मई को कार्डिफ में खेला जाना है. वहीं, इंग्लैंड-पाकिस्तान सीरीज का आखिरी टी20 30 मई को लंदन में खेला जाएगा. इसके बाद इंग्लैंड टीम टी20 वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका रवाना होगी. लेकिन इससे पहले जोस बटलर की चोट इंग्लैंड की परेशानियों में इजाफा करने वाला है.

## एक नजर

### आग लगने से रसोई घर में रखा अनाज सहित सारा सामान जलकर हुआ राख

**औरंगाबाद (का.सं.)।** शहर के बाबूगंज काली स्थान निवासी तपेश्वर प्रजापति की खपरैल व फुस नुमा रसोई घर में शॉट सर्किट से आग लगने से अनाज सहित सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित तपेश्वर प्रजापति ने बताया कि शॉट सर्किट से रसोई घर में आग लग गई, तुरंत दमकल को सूचना किया गया। सूचना मिलते ही अग्नि शमन घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।देखते देखते सारा सामान जल चुका था। जिसमे घर में रखें चावल, दाल, गेहूं , बर्तन सहित अन्य सामान जल गए। इसमें समाजसेवी सरोज प्रजापति, अग्नि चालक सूरज कुमार, अग्निक रंगीता कुमारी, अग्नि चालक साहिल आलम, गृह चालक रामाशीश सिंह उपस्थित थे।

### सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवीनगर(औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(एनएसटीपीएस) परिसर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्रों ने सीबीएसई की 10वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल की प्राचार्या सारिका कुट्टे ने बताया कि विद्यालय की छात्रा काम्या सिंह ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं 89.6 प्रतिशत अंक के साथ आन्या कटियार दूसरे स्थान पर तथा 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ कृश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। काम्या सिंह ने अंग्रेज़ी में 85, संस्कृत में 98, गणित में 98 तथा विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किया है। वहीं आन्या कटियार ने हिंदी में 96 तथा कृश कुमार ने सामाजिक विज्ञान में 97 अंक प्राप्त किए है। स्टूडेट्स की सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा विद्यालय प्रबंधन एवं एनटीपीसी प्रबंधन को निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### तीन महीने बाद मिला अखिल भारतीय यादव महासंघ के महिला विंग को प्रदेश अध्यक्ष

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** अखिल भारतीय यादव महासंघ की महिला विंग के बिहार प्रदेश अध्यक्ष पद पिछले दो महीने से खाली चल रहा थी। कई जिलों से नाम ली जा रही थी लेकिन औरंगाबाद पूनम यादव का नाम से महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष चयनित किया गया। पूनम यादव महिलाओं के प्रति संघर्षील और समाजसेवी भी मानी जाती है और विचारधारा सशक्तिकरण के लिए महिलाओं का आवाज बुलंद करने के लिए बिहार में जाने जाती है। अखिल भारतीय यादव महासंघ को मजबूत करने के लिए संघर्ष करने वाली महिला की जरूरत थी। जो महिला तीन महीना बाद पूनम यादव के रुप में मिला।

### अखिल कंटेनर से कुचलकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मदनपुर पानी टंकी के समीप एनएच 19 पर मंगलवार को कंटेनर से कुचलकर एक बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया है। उसकी पहचान खिरियावां निवासी विश्वनाथ प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। उसका प्राथमिक उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार वह बाइक से औरंगाबाद से घर आ रहा था। इसी क्रम में वह कंटेनर की चपेट में आ गया। उसकी बाइक कंटेनर के अंदर घुस गई थी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वहां लोगों की अच्छी खासी इकट्ठी हो गई। लोगों से कंटेनर के अंदर से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### निकाली गयी साईकिल रैली

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** मतदान प्रतिशत बढाने के लिए हसपुरा में मंगलवार को साईकिल रैली निकाली गई। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष नरोत्तम एवं अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं खुद भी शामिल हुए। रैली ब्लॉक परिसर से शुरू होकर पटेल चौक, हसपुरा बाजार का भ्रमण करते हुए नरसन रोड मोड़ से वापस पुनः ब्लॉक परिसर में समाप्त हुई। रैली में शामिल स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न नारे के साथ वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। रैली में प्लस टू उच्च विद्यालय हसपुरा, महुली के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि हर हाल में अपना कीमती मत व्यर्थ न जाने दें। मतदान के दिन सबसे पहले मतदान कर लें।

# काराकाट के व्यय प्रेक्षक ने औरंगाबाद में की व्यय लेखा कोषांग की बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** काराकाट संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के सफल आयोजन एवं संचालन को लेकर भारत निर्वाचन आयोग एवं बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में निर्वाचन आयोग द्वारा मनोनीत व्यय प्रेक्षक विकास जोशी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं राज्य कर संयुक्त आयुक्त रवि रंजन आलोक ने निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्यान्वित किए गए कार्यों की जानकारी दी। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन में किए जाने वाले व्यय से संबंधित दिशा निर्देश एवं जानकारी दी।बैठक में व्यय प्रेक्षक ने बिंदूवार व्यय से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के बारे में बताया। व्यय प्रेक्षक के द्वारा लेखा दल द्वारा शैडो रजिस्टर में की गई प्रविष्टि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा विस्तृत दिशा निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी बताया गया कि किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा जो सभा रैली या कोई भी गतिविधियां आयोजित की जाती है, उसमें वीएसटी के द्वारा जो सभा, रैली एवं अन्य गतिविधियां की तैयारी की जाती है, उसका वीवीटी के द्वारा अवलोकन किया जाता है। इसके अवलोकन के बाद लेखा दल को अग्रसारित करने के उपरांत लेखा दल इसकी सम्यक जांच करते हुए एवं अधिसूचित दर तालिका के आधार पर लेखांकन करते हुए इसकी प्रविष्टि अवश्य रूप से छाया पंजी में करना सुनिश्चित करेंगे। इसी क्रम में बताया गया कि लेखा जांच का कार्य सासाराम समाहरणालय में 21, 26 एवं 30 मई को निर्धारित है। इस लेखा जांच में सहायक व्यय प्रेक्षक को भाग लेने हेतु निर्देशित किया गया। व्यय प्रेक्षक के द्वारा सहायक व्यय प्रेक्षक के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया गया तथा निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त कंपोडियम के आलोक में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। इसका प्रतिवेदन तैयार कर लेखा दल को अग्रसारित किया जाएगा।व्यय प्रेक्षक के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के कंपोडियम के आलोक में करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित एईओ और अकाउंटिंग टीम को भी नियमावली से अवगत कराते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा आवंटित कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में राज्यकर सहायक आयुक्त गुंजन कुमार, संतोष कुमार, राज्य कर आयुक्त अनामिका कुमारी, राज्य कर सहायक आयुक्त, पीकेश कुमार, डॉ. निरंजय कुमार, गांधी, चंदन कुमार, तबरेज कुमार एवं सभी लेखा दल के सदस्य उपस्थित थे। नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक ने बताया कि लेखा दल द्वारा संबंधित विवरण शैडो रजिस्टर में प्रविष्टि की प्रक्रिया को व्यय प्रेक्षक के द्वारा जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## बीपीएससी टीआरई-1 व 2 : 10 शिक्षकों की नौकरी पर आफत, विभाग ने थमाया नोटिस, तीन दिनों में मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** पटना उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में बीपीएससी टीआरई-1 और 2 के तहत बहाल औरंगाबाद के 10 शिक्षकों की नौकरी पर आफत आ गई है। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने इन्हे नोटिस थमाते हुए तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है। इस मामलें में औरंगाबाद के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(स्थापना) दयाशंकर सिंह ने सोमवार 20 मई को जारी पत्र में औरंगाबाद जिले के कुल दस शिक्षकों को अयोग्य मानते हुए नौकरी से मुक्त करने का निर्देश दिया है। इन शिक्षकों में गणित, विज्ञान के दो, सामाजिक विज्ञान के तीन, अंग्रेजी के दो, हिंदी और अंग्रेजी के एक-एक शिक्षक शामिल हैं। इन सभी शिक्षकों के सीटेट परीक्षा में नंबर 90 से कम हैं। इन शिक्षकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय(स्थापना शाखा) ने पत्रांक 3695, दिनांक 20-05-2024 के मध्यम से कहा है कि इन सभी शिक्षकों की नियुक्ति बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 27/2023 के आलोक में हुई है, लेकिन इनके द्वारा उप स्थापित शैक्षणिक प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि उनकी योग्यता विद्यालय अध्यापक के लिए समुचित नहीं है। ऐसी स्थिति में उनकी नियुक्ति रद्द होगी। गौरतलब है कि पटना हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि बिहार के बाहर के अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में 5 प्रतिशत का छूट देय नहीं होगा। इस आदेश के आलोक में बिहार के बाहर के शिक्षकों की शिक्षक पात्रता परीक्षा में प्राप्तांक 60 प्रतिशत से कम रहने पर उनकी उम्मीदवार निरस्त करने के योग्य है। इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी(स्थापना शाखा) के कार्यालय की ओर से जिन 10 शिक्षकों को स्पष्टीकरण का पत्र निर्गत किया गया है, उनके प्राप्तांक सीटीईटी परीक्षा में 90 से कम है। इसी स्थिति में उन्हें तीन दिनों के अंदर स्पष्ट करना है कि क्यों नही उन अभ्यर्थियों को निरस्त करते हुए उनकी नियुक्ति को रद्द किया जाए। वही जानकार सूत्रों के मुताबिक औरंगाबाद में बिहार से बाहर के सैकड़ों ऐसे शिक्षक हैं, जिनके सीटीईटी में प्राप्त अंक 90 से कम आए हैं। इसी वजह से इन सबकी नौकरी खतरे में है।

## खड़ी ट्रैक्टर से टकराई बाइक, व्यवसाई घायल

**ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** ओबरा थाना मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह व्यवसाई श्याम प्रसाद शौंडिक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार वे बाइक से देवी मंदिर के समीप के एक दुकान से पेंट लेकर वापस घर जा रहे थे। इसी क्रम में थाना मोड़ के समीप उनकी बाइक असंतुलित होकर एक खडी ट्रैक्टर से टकरा गई, जिसमें वे गिरकर घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। यहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ और फिर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति गिरफ्तार

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र के सुखाड़ी बिगहा गांव में ससुरालियों द्वारा दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान नाजरीन खातून(24) के रूप में की गई है। घटना सोमवार को देर रात की है। मंगलवार की सुबह मामले की जानकारी मिलते ही सदल बल मौके पर पहुंचें हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम कुमार मृतका के शव को कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले को लेकर मृतका के मायकेवालों ने हसपुरा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के लिए मृतका के पिता अरवल जिले के मेहंदिया थाना के वलिदाद निवासी असलम अंसारी ने हसपुरा थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने दहेज अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में मृतका के पति नौशाद अंसारी, ससुर आलम अंसारी, सास सोएब खातून व ननद सोनी खातून को आरोपी बनाया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए मृतका के पति नौशाद को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के मायकेवालों के मुताबिक नाजरीन की शादी वर्ष 2019 में हुई थी। उसकी दो बेटी एवं एक बेटा है। शादी के बाद से हीं ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए नाजरीन के साथ हमेशा मारपीट की जाती थी। कई बार ग्रामीण स्तर पर पंचायती भी हुई। पैसा नहीं मिला तो ससुराल वालों ने मिलकर हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर मायके वाले जब मंगलवार को सुखाड़ी बिगहा पहुंचे तो घर के आंगन में नाजरीन का शव पड़ा हुआ था।

## ट्रेन की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक हुआ घायल, रेफर



**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज स्टेशन के समीप मई गुमटी के पास नोनिया टिलहा निवासी मो0 शहाबुद्दीन के 30 वर्षीय पुत्र छोटू अंसारी ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को एंबुलेंस एवं आरपीएफ योगेंद्र राम के द्वारा आनन फानन में रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। डॉक्टर संतोष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से एक पैर कट चुका है और शरीर पर भी गहरी चोट आई है। रक्त भी काफी तेजी से बह रही थी, जिसे उपचार कर गया रेफर कर दिया गया। घायल का भाई मोहम्मद जावेद ,बहन गुड़िया खातून ने बताया कि सुबह में घर से नहाकर निकले थे, हम लोगों ने पूछा कि कहा जा रहे हैं, लेकिन नहीं बताएं कुछ घंटे बाद पता चला कि हो हॉस्पिटल में भर्ती है।

## शत-प्रतिशत मतदान के प्रति वोटरों को जागरूक करने के लिए बारूण में निकली मतदाता जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता




**बारूण (औरंगाबाद)।** काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक जून को होनेवाले मतदान सभी वर्गों की शत-प्रतिशत सहभागिता को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को नबीनगर, ओबरा एवं गोह विधानसभा क्षेत्र के बारूण, दाउदनगर एवं हसपुरा प्रखंड मुख्यालय में स्वीप कोषांग के तत्वावधान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस क्रम में बारुण प्रखंड मुख्यालय में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को औरंगाबाद के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जवाहर नवोदय विद्यालय, बारुण से आरंभ होकर नगर पंचायत भवन तक गई। रैली को रवाना करने के पूर्व जिलाधिकारी ने प्रजातंत्र में मतदान एवं प्रत्येक वोट के महत्व को बताया। उपस्थित लोगो से अनुरोध किया कि आप अपने-अपने क्षेत्र में परिवार एवं समाज के बीच चर्चा करते हुए सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

जागरूकता रैली में औरंगाबाद के अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, औरंगाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्वेतांक लाल, स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना एवं सर्व शिक्षा अभियान, आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रचना कुमारी, बारूण के प्रखंड प्रमुख धनिक लाल मंडल, बारूण नगर पंचायत की मुख्य पार्षद इंदु देवी, बारूण के प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्ना लाल, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आरके सिंह एवं बारूण उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक शामिल रहे। इसके अलावा विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा भी स्वीप कोषांग के तत्वावधान में शत-प्रतिशत मतदान एवं प्रतिभागिता हेतु विभिन्न गतिविधियों तथा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने बताया कि जागरूकता रैली में छात्र-छात्राओं के द्वारा पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ो अपने सारे काम चलो करें पहले मतदान नारो को कहा जा रहा था। इसके अतिरिक्त अभिभावकों एवं मतदाताओं को वोट देने के लिए अपील भी किया जा रहा था। बारुण के प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्ना लाल ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में सभी कोटि के मतदाताओं को मतदान करने के लिए डोर टू डोर कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता रैली में प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय बारुण, राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय बारुण, एवं केशव उच्च माध्यमिक विद्यालय बारुण के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।इसके अलावा हसपुरा एवं दाउदनगर प्रखंड में भी साइकिल रैली का आयोजन किया गया, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, हसपुरा के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे।

## मना आतंकवाद विरोधी दिवस



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर में मंगलवार को आंतकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हम भारतवासी अपने देश की अंहिसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डंटकर विरोध करेगें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ललित रंजन भूषण, उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, सिविल सर्जन सहित जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने बरामद किया हथियार व जिंदा कारतूस

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने थाना क्षेत्र के अजान गांव में मंगलवार को छापेमारी कर एक देसी बड़ा बंदूक, 315 बोर का एक देसी पिस्टल तथा सात जिंदा कारतूस बरामद किया है। ये सामग्रियां छोटू शर्मा के घर से बरामद हुई हैं। एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई है। जिला आसूचना इकाई के जरिए पुलिस को क्षेत्र में हथियार रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर नगाईन, गम्हारी, अजान आदि गांव में छापेमारी की गई। इस क्रम में अजान से उक्त सामग्रियां बरामद हुई। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। विदित हो कि चुनाव को लेकर पुलिस के द्वारा विभिन्न जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में 93 रन से पचरूखिया की टीम विजयी



निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज के लटा पंचायत के करमा पाण्डेय गांव के खेल परिसर मे करमा पाण्डेय के नवयुवक क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच पचरूखिया एवं गोह के लोदीपुर गांव के बीच खेला गया। आयोजक सह टीम के अध्यक्ष राजेश कुमार बताया कि 8 मई से टूर्नामेंट प्रारंभ है। 16 जगहों के टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच पचरूखिया एव लोदीपुर के बीच खेला गया। 10-10 ओवर का मैच था। टॉस जितकर पचरूखिया के टीम ने बल्ले बाजी किया और 140 रन बनाया। लोदीपुर के टीम ने 47 रन मे ही सिमट गये। 93 रन से पचरूखिया के टीम विजयी हुए। मैच आफ द मैच मेराज एवं सिरीज आदित्या को दिया गया। एम्पायर पपू कुमार एवं नीतीश कुमार है। विजेता एवं उप विजेता टीम के खिलाडियों को राजद महासचिव संजय सिंह यादव, पंचायत समिति विरेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि रामकेश प्रसाद, टीम के अध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष पपू प्रताप, सचिव पुरूषोत्तम कुमार, उप सचिव नीतीश कुमार, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार, गाइड प्रशांत कोहली ने वितरण कर प्रोत्साहन किया।

## बाल भारती पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिक ग्रीष्म शिविर



**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन(एनएसटीपीएस) परिसर स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल द्वारा वार्षिक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वर्ग-1 से 10 तक के स्टूडेंट्स ने उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान हस्तकला, चित्रकारी, नृत्य, संगीत, खेल तथा नाट्य प्रस्तुति जैसी कई गतिविधियां संचालित की गई, जिसमें स्टूडेंट्स ने भाग लेकर अपने कौशल एवं सृजनात्मकता को निखारा। शिविर के समापन के मौके पर स्ट्रडेंट्स ने अर्जित कला एवं कौशल की शानदार प्रस्तुति दी, जिसकी अभिभावकों ने सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या सारिका कुट्टे ने शिविर के सफल आयोजन पर स्टूडेंट्स को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

## अगलगी की घटना में चार घर जलकर राख

निज संवाददाता



**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड के खुदवां थाना क्षेत्र के चंदा गांव में मंगलवार की सुबह अगलगी की घटना घटी, जिसमें चार घर जलकर राख हो गए। जिन लोगों के घर जले उनमें रामानुज विश्वकर्मा, हीरदा चंद्रवंशी, मनोज यादव तथा श्री भगवान यादव के नाम शामिल है। इनके घरों का सारा सामान जलकर राख हो गया। बगल के खलिहान में रखा कई किसानों का पशु चारा भी जलकर नष्ट हो गया। आग से झुलसकर दो बकरियां व चार मुर्गियां भी मर गई। आगे कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हुआ पर पहले खलिहान से लपट उठी और देखते ही देखते घरों को अपने आगोश में समेट लिया। लपट इतनी तेज थी कि ग्रामीणों के प्रयास के बावजूद उसपर काबू नहीं पाया जा सका। डीजल पंप की सहायता से लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया पर नाकाम रहे। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी। मौके पर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार समेत फायर ब्रिगेड की एक बड़ी और एक छोटी गाड़ी पहुंची और टीम के सदस्यों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में चार घरों का अनाज, बर्तन व अन्य सामग्रियां जल गई। इसमें उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है। खलिहान में जिन लोगों का पशु चारा जला उनमें बुधन यादव, उपेंद्र भगत, विष्णुपद तिवारी, बुधन पासवान तथा श्री भगवान यादव के नाम शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर चंदा पंचायत के मुखिया चंदन पासवान पीड़ित परिजनों से मिले और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। पीड़ित परिवारों के द्वारा सीओ व थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया गया है। सीओ हरिहरनाथ पाठक ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को क्षति का आकलन करने का निर्देश दिया गया है। राजकीय प्रावधानों के अनुरूप मुआवजे की राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## चक्रवात को लेकर मौसम में बदलाव की है संभावना



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** चक्रवात को लेकर मौसम में बदलाव की संभावना है। अगले तीन-चार दिनों तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है और मेघ गर्जन के साथ बूंदाबांदी बारिश हो सकती है। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना है। इस आशय की जानकारी मौसम विज्ञान केंद्र पटना के हवाले से केवीके औरंगाबाद के पूर्व मौसम वैज्ञानिक डॉ अनूप चौबे ने दी है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति 24 मई तक बने रहने की संभावना है। वज्रपात व मेघ गर्जन का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम के इस बदलाव से वातावरण के उच्चतम और न्यूनतम तापमान में कमी आएगी, जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। मंगलवार को जिले के विभिन्न भागों में इसका असर देखा गया। सुबह आसमान में बादल छा गए और तेज हवा चली और कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। हालांकि थोड़ी देर के बाद तेज धूप भी निकल गई। बिहार मौसम सेवा केंद्र के आंकड़ों के अनुसार वातावरण का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया गया है कि बुधवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसी तरह गुरुवार को अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस, शुक्रवार को अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस तथा शनिवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

## जिले के 238 केंद्रों पर शुरू हुई 12वीं की मासिक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से जुड़े जिले के 238 इंटर स्तरीय शिक्षण संस्थानों में मंगलवार से 12वीं की मासिक परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा को लेकर संस्थानों में छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पहले दिन पहली पाली में विज्ञान संकाय के छात्रों की की भौतिकी विषय की, वाणिज्य संकाय की एंटरप्रेन्योरशिप तथा कला संकाय के छात्रों की दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में दूसरी पाली में विज्ञान संकाय की रसायन शास्त्र, वाणिज्य संकाय की अकाउंटेंसी तथा कला संकाय की राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा हुई। यह परीक्षा गृह केंद्र पर की जा रही है। इसके लिए बिहार विद्यालय समिति परीक्षा समिति के द्वारा प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराया गया है। परीक्षा 3 जून तक चलेगी। परीक्षा कार्यक्रम का निर्धारण भी बोर्ड के द्वारा किया गया है। संस्थाओं के प्रबंधन के द्वारा परीक्षा का संचालन कराया जा रहा है। शिक्षकों के द्वारा परीक्षा के जरिए छात्रों को सीख लेने की बात कही जा रही है। अंबा के महिला कॉलेज के इतिहास विभाग की व्याख्याता प्रो सविता सिंह ने कहा कि मासिक परीक्षा से छात्रों को अनुभव व अपनी तैयारी के आकलन का मौका मिलता है। परीक्षा को उन्होंने गंभीरता से लेने की बात कही। प्राचार्य प्रो दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा में सभी छात्राओं पर शामिल होना अनिवार्य है। इसका रिजल्ट बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भेजा जाना है। उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की तैयारी भी की जा रही है ताकि सही समय पर बोर्ड को रिजल्ट उपलब्ध कराया जा सके। बुधवार को पहली पाली में गणित तथा दूसरी पाली में जीव विज्ञान, बिजनेस स्टडी तथा भूगोल विषय की परीक्षा होगी। 27 मई को पहली पाली में अंग्रेजी तथा दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा होगी। 28 मई को पहली पाली में भाषा तथा दूसरी पाली में मनोविज्ञान विषय की परीक्षा होगी। 29 मई को पहली पाली में कृषि विज्ञान, अर्थशास्त्र तथा दूसरी पाली में समाजशास्त्र विषय की परीक्षा होगी। 30 मई को पहली पाली में इतिहास तथा दूसरी पाली में संगीत की परीक्षा होगी। 3 जून को पहली पाली में गृह विज्ञान विषय की परीक्षा होगी।